जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-278 ▶ मुंबई, मंगलवार, 6 मई 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



टेस्ट सीरीज में बुमराह नहीं होंगे उपकप्तान
पेज 11

# दिल्ली में बढ़ी हलचल, बेचैन पाकिस्तान




## रूस देगा भारत का साथ

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन वार्षिक उच्च स्तरीय बैठक के लिए भारत आएंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी न्यूज एजेंसी तास ने यह जानकारी दी है। इससे पहले सोमवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत भी हुई है। बातचीत में पीएम मोदी ने पुतिन को भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार पुतिन ने मोदी से कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं भी दीं।



▶▶ पहलगाम हमले की निंदा
▶▶ मोदी से फोन पर की बात
▶▶ भारत आने की दी मंजूरी

### गुनहगारों को सजा मिले, हम साथ हैं : पुतिन

रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही है। इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। पहलगाम हमले के बाद पुतिन की मोदी से यी दूसरी बात है।

### गृह मंत्रालय का निर्देश

## सभी राज्य मॉक ड्रिल करें, सायरन लगाएं


**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद काफी तनाव है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई एक्शन लिए हैं। भारत के कड़े एक्शन से पाकिस्तान बिलबिला उठा है। इस बीच गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के एक अहम निर्देश दिया है। समाचार एजेंसी ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि गृह मंत्रालय ने कई राज्यों से 7 मई को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने को कहा है।

### गृह मंत्रालय का निर्देश

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 7 मई को देश के सभी राज्यों को एयर रेड सायरन संबंधित मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। राज्यों को हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए। सिविल डिफेंस, छात्रों और नागरिकों को एयर रेड सायरन की स्थिति में बचाव संबंधित ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह के हवाई हमले की स्थित में ये सायरन बजने लगते हैं ताकि लोग आस पास किसी सुरक्षित जगहों पर छुप सकें। गृह मंत्रालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिए हैं, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है।

### मॉक ड्रिल में ये कदम उठाए जाएंगे

- हवाई हमले (एयर रेड) चेतावनी सायरन को सक्रिय किया जाएगा।
- आम नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षित किया जाएगा कि अगर किसी तरह का हमला हो जाए, तो वे खुद को कैसे सुरक्षित रखें।
- ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। यानी जरूरत पड़ने पर बिजली बंद कर दी जाए ताकि दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखाई दे।




## एडीबी अध्यक्ष से मिलीं निर्मला सीतारमण

**मिलान।** इटली के मिलान में सोमवार को भारत की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात कर पाकिस्तान को आर्थिक मदद बंद करने की मांग की। वित्त मंत्री ने मासातो के अलावा इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेट्टी से मुलाकात कर अपनी मांग को दोहराया। भारत ने स्पष्ट किया कि आतंक का संरक्षण और बढ़ावा देने वालों को आर्थिक फंड नहीं दिया जाना चाहिए। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। ऐसे में दुनिया के कई बैंकों, जैसे एडीबी और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से अरबों डॉलर की मदद की जाती है। यह मदद डेवलपमेंट, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, सड़कें बनाने, बिजली जैसे क्षेत्रों के लिए दी जाती है।



▶▶ पाक को आर्थिक मदद बंद करने की मांग

'मिशन 54' : भारतीय सेना तैयार

## पहलगाम हमलावरों के ठिकाने उजागर

**श्रीनगर।** पहलगाम में हमला करने वालों के ठिकानों का पता चल गया है। जांच और आतंकियों की तलाश अब 54 रास्तों पर टिकी है। बैसरन घाटी से 54 रास्ते अलग-अलग दिशाओं में जाते हैं। कुछ रास्ते ऊपर की तरफ घने जंगलों और पहाड़ों की तरफ जाते हैं तो कुछ रास्ते नीचे तराई में है। जंगल के इन रास्तों में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस का जबरदस्त ऑपरेशन चल रहा है। कई ओवर ग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बल सर्च ऑपरेशन के लिए इन्हें लेकर जंगलों में जा रहे हैं। कई जगह हाइड आउट भी मिले हैं, लेकिन उनमें लंबे समय से कोई रहा नहीं है। आतंकी अभी जंगल में ही हाइड आउट में छिपे हैं। अब तक जांच और बयानों से पता चला है कि फायरिंग में केवल तीन आतंकी शामिल थे। बाकी कुछ आतंकी पीछे बैक अप में थे।


- बैसरन घाटी में सेना का ऑपरेशन

## चाणक्य नीति पर चल रहा भारत

**पाकिस्तान** के साथ बढ़े तनाव के बीच भारत फिलहाल चाणक्य नीति पर चल रहा है। भारत एक मुफीद मौके की तलाश में है। भारत अपनी सैन्य ताकत के साथ-साथ मित्र देशों को भी बारीकी से परख रहा है। सेना के सभी अंगों को खुली छूट देने के बाद से जहां पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भारत के सैन्य जवाब की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, वहीं भारत अपने कूटनीतिक और राजनीतिक दांवपेचों से पाकिस्तान को लगातार खौफजदा किए हुए है। 'डर जरूरी है' की तर्ज पर भारत नित नए फैसलों से पाकिस्तान के नीति नियंताओं, दुश्मन देश की फौज समेत प्रत्येक पाकिस्तानी के दिलों में खौफ कायम किए हुए है। लगातार उच्च स्तरीय बैठकों और सेनाध्यक्षों के साथ मैराथन बैठकें पाकिस्तान को संसद का विशेष सत्र बुलाने तक मजबूर कर चुका है। जाहिर है पाकिस्तान हाल के दिनों में अजीबोगरीब खौफ में है। भारत के इस खौफ की तस्दीक तो खुद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री तक कई बार कर चुके हैं। वे कई बार कह चुके हैं कि भारत जल्दी कड़ी और कड़ी कार्रवाई करेगा। पाकिस्तान में इस वक्त सिर्फ डर, खौफ और दहशत का माहौल है। चाणक्य की युद्ध नीति कहती है कि जब दुश्मन के मन में लगातार कई सवाल पैदा होने लगे तो समझ लेना चाहिए कि दुश्मन खौफ में है। चाणक्य की युद्ध नीति यह भी कहती है कि युद्ध केवल ताकत से नहीं, बल्कि बुद्धि और चातुर्य के साथ लड़ा जाना चाहिए। युद्ध नीति वो नहीं, जिसका आकलन शत्रु कर ले। युद्ध नीति तो वो है, जिसकी भनक तक नहीं लगे और दुश्मन को सोचने-समझने का वक्त भी न मिले। ऐसे में भारत की ओर से लगातार किए जा रहे कूटनीतिक वार युद्ध से कहीं कमतर नहीं आंके जा सकते। देश को इन कूटनीतिक चालों को बारीकी से समझने और सही समय की प्रतीक्षा करने की जरूरत है। भारत की सरकार एक तरफ जहां लगातार खामोशी की चादर ओढ़े है, वहीं पाकिस्तान के नेता आए दिन युद्ध की गीदड़ भभकियां दे रहे हैं। ऐसे में समझ लेना चाहिए कि दुश्मन बुरी तरह बौखलाया हुआ है। नदियों में पानी रोकना, आयात-निर्यात पर अंकुश लगाना और दूतावासों की नफरी घटाना पाकिस्तान पर बड़े हमले ही तो हैं। रहा सवाल सैन्य कार्रवाई का तो लगातार देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और गृह मंत्री 'करारा जवाब' का अपना संकल्प दोहरा चुके हैं। मतलब साफ है। पाकिस्तान के खिलाफ वो कार्रवाई भी यकीनन होगी, जिस कार्रवाई का प्रत्येक देशवासी को ल गातार इंतजार है।



**गोविंद पुरोहित**
**समूह संपादक**




## नौसेना को मिलेगा 'आईएनएस तमाल'

**नई दिल्ली।** सरकार लगातार अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रही है। इसी कड़ी में अब भारतीय नौसेना को एक और ताकतवर जंगी जहाज मिलने वाला है। जिससे नौसेना की ताकत में और इजाफा होगा। आगामी 28 मई को 'आईएनएस तमाल' नाम का नया तलवार-क्लास फ्रिगेट रूस से भारत को सौंपा जाएगा। यह जहाज रूस के यानतर शिपयार्ड में बना है और 2016 में हुए समझौते का हिस्सा है, जिसमें कुल चार युद्धपोत बनाए जा रहे हैं-दो रूस में और दो भारत में। परियोजना के तहत दो फ्रिगेट्स रूस में और दो भारत में बनाए जा रहे हैं। आईएनएस तमाल को जून 2025 में भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। जो नौसेना के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे समुद्री क्षेत्र में देश की ताकत और बढ़ेगी।



▶▶ रूस से डिलीवरी की तैयारी पूरी
▶▶ नौसेना में जून में शामिल

### सुरक्षा परिषद की बैठक में आतंकवाद की निंदा

**जिनेवा।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक अहम हलचल देखने को मिल सकती है। सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की इस मसले पर बंद दरवाजों के पीछे चर्चा चली। पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर आपात बैठक बुलाने की मांग की थी, जिसके बाद ग्रीस की अध्यक्षता में ये बैठक तय की गई है। इस वक्त पाकिस्तान सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। उसने भारत के साथ जारी तनाव को लेकर बंद दरवाजों के अंदर विचार-विमर्श की अपील की थी।




## पाक का भारत पर साइबर हमला

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के संबंधों में लगातार तनाव बना हुआ है। भारतीय वेबसाइट पर हमले का दावा करते हुए पाकिस्तानी साइबर फोर्स नामक एक हैंडल ने दावा किया कि हैकर्स ने मिलिट्री इंजीनियर सर्विस और मनोहर पार्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस के संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना ली है। समूह ने सार्वजनिक आर्म्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइट भी हैक करने की कोशिश की है। भारतीय साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ किसी भी अतिरिक्त हमले का पता लगाने के लिए साइबर स्पेस की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। ऐसे हमलों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है, जो पाकिस्तान से जुड़े हुए हो सकते हैं और आगे ऐसे हमलों से बचने के लिए भी सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाया जा रहा है।

- कई रक्षा वेबसाइट्स की हैक
- पाक साइबर फोर्स का दावा

पाक की लाल मस्जिद में बोले मौलाना

## पाकिस्तानी नहीं देंगे सेना का साथ

- यह इस्लाम नहीं, दो देशों की जंग है

**इस्लामाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच अब तक कोई लड़ाई शुरू नहीं हुई है। इससे पहले पाकिस्तान में बगावत के सुर उठने लगे हैं। लाल मस्जिद से मौलाना ने ऐलान किया है कि भारत के खिलाफ जंग में लोग पाकिस्तान का साथ नहीं देंगे। मौलाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने शेयर किया है। हक्कानी ने लिखा "लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज गाजी का भाषण सुनिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान की लड़ाई इस्लाम की नहीं, राष्ट्रवाद की लड़ाई है और पाकिस्तान में भारत से भी ज्यादा जुल्म है, आदि। उन सरकारी अधिकारियों को ध्यान से सुनिए, जो इन सज्जनों को संरक्षण देते हैं और धर्मनिरपेक्ष पाकिस्तानियों को खतरा मानते हैं। हिंदुस्तान-पाकिस्तान की जंग में आप में से कितने लोग पाकिस्तान का साथ देंगे..कम ही नजर आ रहे हैं। इसका मतलब है कि काफी समझ पैदा हो चुकी है। आज पाकिस्तान में जो निजाम है, जो जालिमाना निजाम है, वो हिंदुस्तान से ज्यादा बढ़कर है। हिंदुस्तान में इतना जुल्म नहीं है, जितना पाकिस्तान में जुल्म है।



मूडीज की रिपोर्ट

## भारत से पंगा पाक को भारी पड़ेगा

**न्यूयार्क।** भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प किया है। इससे दोनों देशों के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। भारत और पाकिस्तान की टेंशन को ग्लोबल लेवल पर नोटिस किया जाने लगा है। ऐसे में दुनिया की तमाम इकोनॉमिक एजेंसी इस टेंशन पर अपनी रिपोर्ट सामने रख रही है। ऐसी ही एक रिपोर्ट दुनिया की टॉप रेटिंग एजेंसीज में से एक मूडीज की सामने आई है। मूडीज ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी।




### बाधित हो सकती फडिंग!

- मूडीज ने कहा कि तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की एक्सटरनल फंडिंग तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके फॉरेक्स रिजर्व पर दबाव पड़ सकता है, जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके एक्सटरनल लोन पेमेंट की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।

### भारत से ज्यादा पाक को नुकसान

- मूडीज रेटिंग्स ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। मूडीज ने कहा कि भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।

# महाराष्ट्र में 'एक जिला, एक पंजीकरण' योजना शुरू

- अब संपत्ति का रजिस्ट्रेशन होगा आसान
- जल्द ही लागू होगी योजना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एक जिला, एक पंजीकरण योजना योजना लागू कर दी है। जिसके तहत अब नागरिक अपने जिले में किसी भी उप-पंजीकरण ऑफिस में संपत्ति का रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। यह सुविधा राज्य भर के नागरिकों के लिए राहत देने वाली साबित होगी।

अब एक ही जिले के किसी भी कार्यालय में रजिस्ट्रेशन संभव होगा, जिससे समय और कागजी प्रक्रिया की झंझट से मुक्ति मिलेगी। इस बारे में प्रदेश के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दी है। "वन स्टेट, वन रजिस्ट्रेशन" की संकल्पना भी जल्द ही लागू की जाएगी, जिसके तहत नागपुर की संपत्ति का पंजीकरण भी राज्य के किसी भी जिले से कराया जा सकेगा। मौजूदा समय में लोगों को उप-पंजीयक ऑफिस जाना पड़ता है, उस क्षेत्र में स्थित होता है जहां वे संपत्ति खरीदते हैं। इस योजना के लागू होने के बाद लोगों बहुत राहत मिलेगी।






### सीएम देवेंद्र फडणवीस का नेतृत्व बहुआयामी

देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल को सफल और पारदर्शी बताते हुए बावनकुळे ने कहा कि एकनाथ शिंदे, अजित पवार और फडणवीस "भाई की तरह" मिलकर काम कर रहे हैं, और वे स्वयं इसके साक्षी हैं।

### घूसखोर अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा

जमाबंदी कार्यालय के कुछ अधिकारियों पर पंजीकरण के लिए रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। इनकी जांच शुरू हो चुकी है। मंत्री बावनकुळे ने स्पष्ट कहा कि गलत काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जैसे राजनेताओं को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है, वैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी करनी चाहिए। उन्होंने संकेत दिए कि राजस्व विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों पर जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों की जांच और बर्खास्तगी भी शामिल होगी।

### किसानों पर लाठीचार्ज गलत

पुरंदर में एयरपोर्ट के लिए चल रहे भूमि अधिग्रहण मामले में कुछ किसानों ने आक्रामक रुख अपनाया है और लाठीचार्ज में कुछ के घायल होने की घटनाएं सामने आई हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि किसानों पर लाठीचार्ज होना किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक लेकर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# पेंशन अदालत 16 जून को

▶▶ 23 मई तक जमा करें शिकायती आवेदन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबन्धित प्रश्नों के त्वरित निपटारे के लिए 16 जून (सोमवार) को पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ के अनुसार अहमदाबाद मण्डल से जो भी कर्मचारी सेवानिवृत हुए है, उन पेंशनर/फैमिली पेंशनर के पेंशन संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय अहमदाबाद में 16 जून को पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अहमदाबाद मंडल से जो भी कर्मचारी रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं वह पेंशनर/फैमिली पेंशनर अपनी पेंशन संबंधित शिकायतें है वह अपना आवेदन (तीन प्रतियों में) 23 मई तक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (स्थापना), अहमदाबाद मंडल पश्चिम रेलवे, जीसीएस हॉस्पिटल के सामने अमदुपुरा अहमदाबाद को भेज सकते हैं। आवेदन में अपना नाम, पदनाम, अंतिम वेतन, भर्ती तिथि, सेवानिवृत्ति की तिथि पीपीओ प्रति एवं शिकायत का प्रकार अवश्य दर्ज करें।

पश्चिम रेलवे Western Railway

# रायगढ़ में पलटी बस, 35 यात्री घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के कर्नाला में रविवार रात एक निजी बस के पलट जाने से कम से कम 35 यात्री घायल हो गए। राहत की बात यह है कि इस दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई है। यह घटना कर्नाला इलाके में हुई जब बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।



# अगरतला-सानेहवाल के बीच लॉजिस्टिक कार्गो ट्रेन शुरू

▶▶ एनएफआर का उद्देश्य परिवहन को सुविधाजनक बनाना और बढ़ावा देना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने त्रिपुरा के अगरतला और पंजाब के सानेहवाल के बीच एक पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन (पीसीईटी) सेवा का परिचालन शुरू किया है। इस लॉजिस्टिक कार्गो ट्रेन का उद्देश्य पूर्वोत्तर के अगरतला से बड़े बाजारों तक रबर और अनानास आदि जैसी प्रमुख वस्तुओं के परिवहन को सुविधाजनक बनाना और बढ़ावा प्रदान करना है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की व्यापारिक बुनियादी संरचना को मजबूत करना और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक सहयोग करना है। ट्रेन संख्या 00832/00833 से नामित पीसीईटी को महीने में दो बार चलाए जाने की योजना है, जो छह साल की अवधि में कुल 144 फेरे लगाएगी। शुरुआत में, उक्त ट्रेन में 15 पार्सल वैन और एक




ब्रेक वैन शामिल होगा और अनुमानित बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए छह महीने बाद 20 पार्सल वैन तक बढ़ाए जाने की योजना है। यह सेवा माल की कुशलता और समय पर आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे पारगमन समय कम होगा और इस प्रकार क्षेत्र के व्यापारियों एवं किसानों के लिए एक विश्वसनीय लॉजिस्टिक समाधान प्रदान किया जाएगा। पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बिडिंग प्रक्रिया के बाद, इस ट्रेन सेवा के संचालित करने का लीज एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड को दिया गया है। कुल अनुबंध मूल्य लगभग 68.95 करोड़ रुपये है, जो क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निवेश को दर्शाता है। यह क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को देश की सबसे किफायती एवं कुशल माल परिवहन प्रणाली अर्थात रेलवे के साथ इसी तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

यह विकास पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए एनएफआर की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस प्रकार यह राष्ट्र की लंबी दूरी की माल ढुलाई आवश्यकताओं के लिए पार्सल ट्रेन सेवाओं को बढ़ावा देने में भारतीय रेलवे के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# मीरा–भायंदर में 'संडे गार्डन' का शुभारंभ

- मंच पर छा गए जादूगर स्वरांग रणदिवे
- 'संडे गार्डन' का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों–नागरिकों को मंच उपलब्ध कराना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) की उपस्थिति में 'संडे गार्डन' इस अनोखे उपक्रम का शुभारंभ चार मई को शाम 6:00 बजे ज्ञानज्योती सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले उद्यान (आरक्षण क्रमांक 269), कनकिया, मीरा रोड (पूर्व) में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ अवसर पर उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, उद्यान प्रमुख नागेश वीरकर, सहायक आयुक्त प्रभाग 6 जितेंद्र कांबले, अन्य मनपा अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संडे गार्डन उपक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों तथा नागरिकों को उनके कला-गुणों को प्रदर्शित करने हेतु एक प्रस्तुति मंच उपलब्ध कराना है। इस पहले ही सत्र



में शहर के छोटे-बड़े नागरिकों तथा स्थानीय कलाकारों ने नृत्य, गीत, गायन, मिमिक्री, जादू के प्रयोग जैसी विविध कलाओं का प्रदर्शन कर शाम को वास्तव में रंगीन बना दिया। आज की संध्या में कई कलाकारों ने अपनी कला प्रस्तुत की, लेकिन कार्यक्रम को विशेष रंगत दी 14 वर्षीय जादूगर स्वरांग रणदिवे ने। उसने अपने अद्भुत जादुई खेल से उपस्थित सभी नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संडे गार्डन यह उपक्रम प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा, और नागरिकों की भागीदारी से मीरा-भाईंदर की सांस्कृतिक कलाओं को और प्रोत्साहन मिलेगा।

पश्चिम रेलवे मुंबई मंडल

# अधिकारी-कर्मचारियों को दी यूपीएस-एनपीएस की जानकारी

▶▶ डीआरएम कार्यालय में पांच मई को सेमीनार आयोजित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल द्वारा अपने कर्मचारियों के बीच सेवानिवृत्ति योजना के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए पांच मई को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) और नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) पर एक सूचनात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों को दो प्रमुख पेंशन योजनाओं से जुड़े लाभों, प्रक्रियाओं और परिचालन पहलुओं के बारे में शिक्षित करना था।

सेमिनार का मुख्य आकर्षण यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) पर एक



व्यापक प्रस्तुति थी, जो भारत सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई पहल है। निश्चित और गारंटीकृत पेंशन सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई यूपीएस कर्मचारी के अंतिम वेतन और सेवा की अवधि पर आधारित है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा में वृद्धि होती है।

यूपीएस की एक प्रमुख विशेषता इसका केंद्रीयकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जो सभी पेंशन-संबंधी सेवाओं को एक एकल, उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रणाली में एकीकृत करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म कर्मचारियों को उनके सेवा इतिहास को ट्रैक करने, पेंशन की स्थिति की निगरानी करने, शिकायत दर्ज करने और सेवानिवृत्ति के माध्यम से शामिल होने की तारीख से दस्तावेज़ीकरण का प्रबंधन करने की सुविधा देता है। यह सभी विभागों में समय पर निराकरण, अधिक पारदर्शिता और कम देरी भी सुनिश्चित करता है।

सेमिनार का आयोजन वरिष्ठ अधिकारियों और पेंशन विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिन्होंने कर्मचारियों के प्रश्नों का उत्तर दिया और समय से पहले और सूचित सेवानिवृत्ति योजना के महत्व पर जोर दिया गया।

# ठाणे में सड़क पर तेल रिसाव की दो घटनाएं

**ठाणे।** ठाणे के तीन हात नाका इलाके में सोमवार की सुबह करीब 8-10 बजे एलबीएस रोड स्थित टिपटॉप प्लाजा पर घटी, जबकि दूसरी घटना दोपहर करीब 12-40 बजे येवले चाई स्थित तीन पेट्रोल पंप के पास सड़क पर हुई, जब किसी अज्ञात वाहन ने दो अलग-अलग जगहों पर सड़क पर तेल गिरा दिया। किसी भी घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। सोमवार को सुबह करीब 8-10 बजे, टिप-टॉप प्लाजा, लाल बहादुर शास्त्री रोड, तिन हात नाका, ठाणे (पश्चिम) के पास लाल बहादुर शास्त्री रोड पर तेल फैल गया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** 0720252026 **दिनांक :** 28.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएँ प्रपत्र पर दिनांक **23.05.2025** को **13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है :-

**क्र.सं.: 01** **निविदा नं.:** 21, **कार्यों का विवरण:** सहायक मण्डल अभियन्ता /द्वितीय कानपुर के अधीन कानपुर स्टेशन एवं कॉलोनी में खराब हो चुकी पाइपलाइन को बदलने का कार्य।, **कार्य समापन की अवधि:** 10 माह

| **अनुमानित मूल्य (रू.):** 2,53,64,958.20 | **बयाने की रकम (रु.):** 2,76,800.00 |
|---|---|

**इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अर्न्तगत सिमिलर कार्य:** कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य

**क्र.सं.: 02** **निविदा नं.:** 22, **कार्यों का विवरण:** मैथा:- सहायक मण्डल अभियन्ता / लाइन/ कानपुर के अधीन मैथा रेलवे कालोनी एवं मैथा स्टेशन पर जलापूर्ति व्यवस्था के प्रावधान का कार्य। , **कार्य समापन की अवधि:** 06 माह

| **अनुमानित मूल्य (रू.):** 50,60,161.15 | **बयाने की रकम (रु.):** 1,01,200.00 |
|---|---|

**इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अर्न्तगत सिमिलर कार्य:** कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य

**निविदा खुलने की तिथि:** **23.05.2025**, **नोट:** **1.** आनलाइन निविदा दिनांक **23.05.2025** को **13:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर समय **13:30** बजे टेण्डर खुलने की तिथि **23.05.2025** तक उपलब्ध है। **759/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**सदाशिव ज्योतिष केंद्र**

**8080769503**

(मुफ्त सलाह) 21 वर्षों के अनुभवी) शत्रुनाश, सौतनत्राश, मनचाहा प्यार, शादी– विवाह मे रुकावट, लवमैरिज, फिल्म/ मॉडलिंग, विदेशयोग, घरेलू झगडा, लवप्राब्लम/ तलाक, महामोहिनी, वशीकरण स्पेशलिस्ट. अंधेरी (वेस्ट)

**मुख्य कार्यालय, विरार**
विरार (पूर्व)
ता. वसई. जि. पालघर पिन ४०१ ३०५

दुरध्वनी : 0250 – 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 – 2525107
ई–मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/शअ/232/25–26
दिनांक 05/05/2025

**जाहीर ई–निविदा सूचना**

वसई–विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील खालील कामांकरिता इच्छुक अनुभवी ठेकेदारांकरिता कोरे निविदा फॉर्म https://mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. 07/05/2025 पासून उपलब्ध होणार आहेत. ई–टेंडरिंग बाबत अधिक माहितीसाठी ई–निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

| अ. क्र. | कामाचे नाव |
|---|---|
| 1 | किरवली स्मशानभूमी ते वडवली खाडीपाडा रस्ता तयार करणे. |
| 2 | पाचूबंदर हिंदू कोळी स्मशानभूमी ते समुद्र हॉटेल रस्ता तयार करणे. |
| 3 | गणेश नगर मधील अंतर्गत रस्ते आटाप तयार करणे. |
| 4 | प्रभाग समिती डो मध्ये वसंत नगरी ग्राऊंड सेक्टर 8 येथे रस्त्यांची उंची वाढविणे व गटार बांधणे. |
| 5 | प्रभाग समिती जी वॉर्ड क्र.89 मध्ये कामण नाका ते म्हात्रे नगर पर्यंत रस्ता डांबरीकरण करणे. |
| 6 | प्रभाग समिती जी वॉर्ड क्र.89 चिंचोटी येथे गरीब नवाज हॉटेल ते गोराठपाडा ते पवार पर्यंत रस्ता खडीकरण व डांबरीकरण करणे. |
| 7 | प्रभाग समिती जी वॉर्ड क्र.89 चिंचोटी येथे सुधा ढवळो यांच्या घरापासून ते स्पनिंग बंगलो पर्यंत रस्ता डांबरीकरण करणे. |

Please visit our official web-site (https://mahatenders.gov.in)

सही/–
(प्रदीप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका

# सख्त कानून बनाएगी केंद्र सरकार : नरेश म्हस्के

▶▶ सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किए जाने का मामला

- अश्विनी वैष्णव ने सांसद को दिया लिखित जवाब

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के ने अश्लील, अश्लील और हिंसक सामग्री प्रसारित करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के संबंध में नियम 377 के तहत संसद में आवाज उठाई। साथ ही भारत सरकार के रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में लिखित में ज्ञापन देने के बाद सांसद नरेश म्हस्के को लिखित जवाब दिया है कि सरकार जल्द ही इस पर सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। सूचना साझा करने से लेकर लोगों के बीच संचार बढ़ाने तक, इन प्लेटफार्मों ने स्वयं एक क्रांति ला दी है।



### ▶▶ सोशल मीडिया पर कुछ लोग फैला रहे अश्लीलता

एजाज खान जैसे कई कंटेंट क्रिएटर 'कंटेंट' के नाम पर सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैला रहे हैं। भाषा का ह्रास, शारीरिक हाव–भाव, सामाजिक रूप से विघटनकारी संचार और हिंसक व्यवहार, ये सभी दिन–प्रतिदिन आम होते जा रहे हैं। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा था कि युवाओं को आकर्षित करने के नाम पर अश्लीलता की पराकाष्ठा तक पहुंचने वाले ये वीडियो और पोस्ट भारतीय संस्कृति को शर्मसार करने वाली स्थिति पैदा कर रहे हैं।

### ▶▶ सांसद ने की थी मांग

सांसद नरेश म्हस्के ने मांग की थी कि ऐसे सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म को नियंत्रित किया जाना चाहिए, एक सेंसरशिप प्रणाली लागू की जानी चाहिए और इस नियम के तहत अश्लीलता फैलाने वाली सामग्री पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। भारत सरकार के रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद नरेश म्हस्के की मांग को गंभीरता से लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद नरेश म्हस्के को लिखित पत्र में जवाब देते हुए कहा है कि सरकार जल्द ही इस पर सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सांसद नरेश म्हस्के ने सार्वजनिक रूप से वैष्णव को धन्यवाद दिया है।

# नालासोपारा में युवती ने की आत्महत्या

- चार साल से रिलेशनशिप में थी
- प्रेमी और पिता दोनों गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** वसई पुलिस स्टेशन अंतर्गत क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने युवती के प्रेमी और उसके पिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार वसई की रहने वाली 20 वर्षीय युवती का कालेज में साथ पढ़ने वाले आयुष राणा (21) के साथ लगभग चार वर्ष से रिलेशनशिप थी। आयुष ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। जब युवती ने आयुष से शादी के बारे में कहा तो उसने उसका मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया।

इस संबंध में जब उसने आयुष के माता-पिता से संपर्क किया। तब आयुष के पिता अजय राणा (51) ने कहा कि चूंकि तुम्हारी कुंडली में मृत्यु है और तुम निचली जाति से हो, इसलिए मैं अपने बेटे की शादी तुमसे नहीं करवा सकता। इसलिए 27 अप्रैल को उसने अपने घर में चूहे मारने की दवा खाकर आत्महत्या कर ली। वसई पुलिस युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अजय राणा और आयुष राणा को मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया हैं।



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या :** 10/2025/आर.एस./जे.एच.एस. **दिनांक :** 02.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन ( ई - टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी2-2025-26 | **निविदा मूल्य:** ₹16377012.00 |
| **बयाना राशि :** ₹231900.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 37 माह |
| **कार्य का विवरण:** कनवेन्शनल टेप चेन्जर लोकोमोटिव मे लगे ऑटोमीटर मेक 180 के.वी. ए. स्टेटिक इन्वर्टर (एस. आई.वी.) की ए.एम.सी.। | |
| **निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी21-2024-25-आर.टी.1 | **निविदा मूल्य:** ₹65280000.00 |
| **बयाना राशि:** ₹476400.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 24 माह |
| **कार्य का विवरण:** रेट्रोफिटमेंट ऑफ़ एयर कंडीशनर इन कैब्स विथ ट्रफ एंड प्रोविजन ऑफ़ थर्मल इंसुलेशन ऑफ़ कैब्स इन इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव। | |
| **निविदा सं.:**झाँसी-आर.एस.डब्ल्यू.सी.-टी33-2024-25-आर.टी.1 | **निविदा मूल्य:** ₹5320683.46 |
| **बयाना राशि:** ₹106400.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 09 माह |
| **कार्य का विवरण:** विद्युत लोको शेड.. झाँसी के सबस्टेशन के दोषपूर्ण/पुराने एलटी पैनल का प्रतिस्थापन। | |
| **निविदा सं.:**झाँसी-आर.एस.डब्ल्यू.सी.-टी34-2024-25-आर.टी.1 | **निविदा मूल्य:** ₹5631801.00 |
| **बयाना राशि:** ₹112600.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 37 माह |
| **कार्य का विवरण:** 03 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न क्षमता के ईओटी क्रेन के ब्रेक डाउन रखरखाव सहित व्यापक वार्षिक (सीएएमसी)। | |
| **निविदा सं.:**झाँसी-आर.एस.डब्ल्यू.सी.-टी7-2024-25-आर.टी.1 | **निविदा मूल्य:** ₹4436800.00 |
| **बयाना राशि:** ₹88700.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 06 माह |
| **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के एयर ब्रेक सिस्टम के वायवीय वाल्वों के परीक्षण के लिए परीक्षण बेंचों का सेट। | |
| **सभी निविदा बंद होने की तिथि:** 24.05.2025 | |

निविदाकार निविदा दिनांक 24.05.2025 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें । पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **http://www.ireps.gov.in.** पर देखें । **763/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# ठाणे शहर में दो जुआरी गिरफ्तार

**ठाणे।** वर्तकनगर पुलिस ने ठाणे के परेरा नगर में एक जुआ अड्डे पर छापा मारा और दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 860 रुपए जब्त कर लिया गया। वर्तकनगर पुलिस स्टेशन में ड्यूटी पर तैनात शिकायतकर्ता प्रवीण सुरेश तेली (36) रात नौ बजे लोकमान्य नगर के पेरेरानगर में सेवालाल गुप्ता की दुकान के पास गश्त पर थे। उन्होंने दो जुआरियों ठाणे के धीरेंद्र नागेंद्र सिंह (33) और परेरानगर, लोकमान्य नगर, ठाणे के संदीप चंद्रभान सिंह (38) को गिरफ्तार कर वर्तकनगर में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्राप्ण निविदा सूचना संख्या 07/2025 दिनांक 02.05.2025**

**ई-प्राप्ण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदो के लिए ई-प्राप्ण निविदा आमंत्रित करते है।

| **निविदा संख्या :** 19255125A | **मात्रा :** 18 नग | **ई.म.डी.रू :** 8,77,020/- |
|---|---|---|

**विवरण :** 884) व्यक्तियों की क्षमता 13 किलोग्राम के लिए (विद्युत चालित लिफ्ट की आपूर्ति निर्माण (1+जी) परीक्षण और कमीशनिंग। लिफ्ट कार का अंदर का आकार आरडीएसओ विशिष्टता के उनकी अनुसार। वारंटी अवधि की महीने 30 डिलीवरी के बाद अवधि या सेवा में कमीशन की महीने की अवधि 24 तारीख से, जो भी बाद में होगी।

**निविदा खुलने की तिथि :** 26.05.2025

**नोट : 1.** उपरोक्त सभी ई प्राप्ण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट **https://www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा । **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। ● उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **https://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **762/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# ठाणे में कार पर गिरी पेड़ की शाखा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के पोखरण रोड नंबर 1 के शिवाय नगर इलाके में रविवार रात करीब 11 बजे एक घटना घटी जब सड़क पर एक बड़े पेड़ की शाखा चार पहिया वाहन पर गिर गई। घटना के कारण कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। रविवार रात करीब 11 बजे, ट्यूलिप बिल्डिंग के सामने, उन्नति गार्डन, पोखरण रोड नंबर 1, शिवाई नगर ठाणे (पश्चिम) में सड़क पर खड़ी एक सुजुकी विटारा ब्रेज़ा कार पर एक बडे पेड़ की शाखा गिर गई थी। जिसकी वजह से कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन कर्मी वाहनों के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ। कार पर गिरी शाखा को आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों ने काटकर हटा दिया है।

ग्लोबल ऑडियो-विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट का समापन

# महाराष्ट्र सरकार ने किए 8,000 करोड़ के समझौते

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सरकार की विशेष पहल

## वैश्विक मीडिया संवाद में सदस्य देशों ने स्वीकारा वेव्हज घोषणा पत्र

**मुंबई।** वेव्हज यानी ग्लोबल ऑडियो-विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट का मुंबई में उत्साहपूर्वक समापन हुआ, जिसने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के भारत के वैश्विक स्थान को नई ऊंचाई दी। यह अपनी तरह का पहला महोत्सव था जिसे प्रदर्शकों, उद्योग प्रमुखों, स्टार्टअप्स, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और आम जनता से जबरदस्त प्रतिसाद मिला।
प्रसिद्ध कलाकारों, प्रभावशाली कंटेंट क्रिएटर्स, तकनीकी नवप्रवर्तकों और कॉर्पोरेट नेताओं की भागीदारी के कारण यह सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन जगत के लिए एक संगम स्थल बन गया।
प्रदर्शनी, पैनल चर्चा और बी2बी सहयोग की श्रृंखला ने इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व सफलता दिलाई और भारत को एक उभरती वैश्विक मीडिया शक्ति के रूप में स्थापित किया।




### वेव्हज 2025 का पीएम ने किया था उद्घाटन

जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्ते इस आयोजन का भव्य उद्घाटन हुआ। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि "वेव्हज" केवल एक संक्षिप्त नाम नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, रचनात्मकता और सार्वभौमिक संबंधों की लहर है। भारत अब फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कॉन्सट्र्स के लिए वैश्विक केंद्र बन रहा है। वेव्हज भारत की "केशरी अर्थव्यवस्था" की शुरुआत है।

### वेव्हज का प्रथम संस्करण बीकेसी में संपन्न

वेव्हज का यह प्रथम संस्करण अपने उच्च-प्रभावशाली ज्ञान सत्रों और प्रसारण, सूचना-मनोरंजन, एवीजीसी-एक्सआर, डिजिटल मीडिया और सिनेमा जैसे विषयों पर केंद्रित चर्चाओं के लिए यादगार रहेगा। तीन मुख्य सभागारों (प्रत्येक की क्षमता 1,000 से अधिक) और 75 से 150 की क्षमता वाले पांच अतिरिक्त सभागारों में आयोजित 140 से अधिक सत्रों में भारी उपस्थिति देखी गई। कई सत्रों में पूरी क्षमता तक प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

### संवाद, सहकार्य और समन्वय का केंद्र बना वेव्हज

प्रधानमंत्री की दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए, चार दिवसीय वेव्हज 2025 कार्यक्रम ने विचारों, कौशल और उपयोगी फीडबैक के आदान-प्रदान के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम किया। यह संवाद, सहकार्य और समन्वय का केंद्र बना, जहां दुनिया भर के विचारक, उद्योग प्रमुख, नीति निर्माता और पेशेवर एकत्र हुए। पूर्ण सत्रों, ट्रैक-आधारित चर्चाओं और विशिष्ट ज्ञान सत्रों की एक सुव्यवस्थित श्रृंखला के माध्यम से शिखर सम्मेलन ने मीडिया और मनोरंजन उद्योग को आकार देने वाले नवाचारों और नीतिगत प्रवृत्तियों की पड़ताल की। इन सत्रों ने विशेषज्ञ क्षेत्रों में गहन वैचारिक संवाद को संभव बनाया।

# प्रशासन सुधार लाए तो जनता को मिल सकती बेहतर सेवाएं : अजित




▸▸ 'टेक वारी : महाराष्ट्र टेक लर्निंग वीक' का उद्घाटन

▸▸ अधिक गतिशील प्रशासन को पहल मार्गदर्शक सिद्ध होगी 'टेक वारी'

**मुंबई।** यदि प्रशासन समयानुसार बदलाव स्वीकार करता है, तो जनता को अधिक तेज़, पारदर्शी और बेहतर सेवाएँ मिल सकती हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित 'टेक वारीः महाराष्ट्र टेक लर्निंग वीक' यह उपक्रम राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने हेतु एक मार्गदर्शक सिद्ध होगा। इस पहल के माध्यम से यह संदेश जाएगा कि हम केवल परिवर्तन को स्वीकार नहीं कर रहे, बल्कि उसका नेतृत्व भी कर रहे हैं, ऐसा वक्तव्य उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने व्यक्त किया। मंत्रालय के त्रिमूर्ती प्रांगण में 'टेक वारीः महाराष्ट्र टेक लर्निंग वीक' का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अजित पवार के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री ॲड. आशिष शेलार, प्रभारी मुख्य सचिव राजेश कुमार, उपस्थित थे।



### 'आईगॉट' पर महाराष्ट्र पहले स्थान पर आएगा:

सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री आशिष शेलार ने कहा कि लोकसेवा हक्क अधिनियम के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य जनता-केन्द्रित कार्यों में अग्रणी है। 'आईगॉट' प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण पूर्ण करने में महाराष्ट्र अभी शीर्ष तीन राज्यों में है, और जल्द ही पहले स्थान पर आ जाएगा।

### नौ तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि 5 से 9 मई तक टेक वारी के अंतर्गत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रभु गौर गोपाल दास के मार्गदर्शन से सभी को लाभ मिलेगा। ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सुरक्षा, डिजिटल वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विकसित महाराष्ट्र के लिए फ्रंटियर टेक जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सरल भाषा में मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से जानकारी देंगे। सभी को समयानुसार बदलाव स्वीकार कर प्रशासन को अधिक गतिशील बनाना चाहिए, ऐसा आह्वान उपमुख्यमंत्री पवार ने किया। 'टेक वारी' में तनाव प्रबंधन, संगीत थेरेपी, ध्यान, कार्य-जीवन संतुलन जैसे विषयों पर भी सत्र आयोजित किए गए हैं।

# आवश्यक निधि उपलब्ध कराई जाएगी

■ परिवहन मंत्री ने की मीरा-भायंदर मनपा के विकास कार्यों की समीक्षा

**मुंबई।** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में जारी विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और प्रशासन को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्रालय में मंत्री सरनाईक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मीरा-भायंदर महानगरपालिका आयुक्त राधाबिनोद शर्मा तथा पुरातत्व, परिवहन, राजस्व, पर्यावरण और जलसंपदा विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री सरनाईक ने कहा कि मीरा-भायंदर महापालिका के विकास कार्यों के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि बीएसयूपी योजना के अंतर्गत पूर्व में हस्तांतरित जमीन में से जहां वर्तमान में झोपड़पट्टियां हैं, वहां पीपीपी मॉडल के तहत इमारत निर्माण के लिए जमीन महापालिका को हस्तांतरित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री सरनाईक ने निर्देश दिए कि शिवसृष्टी की ओर जाने वाले रास्ते का कार्य शुरू किया जाए। खाड़ी किनारे का विकास किया जाए, और स्कायवॉक के लिए भूमि खाली कर कार्य शुरू किया जाए। चेना रिवर फ्रंट के लिए 18 मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाए। महापालिका मुख्यालय के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण हेतु निधि आवंटित की जाए।

# वसई में नई इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन

■ वसई पश्चिम से भुईगांव रूट पर चलेगी बस

**नालासोपारा।** वसई पश्चिम से किला बंदर, वसई पश्चिम से भुईगांव रूट पर नई इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा ताई दुबे पंडित ने मनपा की नई इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर वसई विरार शहर महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, वाहन एवं परिवहन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त नानासाहेब कामठे, सहायक आयुक्त विश्वनाथ तलेकर, सहायक आयुक्त संगीता घाडीगांवकर, साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी, वसई विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुंबईकरों के पानी आपूर्ति में कोई कटौती नहीं

■ बांधों में पर्याप्त जलसंचय उपलब्ध

**मुंबई।** बढ़ते तापमान और उसके चलते हुए वाष्पीकरण के कारण भले ही मुंबई को जलापूर्ति करने वाले धरणों में जलसंचय घट गया हो, लेकिन मुंबईकरों की जलापूर्ति पर इसका कोई असर नहीं होगा। महाराष्ट्र सरकार ने भी मुंबई के लिए 'निभावणी साठे' से पानी उपलब्ध कराया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए, मुंबईकरों की जलापूर्ति में कोई कटौती करने का कोई इरादा नहीं है।
31 जुलाई तक पर्याप्त जलापूर्ति होगी, इस प्रकार की योजना बनाई गई है, ऐसा स्पष्टिकरण मुंबई मनपा प्रशासन की ओर से किया गया है। साथ ही, मौसम विभाग से समन्वय स्थापित कर वर्षा से संबंधित पूर्वानुमानों के आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा, ऐसा भी मनपा प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है। मनपा आयुक्त तथा प्रशासक भूषण गगराणी ने मनपा मुख्यालय में आज 5 मई को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में जलापूर्ति की समीक्षा की।

# कांग्रेस नेताओं को बीजेपी में लाओ : बावनकुले



■ न कोई कांग्रेस में जा रहा ,न पवार गुट और न ही यूबीटी में

**पुणे।** महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख और राज्य मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कथित तौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा- कांग्रेस के नेताओं को शामिल करके इस पार्टी को ही खाली करा दीजिए। उनके इस बयान से कांग्रेस में नाराजगी बढ़ गई है। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी लोगों की है और वे "वैचारिक रूप से" इससे जुड़े हुए हैं। बावनकुले ने रविवार को पुणे में पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह विवादित टिप्पणी की थी। भाजपा नेता ने कहा कि संग्राम थोपटे जैसे लोगों को पार्टी में लाओ। कांग्रेस को खाली कर दो। इस बात की चिंता मत करो कि अगर कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हो गए तो क्या होगा। जितना आप कांग्रेस को खाली करेंगे, उतना ही आपको राजनीतिक रूप से फायदा होगा। देवेंद्र फडणवीस, मुरलीधर मोहोल (पुणे लोकसभा सांसद) और मैं आपके साथ हैं। जब भाजपा टिकट देती है, तो वह अपने कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देती है।" कांग्रेस के वफादार और भोर निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व विधायक थोपटे हाल ही में मुंबई में भाजपा में शामिल हुए। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए बावनकुले ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में पार्टी का आधार बढ़ाने की क्षमता नहीं है। कांग्रेस में कुछ नहीं बचा है। कोई भी शरद पवार की पार्टी में नहीं जा रहा है और सभी लोग उद्धव ठाकरे को भूल गए हैं। अगर वे अपनी पार्टी नहीं संभाल सकते तो हम क्या करें? अगर उनकी पार्टी के लोग जा रहे हैं तो मैं क्या करूं।" कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों की पार्टी है और वे वैचारिक रूप से इससे जुड़े हुए हैं। कई लोगों ने पहले भी कांग्रेस पर निशाना साधा है, लेकिन पार्टी लोगों की है और वे इसकी विचारधारा के कारण इससे जुड़े हुए हैं। गायकवाड़ ने कहा कि अन्य पार्टियों के बारे में ऐसी टिप्पणी करने के बजाय नेताओं को अपने दल का ध्यान रखना चाहिए।

महाराष्ट्र सरकार की लाडकी बहिन

# सिर्फ 1500 रुपए ही मिलेंगे, 2100 नहीं : संजय सिरसाट



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहिन योजना'पर सामाजिक न्याय मंत्री और शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाठ ने हाल ही में बयान दिया कि अब इस योजना के तहत महिलाओं को केवल 1500 रुपए ही मिलेंगे। 2100 रुपए देना फिलहाल संभव नहीं है। कुछ लोग इस बयान का गलत मतलब निकाल रहे हैं कि योजना बंद हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं है। योजना जारी रहेगी, पैसे भी मिलेंगे। इतना तो तय है राज्य की आर्थिक स्थिति पतली है। राज्य की आर्थिक स्थिति को कैसे सुधारा जाए ये वरिष्ठ नेता तय करेंगे। हमारी जो कमिटमेंट है उसे पूरा करेंगे। पैसे कैसे जुटाए इस पर हम काम कर रहे है। मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने पर काम कर रहे हैं। उद्धव शिवसेना ने इस बयान को लेकर सरकार पर हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि चुनाव से पहले लाड़ली बहनों को 2100 रुपए देने का वादा किया गया था। अब मुकर रही है।

# गोद लिए दो बच्चों की पिटाई

■ पड़ोसियों ने की चाइल्ड हेल्पलाइन में शिकायत
■ नालासोपारा में पोरे दंपति के खिलाफ मामला

**नालासोपारा।** नालासोपारा के आचोले पुलिस स्टेशन अंतर्गत अग्रवाल नगरी क्षेत्र में तीन माह पहले गोद लिए गए सात और तीन साल के बच्चों की दंपत्ति ने बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस दंपत्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 117 (2) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार अग्रवाल नगरी में वीणा सरस्वती बिल्डिंग में सचिन पोरे और कविता पोरे रहते हैं। फरवरी 2025 में अभिषेक (सात साल) और राजेश (तीन साल) नामक दोनों बच्चों को पोरे ने गोद लिया था। पोरे गोद लिए गए दोनों बच्चों को अक्सर मारते-पीटते थे। जिससे आसपास रहने वाले पड़ोसियों को बच्चों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आती थी। जब पड़ोसियों ने पूछा तो पोरे दंपती ने उन्हें डांटते हुए कहा कि यह हमारा अंदरूनी मामला हैं। आप लोग इसमें दखल न दें। पड़ोसियों ने पालघर जिला महिला एवं बाल विकास गठबंधन की हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर मामले की जानकारी दी। जब चाइल्ड हेल्पलाइन विभाग की टीम दंपति के घर पहुंची। उस समय बच्चे घायल अवस्था में पाए गए। उन्होंने कबूल किया कि बच्चों को इसलिए पीटा क्योंकि वे पढ़ाई नहीं कर रहे थे। अभिषेक का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। इस संबंध में जिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक राजेश भालिंगे ने आचोले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 117 (2) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं।

ठाणे माहेश्वरी मंडल-सत्र 2025-28

# नवगठित समितियों का शपथ ग्रहण समारोह





**ठाणे।** ठाणे माहेश्वरी मंडल ठाणे सत्र 2025-28 के लिए थाना माहेश्वरी मंडल,थाने के अंतर्गत सर्वसम्मति से नवगठित सभी समितियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को ठाणे शहर के आर नेस्ट बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। जिसमे मंडल अध्यक्ष सीए कमलेश साबू ,सचिव सीए विनोद जाखोटिया, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती बबीता जाखोटिया, सचिव श्रीमती मीनाक्षी भूतड़ा, युवा समिति अध्यक्ष सीए अर्पित नागोरी, सचिव सीए गिरिराज अजमेरा,युवती समिति अध्यक्ष विजेता झंवर, सचिव रश्मि मूंदड़ा ने भगवान महेश को साक्षी मानकर शपथ ली। ठाणे जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष महेश सोनी की उपस्थिति के साथ इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्षों नारायणदास राठी, रामस्वरूप डांगरा, रंजन झंवर, राजेंद्र तापड़िया, डा. संतोष राठी साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्य जेठमल डुडानी, हनुमान चांडक, बंसीलाल साबू, बृजमोहन मूंधड़ा, पुरुषोत्तम होलानी, परमेश्वर तापड़िया, भगवती प्रसाद मूंधड़ा, मुकेश करवा, श्रीमती सुषमा तापड़िया इत्यादि ने नई कार्यकारिणी को करतल ध्वनि से बधाइयां दी। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र तापड़िया ने बताया कि सभी समितियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन होने से पूरे समाज में उत्साह एवं खुशी की लहर है। युवती समिति की उपाध्यक्षा मीनाक्षी तापड़िया,मीनाक्षी कोठारी,समिति सदस्या पलक सोमानी ने कार्यक्रम में पधारे सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

उत्तरांचल मित्र मंडल वसई

# देवभूमि की संस्कृति से गुलजार शहर

▸▸ धूमधाम से मनाया बद्री विशाल महोत्सव

▸▸ बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने मंडल का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**वसई।** उत्तरांचल मित्र मंडल वसई द्वारा वसई पश्चिम सनसिटी स्थित बद्रीनाथ मंदिर परिसर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष रविवार चार मई को उत्तराखंड में श्रीभवगान बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के शुभ अवसर पर वसई में श्री बद्री विशाल महोत्सव 2025 का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। रविवार सुबह आठ बजे बद्रीनाथ शोभा यात्रा निकाली गई। उसके बाद हरिजन संकीर्तन,झाँकीं निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। शोभायात्रा के बाद मंदिर परिसर में भगवान बद्रीनाथ की पूजा अर्चना ,अभिषेक (वैदिक मंत्रोचार) के आरती की गई। डेढ़ बजे महाभांडरा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का लाभ लिया। शाम चार बजे से महिला मंडल द्वारा कीतर्न व मंगल गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम छह बजे से उतराखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमे उत्तराखंड के कई प्रसिद्ध गायक गायिकाओं ने अपने गीतों पर लोगों के मन पुलकित कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष माधवानन्द भट्ट, महेशचंद्र नैलवाल,कुंदन सिंह बिष्ट, मनोहर सिंह रौथाण, महेंद्र सिंह धामी,सत्य प्रकाश कुकरेती, गोपाल सिंह मेहरा,मोहन सिंह राजपूत, महेश चंद भट्ट,हयात सिंह राजपूत,महेंद्र सिंह रावत, गोविंद के पांडे, चंद्रशेखर उपाध्याय, नन्दाबल्लभ आकोलिया, सुरजन सिंह रौथाण, बसंती खीमानन्द शर्मा, नरेंद्रपाल सिंह नेगी, दयाकृष्ण गुररानी,नरेश नैलवाल, नन्दन सिंह मेहरा, भगत सिंह रावत,चंद्रकांत शर्मा, दिनेश चंद्र आकोलिया ,गोपाल सिंह कार्की ,होशियार सिंह दसोनी, तारादत्त करगेती, लज्जावती भट्ट,नन्दन सिंह बोरा, आंनद सिंह पटवाल, राकेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा है।

# महाराष्ट्र एटीएस की बड़ी कार्रवाई

▸▸ 15 साल से फरार अर्बन नक्सल गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पुणे निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो 15 साल पहले लापता हो गया था। उसे प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का सक्रिय सदस्य होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रशांत जलिंदर कांबले, जिसे "लैपटॉप" के नाम से भी जाना जाता था, राज्य एटीएस की ठाणे इकाई द्वारा 2011 में भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज एक मामले में वांछित था। गहन तलाशी अभियान के बाद एटीएस की पुणे इकाई ने कांबले को पकड़ लिया और उसे ठाणे इकाई को सौंप दिया।
गिरफ्तार करने के बाद कांबले को रविवार को ठाणे की अदालत में पेश किया गया।

# ऑल इंडिया ट्रेड कॉन्फ्रेंस 24 को

▸▸ एमएसएमई-व्यापारियों के सुधार पर संवाद का नेतृत्व करेगा फाम

■ फाम का 47वां स्थापना दिवस 24 को
■ 'व्यापारी एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता स्थापना दिवस

**मुंबई।** महाराष्ट्र व्यापार संघों की महासंघ (फाम) 24 मई को वाईबी चव्हाण ऑडिटोरियम, मुंबई में दोपहर 2:30 बजे से "ऑल इंडिया ट्रेड कॉन्फ्रेंस" का आयोजन करेगा, इसी दिन फाम अपना 47वां स्थापना दिवस भी मनाएगा, जिसे "व्यापारी एकता दिवस" के रूप में मनाया जाता है।यह सम्मेलन एमएसएमई और व्यापारियों के सुधार पर चर्चा करने और उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, व्यापार प्रथाओं को सुगम बनाने, और जमीनी स्तर के उद्यमिता को सशक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच होगा। फाम के अध्यक्ष जितेंद्र एम. शाह एक व्यापक नीति ढांचा प्रस्तुत करेंगे, जो एमएसएमईज और व्यापारियों को प्रभावित करने वाली प्रमुख कानूनी, कराधान, अवसंरचना और व्यापार संबंधित अड़चनों को दूर करने पर केंद्रित होगा। फाम अध्यक्ष जितेंद्र शाह ने कहा, "व्यापारी एकता दिवस का दृष्टिकोण केवल एकता का उत्सव नहीं है, बल्कि हर एमएसएमई और व्यापारी को आवाज, न्याय और व्यवहारिक नीति समर्थन देने का है। यह वास्तविक सुधारों का समय है।
"यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी का गवाह बनेगा और व्यापारियों और एमएसएमई के लिए सशक्त और विकासात्मक नीतियों पर सहमति बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रीतेश शाह, निदेशक जनरल ने अपील की कि महाराष्ट्र के सभी संघों/फेडरेशन/चेम्बर्स के साथ-साथ पूरे भारत से आमंत्रित संघों को इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

### चर्चा के मुख्य बिंदु

एमएसएमई न्यायालय,धारा 138-चेक बाउंस,औद्योगिक भूमि लागत, कौशल क्षमता,बीआईएस परीक्षण,जीएसटी धारा 16(2) (c), जीएस टीआईएन रजिस्ट्रेशन रद्द करना, जीएसटी जांच, विहीन एससीएन,अपील पूर्व-निकासी,निर्णय पक्षपाती, पीएलआई योजना में एमएसएमई को शामिल करना,एफटीए उल्लंघन इत्यादि विषय शामिल है।

12वीं (HSC) परीक्षा में सभी सफल विद्यार्थियों को
हार्दिक बधाई।
■ आप सभी विद्यार्थियों की सफलता को यादगार बनाने के लिए जागरूक टाइम्स ने आप विद्यार्थियों की सफलता को लोगों तक पुहंचाने का संकल्प लिया है।
■ समाचार पत्र के अगले अंक में प्रकाशानार्थ आप अपनी पासपोर्ट साइज फोटो एवं अपेक्षित विवरण jagruktimes@gmail.com मेल अथवा 9930850102 पर व्हाट्सएप्प करें।
धन्यवाद।
% 00.00
Class 12th
बोर्ड
विद्यार्थी का नाम

# जैसलमेर में बुजुर्ग को लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

▶▶ कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेजा

▶▶ दो बदमाशों ने की थी 15 हजार की लूट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर की गफूर भट्टा कच्ची बस्ती में राह चलते एक बुजुर्ग से 15 हजार की लूट करने वाले दो आरोपी युवकों को शहर कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। दोनों युवकों साहिल जावा व तरुण वैष्णव ने 62 साल के बुजुर्ग अर्जुन गिरी के साथ गत 1 मई को रास्ता रोककर लूट की थी। शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू ने बताया कि दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों को पुलिस रिमांड पर सौंपा है। अब पुलिस दोनों बदमाशों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। एसएचओ प्रेमदान ने बताया कि अर्जुन गिरी (62) ने कोतवाली में शिकायत दी। शिकायत में उसने बताया कि वह एक मई को अपने घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में बाइक पर साहिल और तरूण आए। दोनों ने उसकी जेब से 15000 रुपए झपट्टा मार कर छीने और भाग गए।

### तकनीकी मदद से किया पुलिस ने गिरफ्तार

पुलिस टीम ने तकनीकी मदद से बदमाशों की सरगर्मी से तलाश की। इस दौरान वाल्मीकि कॉलोनी से साहिल जावा व तरूण उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने दोनों को पुलिस रिमांड पर भेजा।

## बाड़मेर में पिता-पुत्र मर्डर के इनामी तीन आरोपी गिरफ्तार

▶▶ दो साल से थे फरार

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की सदर पुलिस ने मर्डर के मामले में दो साल से फरार चल रहे तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। तीनों आरोपी थाने के टॉप-10 आरोपियों में शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 23-24 मई 2023 की रात को शिवनगर मोहल्ले में रहवासी मकान में रात में घुसकर मदन पुत्र पताराम व पताराम पुत्र सुल्तान निवासी सरणु पनजी को जाने से मारने की नीयत से जानलेवा हमला किया था।



इस घटना में पताराम के पुत्र मदन की मौके पर मौत हो गई। वहीं पताराम की इलाज के दौरान एक साल बाद मौत हुई थी। घटना के संबंध में सदर थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच थानाधिकारी की ओर से की गई। सदर थाने के थानाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया-आरोपी घटना के बाद से फरार हो गए थे। इस पर दो-दो हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

## बालोतरा में आंधी-बारिश

**बालोतरा।** बालोतरा में बीती रात अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने शहर में नुकसान पहुंचाया। वाडिया मस्जिद क्षेत्र में तेज हवा से बिजली के खंभे उखड़ गए। एक गली में एक साथ चार बिजली के खंभे गिरने से क्षेत्र में अंधेरा छा गया। पादरू गांव की अनार मंडी में बारिश से बाहर रखा सामान भीगकर खराब हो गया। इससे फल व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी खंभों की मरम्मत में जुटे हैं। जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।



■ बिजली के पोल गिरे
■ अनार मंडी में सामान भीगा

# जोधपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्निमाण कार्यों का वैष्णव ने लिया जायजा

▶▶ रेलवे में नवनिर्माण, इनकी धरोहर को भी संजोएंगे: रेल मंत्री

**जोधपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को संक्षिप्त दौरे पर जोधपुर आए। इस दौरान उन्होंने जोधपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन बिल्डिंग के चल रहे हैं री-डेवलपमेंट कार्य का अवलोकन किया। यहां उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी से सवाल किया कि जोधपुर स्टेशन की बिल्डिंग में जोधपुर की धरोहर को समाहित किया गया है या नहीं? इस पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि जो पुरानी बिल्डिंग है, उसका क्लॉक टॉवर नई बिल्डिंग के बीच में समाहित किया गया है। उसके स्वरूप को यथावत संजोकर रखा जाएगा। इस दौरान रेलमंत्री ने मौके पर री-डेवलपमेंट का काम देख रहे इंजीनियर से स्टेशन की डिजाइन, पार्किंग, यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इंजीनियर में बताया कि स्टेशन बिल्डिंग में एंट्री के लिए वाहनों को फ्लाईओवर जैसी सुविधा दी जाएगी। वैष्णव ने यात्रियों के बैठने, प्लेटफार्म, स्टॉल्स आदि के बारे में भी जानकारी ली।



तत्पश्चात रेल मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जोधपुर का मिर्ची बड़ा और गुलाब जामुन भी स्टेशन पर आराम से मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में रेलवे इतिहास रच रहा है। यहां तक कि रेल बजट में जितना धन अकेले राजस्थान को दिया गया, उतना तो एक देश का पूरा बजट भी नहीं है। निरीक्षण के बाद वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्रियों से फीडबैक लेते हुए स्टेशन पर मिल रही सुविधाओं और किसी तरह की परेशानी के बारे में भी पूछा। इस पर एक यात्री जैसलमेर निवासी नरपत राम ने बताया कि वैसे तो सब बढ़िया है लेकिन लिफ्ट बंद है। इससे बुजुर्ग यात्रियों को बड़ी परेशानी हो रही है। इस पर मंत्री ने मौके पर ही डीआरएम से पूछा और इस समस्या का तत्काल निदान कराने के निर्देश भी दिए।

### पहले रंगरोगन वाले आदर्श स्टेशन, अब अमृत भारत

रेल मंत्री ने इन दिनों देश भर में रेलवे स्टेशनों की शक्ल बदलने और रेल में ढांचा का विकास को लेकर कहा कि पहले के दौर में स्टेशनों में सुधार के नाम पर रंग रोगन किया जाता था और उन्हें आदर्श स्टेशन का नाम दे दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब देश भर में स्टेशनों की सूरत बदली जा रही है। इन्हें अमृत भारत स्टेशनों के नाम से नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, जिस पर कई हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# जैसलमेर में 4 दिनों में 7 डिग्री पारा गिरा

**जैसलमेर।** जैसलमेर में पिछले दिनों से जारी अंधड़ व बारिश के मौसम से तापमान में करीब 7 डिग्री की गिरावट आई है। जैसलमेर में बीती रात अंधड़ व बारिश से मौसम सुहाना हुआ। आसमान में बादलों की आवक के साथ ही ठंडी हवा ने गर्मी का असर कम किया। देर रात तेज अंधड़ के साथ बारिश ने मौसम का मिजाज ठंडा कर दिया। तेज रफ्तार से चली आंधी से कई घंटों तक बिजली गुल रही। इधर, मौसम विभाग ने सोमवार को भी आंधी व बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने एक सप्ताह का बुलेटिन जारी किया है। इसमें पश्चिमी राजस्थान में आगामी 4-5 दिन तक पश्चिमी विक्षोभ के कारण रेतीले बवंडर, तूफानी हवा के साथ बारिश और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है। जैसलमेर में पिछले कई दिनों से जारी अंधड़ व बारिश ने बिजली निगम की पोल खोल दी है। शहर व ग्रामीण इलाकों में कई घंटों तक बिजली गुल रहने से लोग परेशान है। अंधड़ व बारिश से बिजली निगम की सभी व्यवस्थाओं को बिगाड़कर रख दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को रात के समय होती है। जब घंटों तक बिजली नहीं आती और लोग गर्मी व उमस में परेशान होते हैं। हालांकि तूफ़ान व अंधड़ से अभी तक बिजली निगम को एक करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। शहर के कनिष्ठ अभियंता दानाराम द्वारा मोबाइल स्विच ऑफ रखने पर डिस्कॉम के अधिशाषी अधिकारी ने नोटिस दिया है। गत 1 मई को आंधी व बरसात के कारण कई जगह फॉल्ट आ गए।



■ आज भी अंधड़ व बारिश का अलर्ट

# जोधपुर में बाइक फिसलने के बाद पिकअप ने कुचला

**जोधपुर।** जोधपुर के बासनी थाना क्षेत्र में सालावास रोड स्थित जैन मंदिर के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पिकअप ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे सालावास रोड पर जैन मंदिर के पास एक बाइक सवार जा रहा था। उसके पीछे पिकअप आ रही थी। अचानक एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में बाइक सवार ने ब्रेक लगाए, जिससे बाइक स्लिप हो गई। पीछे आ रही पिकअप ने बाइक सवार और एक अन्य व्यक्ति को चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप जब्त कर थाने ले आई।



■ युवक की मौके पर मौत, ड्राइवर फरार

## आईपीएल खिलाड़ी शिवालिक रेप केस में गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर की कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट प्लेयर शिवालिक शर्मा को रेप केस में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शिवालिक पर उसकी पूर्व मंगेतर ने शादी का झांसा देकर देह शोषण का आरोप लगाते हुए जनवरी में एफआईआर दर्ज कराई थी। कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी हमीरसिंह भाटी ने बताया कि एक युवती की ओर से जनवरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उसमें पीड़िता ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी शिवालिक से दोस्ती हुई थी, जो बाद में नजदीकियों में तब्दील हो गई। इसके बाद कई बार शिवालिक जोधपुर भी आया और पीड़िता से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इससे पहले शिवालिक ने पीड़िता के साथ सगाई भी की थी। पिछले साल शिवालिक का व्यवहार बदल गया, तो पीड़िता परेशान रहने लगी। उसकी स्थिति को देखते हुए परिजन शिवालिक के गुजरात स्थित घर पहुंचे। वहां उसने शादी से साफ इंकार कर दिया। आखिरकार पीड़िता ने शिवालिक शर्मा (27) पुत्र सुनील शर्मा निवासी संजानदं डुप्लेक्स पुलिस थाना अटलादरा वडोदरा गुजरात के खिलाफ केस दर्ज कराया। इस मामले की जांच के बाद पुलिस ने शनिवार देर रात शिवालिक को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



■ शादी का झांसा देकर देह शोषण का आरोप

# मोटर रिवाइंडिंग गैरेज में युवक ने किया सुसाइड

**बाड़मेर।** मोटर रिवाइंडिंग का काम करने वाले युवक ने गैरेज में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस और आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना कस्बे 4-5 मई की रात की है। पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाया और बॉडी को नीचे उताकर हॉस्पीटल में शिफ्ट करवाया। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार धोरीमन्ना सूरते की बेरी निवासी खीयाराम (24) पुत्र लाधुराम धोरीमन्ना कस्बे में मोटर रिवाइंडिंग गैरेज में मिस्त्री का काम करता था। रविवार रात को खीयाराम वहीं पर सो गया। सुबह जब आसपास के लोगों ने गैरेज का गेट खुला देखा तो पुलिस व आसपास के लोगों को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। परिजनों के आने के बाद बॉडी को नीचे उतारा गया। वहां से धोरीमन्ना हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। एएसआई छैलसिंह ने बताया कि मृतक के भाई दूदाराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया।



# सब इंस्पेक्टर सरजील मलिक को अनूठी श्रद्धांजलि

**जैसलमेर।** जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पीटल में 60 लोगों ने रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर सब इंस्पेक्टर सरजील मलिक की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। पिछले साल एक्सीडेंट में सब इंस्पेक्टर सरजील मालिक का निधन हुआ था। सोमवार को उनकी पहली पुण्यतिथि पर उनके भाई एडवोकेट जहांगीर मलिक ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर शहर के जवाहिर हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में बार एसोसिएशन जैसलमेर के उपाध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज गज्जा, जहांगीर मलिक, अरविंद सिंह भाटी, रशीद मेहर, मुकुन सिंह,भवानी शंकर चौधरी, कमाल खान चानिया आदि ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। बार एसोसिएशन जैसलमेर के वरिष्ठ एडवोकेट विमलेश पुरोहित, मुरलीधर जोशी, अब्दुल रहमान मेहर, सवाई सिंह भाटी, टी. आर. गर्ग, विपिन व्यास, मांगीलाल पंवार, मेहबूब सांवरा, संगीता गोस्वामी मौजूद रहे।



### 60 लोगों ने किया रक्तदान

इस मौके पर एडवोकेट मलिक ने बताया कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी की जान बचा सकते हैं। इससे बड़ा पुण्य कोई नहीं है और भाई को इससे बड़ी श्रद्धांजलि नहीं हो सकती है। रक्तदान शिविर में बार एसोसिएशन के सदस्यों, पुलिस स्टाफ व मलिक परिवार के सदस्यों के साथ अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। गौरतलब है कि एसआई सरजील मलिक का पिछले साल एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। सरजील मलिक जोधपुर, पाली व बाड़मेर जिले में पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

# व्यापार जगत

# आईएमएफ बोर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे अय्यर

**नई दिल्ली।** परमेश्वरन फिलहाल वर्ल्ड बैंक में भारत की ओर से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। परमेश्वरन फिलहाल वर्ल्ड बैंक में भारत की ओर से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। भारत ने इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के बोर्ड में परमेश्वरन अय्यर को अस्थायी डायरेक्टर नॉमिनेट किया है। परमेश्वरन 9 मई को होने वाली आईएमएफ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। डिप्लोमेटिक लिहाज से शुक्रवार को होने वाली मीटिंग भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्लाइमेट रेजिलिएंस लोन प्रोग्राम के तहत पाकिस्तान को 1.3 बिलियन डॉलर (करीब 11,000 करोड़) के नए लोन पर विचार होगा। पाकिस्तान के लिए जारी 7 अरब डॉलर (करीब 59 हजार करोड़ रुपए) के राहत पैकेज की पहली समीक्षा भी करनी है। पिछले हफ्ते IMF में भारत के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को बर्खास्त कर दिया गया था। इसलिए बोर्ड में भारत की बात रखने के लिए अय्यर का अस्थाई नोमिनेशन किया गया है।



▶▶ पाक को आर्थिक सहायता देने पर विचार करेगा बोर्ड

### कार्यकाल पूरा होने से पहले हटाए गए सुब्रमण्यन

सुब्रमण्यन को अगस्त 2022 में आईएमएफ बोर्ड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया था। लेकिन उनके तीन साल के कार्यकाल के खत्म होने से 6 महीने पहले यानी 30 अप्रैल 2025 को ही उन्हें हटा दिया गया। IMF की आधिकारिक वेबसाइट पर 2 मई तक डॉ. सुब्रमण्यम का नाम कार्यकारी निदेशक के रूप में मौजूद था, लेकिन 3 मई से यह पद खाली दिखाया गया है।

### क्या करता एग्जीक्यूटिव बोर्ड

IMF एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो देशों को आर्थिक मदद करती है, सलाह देती है और उनकी अर्थव्यवस्था पर नजर रखती है। इस संस्था की कोर टीम कार्यकारी बोर्ड होता है। यह टीम देखती है कि किस देश को लोन देना है, किन नीतियों को लागू करना है और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर कैसे काम करना है। इसमें 24 सदस्य होते हैं, जिन्हें कार्यकारी निदेशक कहा जाता है।

# महिंद्रा का मुनाफा 22% बढ़ा, देगी डिविडेंड

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की स्थापना 1945 में 'महिंद्रा एंड मोहम्मद' के रूप में हुई थी, जिसका नाम बदलकर बाद 'महिंद्रा एंड महिंद्रा' कर दिया गया। देश की सबसे बड़ी SUV मैन्युफैक्चरर महिंद्रा एंड महिंद्रा को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2437 करोड़ रुपए का मुनाफा (स्टैंड अलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 21.85% बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 2,000 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। जनवरी-मार्च तिमाही में M&M ने संचालन से 31,353 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया, सालाना आधार पर यह 25% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 25,183 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है। सालाना आधार पर कंपनी का मुनाफा 21.85% बढ़ा है, लेकिन तिमाही आधार पर यह 17.78% कम हो गया है। अक्टूबर-दिसंबर में महिंद्रा को 2,964 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। वहीं, वित्त वर्ष 2024 के मुकाबले वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का मुनाफा 11.40% बढ़ा है। FY25 में M&M का मुनाफा 11,855 करोड़ रुपए रहा जो FY24 में 10,642 तिमाही नतीजों के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने शेयरधारकों के लिए प्रति शेयर 25.30 रुपए डिविडेंड यानी लाभांष देने का ऐलान किया है। इसकी रिकॉर्ड डेट 4 जुलाई 2025 है।




### एक साल में 36% चढ़ा महिंद्रा का शेयर

नतीजों के बाद महिंद्रा के शेयर में आज (सोमवार, 5 मई) 3.26% की तेजी है। यह 95 ऊपर 3,021.70 पर कारोबार कर रहा है। कंपनी के शेयर ने पिछले 5 दिन में 2.64%, एक महीने में 21.29%, 6 महीने में 4.22% और एक साल में 35.81% का रिटर्न दिया है। महिंद्रा का शेयर इस साल यानी 1 जनवरी 2025 से अब तक 1.96% गिरा है। कंपनी का मार्केट-कैप 3.64 लाख करोड़ रुपए है।

## आप का राशिफल 6 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक 3 6 8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 6 7 9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## मस्क ने X पर डिस्प्ले नेम बदला

**नई दिल्ली।** इलॉन मस्क ने अपने AI चैटबॉट Grok के पैरोडी अकाउंट Gork पर अपना X डिस्प्ले नेम रखा है। इलॉन मस्क ने अपने AI चैटबॉट Grok के पैरोडी अकाउंट Gork पर अपना X डिस्प्ले नेम रखा है। टेस्ला के CEO इलॉन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपना डिस्प्ले नेम बदलकर 'Gorklon Rust' कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने अपनी प्रोफाइल पिक्चर भी चेंज कर दी है। दरअसल, इलॉन मस्क ने अपने AI चैटबॉट Grok के पैरोडी अकाउंट Gork को टैग कर लिखा, 'वॉट्सअप gork- मैंने अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदलकर तुम्हारी तरह कर दी है, इसके बारे में तुम क्या सोचते हो।' इसके जवाब में Gork ने लिखा, 'अच्छा लग रहा है, लेकिन क्या तुम्हें मेरा पूरा चेहरा कॉपी करना जरूरी था? फिर मस्क ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा, 'अब हमारी प्रोफाइल पिक्चर एक जैसी हो गई है।' इस पर Gork ने लिखा, 'ब्रो मुझे लगता है कि अब हम ट्विनिंग कर रहे हैं।' इलॉन मस्क के डिस्प्ले नेम और प्रोफाइल पिक्चर बदलने पर सोशल मीडिया यूजर के रिएक्शन आना शुरू हो गए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि बदला हुआ नाम ग्रोक और रस्ट का कॉम्बिनेशन है।



## अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप की सभी 10 कंपनियों के शेयरों में 5 मई को तेजी देखने को मिली है। अडाणी टोटल गैस के शेयर में 10% से ज्यादा की बढ़त है। वहीं ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में करीब 7% की तेजी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में ये तेजी अच्छे तिमाही नतीजों, ग्लोबल सेंटीमेंट्स सुधार और घरेलू बाजारों में तेजी के कारण देखने को मिल रही है। हाल ही में जारी नतीजों के अनुसार अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (Q4FY25) में 8,770 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 21.81% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 7,200 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं कंपनी को 3,014 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफा हुआ। सालाना आधार (2024 के जनवरी-मार्च) पर यह 47.74% ज्यादा रहा। पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले यह 20% बढ़ा है। अडाणी ग्रुप के चेयरमेन गौतम अडाणी एशिया के दूसरे अमीर व्यक्ति हैं। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में वे 23वें नंबर पर हैं। वहीं रिलायंस ग्रुप के चेयरमेन मुकेश अंबानी 9.12 करोड़ रुपए नेटवर्थ के साथ एशिया अमीर व्यक्ति हैं।



■ टोटल गैस 10% और एंटरप्राइजेज 7% चढ़ा
■ अच्छे तिमाही नतीजों का असर

## अपने ऑलटाइम हाई से 5,366 नीचे आया सोना

▶▶ चांदी 407 गिरकर 93,718 किलो पर पहुंची

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 5 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 220 बढ़कर 93,734 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,954 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 407 गिरकर 93,718 प्रति किलो हो गई है। सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना की कीमत बीते 11 दिनों में अपने ऑल टाइम हाई से 5,366 रुपए कम हो चुकी है। वहीं चांदी की की बात करें तो इसकी कीमत 7,216 रुपए कम हो चुकी है। सोने ने 22 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



# तीन गांवों को भीनमाल में यथावत बनाए रखें

**धानसा, सेरणा, मोदरान के ग्रामवासियों ने पंचायत समिति रामसीन में जोड़ने पर जताई आपत्ति**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जसवंतपुरा।** राजस्थान सरकार द्वारा पंचायत समितियों के पुनर्गठन के दौरान धानसा, सेरणा, मोदरान इन तीन को भीनमाल से हटाकर पंचायत समिति रामसीन में जोड़ा जाना प्रस्तावित किया है इसको लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा आपत्तियां मांगी गई थी। इसी संदर्भ में धानसा, सेरणा और मोदरान के ग्रामवासियों के प्रतिनिधि मण्डल ने सेरणा सरपंच जयदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी कार्यालय जसवंतपुरा में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज और कार्रवाई की मांग की, कि पंचायत समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान धानसा, सेरणा, मोदरान इन तीन ग्राम पंचायतों को प्रस्तावित पंचायत समिति रामसीन में नहीं जोड़ा जाए एवं पंचायत समिति भीनमाल में यथावत रखा जाए। साथ ही तहसीलों के परिसीमन के दौरान इन तीन ग्राम पंचायतों की तहसील और उपखंड मुख्यालय भी भीनमाल किया जाए।

### लंबी दूरी के साथ समय और पैसे की बर्बादी

▪ ग्रामीणों ने बताया कि धानसा से भीनमाल की दूरी मात्र 28 किमी है जबकि धानसा से रामसीन की दूरी 55 किमी है जो कि तुलनात्मक दृष्टि से लगभग दुगुनी है। धानसा, सेरणा और मोदरान से भीनमाल जाने हेतु हर घंटे बस उपलब्ध है, मोदरान से रात-दिन ट्रेनों की सुविधा भी उपलब्ध है, जबकि धानसा, सेरणा और मोदरान से रामसीन जाने के लिए एक भी बस या अन्य कोई सुविधा उपलब्ध नही है और ना ही व्यवस्थित सड़क मार्ग की सुविधा है। धानसा, सेरणा और मोदरान से ट्रेन में व्यक्ति मात्र 10 रूपए में भीनमाल जा सकता है, बस में 40 रूपए में भीनमाल जा सकता है जबकि रामसीन जाने के लिए 55 किमी। दूर रामसीन तक बस या अन्य परिवहन सुविधा नहीं होने के कारण गाड़ी किराए पर लेकर जाना पड़ेगा। जिसका किराया लगभग 2500 रूपए अर्थात बहुत खर्चीला साबित होगा।

### तीन गांवों के ग्रामीणों ने एक स्वर में उठाई आवाज

▪ तीनों गांवों के समस्त ग्रामवासियों ने एक स्वर में मांग करते हुए कहा कि हम धानसा, सेरणा, मोदरान इन तीन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन, प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधिगण एक स्वर में पंचायत समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान धानसा, सेरणा, मोदरान ग्राम पंचायतों को प्रस्तावित पंचायत समिति रामसीन में नही जोड़ा जाए एवं पंचायत समिति भीनमाल में यथावत रखा जाए। साथ ही यह मांग करते है कि तहसीलों के परिसीमन के दौरान इन तीन ग्राम पंचायतों की तहसील और उपखण्ड़ मुख्यालय भी भीनमाल किया जाए। इस मौके पर सेरणा सरपंच जयदीपसिंह राठौड़, सोशियल एक्टिविस्ट विक्रमसिंह राठौड़ धानसा, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह जैतावत सेरणा, सोसाइटी अध्यक्ष चैन सिंह धानसा, पूर्व उप सरपंच मांगीलाल सैन धानसा, नारायण सिंह मोदरान, मंगलाराम परमार, प्रवीण कुमार सैन सहित कई लोग मौजूद थे।

**अगर नहीं हुआ समाधान तो होगा कड़ा विरोध**

विक्रम सिंह राठौड़ धानसा ने बताया कि नई पंचायत समितियाँ बनाने के पीछे सरकार का मूल उद्देश्य सत्ता का विकेन्द्रीकरण एवं कार्यालयों के कार्यों में आम जनता को सुविधा उपलब्ध करवाना होता है जबकि यहां तो उल्टा आम जनता को परेशानी में डालने का कार्य किया जा रहा है। अशोक सिंह जैतावत सेरणा ने बताया कि पूर्व में ये तीनों ग्राम पंचायतें जसवंतपुरा में थी लम्बे संघर्ष के बाद इन्हें पंचायत समिति भीनमाल में जोड़ा गया था, अब इनके साथ कोई छेड़छाड़ नही की जाए।

# सांसद चौधरी ने दी बेखटमल राठी को श्रद्धांजलि

**परिजनों से मिलकर दी सांत्वना**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने माहेश्वरी समाज तहसील अध्यक्ष महादेव राठी के बड़े भाई स्वर्गीय बेखटमल राठी के निधन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद चौधरी ने परिवारजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की और कहा कि स्वर्गीय बेखटमल राठी एक सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले, समाजसेवी और प्रेरणास्रोत व्यक्ति थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदना के भावों के साथ दिवंगत आत्मा को नमन किया गया।

### ये गणमान्यजन रहे उपस्थित

इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण दवे, शेखर व्यास, पार्षद शंकरलाल राठी, सवाईसिंह मुंहता, आनंद भूतड़ा, होतचंद राठी, पीतांबरदास करवा, भगवानदास राठी, भरत माहेश्वरी, भंवर भूतड़ा सहित समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# तेज आंधी बनी किसानों की मुसीबत

**किसानों के खेत से अनार के पौधे उखाड़े**
**बारिश से बाजरा व अनार के फल को नुकसान, कच्चे मकानों के उड़े छप्परे**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जीवाणा।** क्षेत्र में दो दिन से तेज आंधी से किसानों सहित आमजन के लिए मुसीबत बन गयी। तेज अंधड़ से खेत मे अनार व बाजरा को भारी नुकसान हुआ है, तेज हवा के साथ बारिश होने से बाजरा व अनार के फल नीचे गिर गए है। वहीं अनार के पौधे उखड़ गए। जिससे किसानों के फसलों को काफी नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार रविवार रात व सोमवार सुबह व दो दिन से लगातार तेज आंधी से खेतों में अनार व बाजरा खड़ी फसल गिर गई है। वही कई लोगो के कच्चे घरो से छप्परे उड़ गए। कुछ किसानों ने फरवरी मार्च महीने में किया ईथरेल किसान अनार एक साल में दो बार लेते है फसल ऐसे में सुबह तेज अंधड़ ने अनार के पौधे चौपट कर दिए। किसानों ने बताया कि अनार के पेड़ पर अच्छा फल लगा था जो तेज अंधड़ से अनार के पौधे जमीन पर गिर गए है अनार के पौधे भी किसी की टहनियां टूटी तो कुछ पौधे के फल भी गिरे कुछ पौधे जड़ सहित उखड़ गए है। वही जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जीवाणा क्षेत्र के आस-पास के गांवो के जीएसएस पर रात को तेज आंधी व बारिश होने से विधुत लाइन में जगह जगह शार्ट सर्किट से बिजली आपूर्ति ठप रही। गांवो में लोग रातभर अंधेरे में रहे।

**इनका कहना है**

सोमवार को सुबह तेज आधी से खेत मे खड़ी बाजरी की फसल जमींन पर गिर गई साथ ही अनार के पौधे के फल टूट कर जमीन पर गिरे। पौधे के भी किसी की टहनियां टूटी तो कुछ पौधे जड़ सहित उखड़ गए। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। **सतराराम चौधरी (किसान)**

# जालोर : ट्रेन में मिला युवक का शव

**पैसेंजर्स बोले- टॉयलेट जाने वाले रास्ते में बैठा था, सुबह मृत मिला, जांच में जुटी पुलिस**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** चेन्नई-भगत की कोठी (जोधपुर) के बीच चलने वाली ट्रेन में सोमवार को जालोर स्टेशन पर एक युवक का शव मिला। सूचना पर जीआरपी पुलिस ने शव को उतारकर जालोर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस के द्वारा युवक की पहचान की जा रही है।



**टॉयलेट के रास्ते में बैठा दिखा**

पुलिस ने बताया कि शव वाले डिब्बे में बैठे पैसेंजर ने पूछताछ में बताया कि यह युवक रात से डिब्बे में बाथरूम जाने वाले रास्ते में ही बैठा था। वह सभी से बात कर रहा था। लेकिन सुबह मृत मिला। साथी पैसेंजर ने रेलवे पुलिस को इसकी सूचना दी। एएसआई राजपुरोहित ने बताया- युवक की उम्र करीब 40 साल थी। वह नीली टीशर्ट और काली पेंट पहने था।

**अज्ञात शव मोर्चरी में रखवाया**

जीआरपी के एएसआई गजे सिंह राजपुरोहित ने बताया- फोन पर कन्ट्रोल रूम जोधपुर से सूचना मिली की ट्रेन संख्या 02625 चेन्नई से भगत की कोठी वाया जालोर से संचालित होने वाली ट्रेन में एक अज्ञात युवक का शव है। पुलिस ने शव को जालोर स्टेशन पर उतार कर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

# जेएनवीयू सॉफ्टबॉल टीम ने लगातार दो मैच जीते

**जालंधर को 10-0 और महाराष्ट्र को 4-1 से हराया,**
**रानीवाड़ा के 7 स्टूडेंट्स शामिल**



**रानीवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के नेल्लौर में बिक्रम सिंहपुरी विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट 2025 चल रहा है। यह टूर्नामेंट 30 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित किया जा रहा है। जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी (जेएनवीयू) जोधपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम में रानीवाड़ा के कोटड़ा के 3 छात्र और 4 छात्राएं शामिल हैं। कप्तान रजत के नेतृत्व में टीम ने अपना पहला मैच बाबा भागसिंह यूनिवर्सिटी जालंधर के खिलाफ 10-0 से जीता। टीम ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए दूसरे मैच में संजीवनी विश्वविद्यालय महाराष्ट्र को 4-1 से हराया। अब टीम का अगला मुकाबला भक्त कवि नरसिंह यूनिवर्सिटी जूनागढ़ से होगा। टीम के कोच घेवर चंद बिश्नोई और मैनेजर भजनलाल बिश्नोई ने बताया कि जेएनवीयू की टीम टॉप 10 में जगह बनाने की ओर बढ़ रही है। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग की 97 और महिला वर्ग की 95 यूनिवर्सिटी टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# सांचौर जिला बहाली की मांग, धरना जारी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सांचोर।** सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सांचौर को पुनः जिला घोषित करने की मांग को लेकर जारी धरना सोमवार को 128वें दिन भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई के मार्गदर्शन और समिति के संयोजक भीमाराम चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत सूराचंद के ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सांचोर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सांचौर को पुनः जिला घोषित किया जाए और जिला निरस्तीकरण के निर्णय को वापस लिया जाए। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने बिना किसी स्पष्ट आधार के सांचौर जिले को निरस्त कर दिया है। समिति के अनुसार, सांचोर जालोर जिले से लगभग 145 किलोमीटर दूर है, जबकि अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में जिले का मुख्यालय दूर होने से आमजन को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सांचोर जिला सभी मापदंडों के अनुरूप था और इसे पूर्ववर्ती सरकार ने जनहित में बनाया था। लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे राजनीति के चलते निरस्त किया है। वक्ताओं ने यह भी सवाल उठाया कि यदि सांचौर जिला निरस्त करने योग्य था तो फिर एडीएम कार्यालय किस आधार पर पुनः खोला गया? धरना स्थल पर केसाराम मेहरा (सेवानिवृत्त अध्यापक) ने संचालन किया। धरने को हिंदू सिंह (प्रधान प्रतिनिधि चितलवाना), भजनलाल बिश्नोई, गनी खान, मोहनलाल, मंगला राम जाणी, बाबूलाल, रामावतार मांजू जाखल सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। ज्ञापन सौंपने वालों में हरिकिशन मांजू, अलाफ खान, मोहनलाल, रमेश कुमार, पुनमाराम, हरिराम सियाक, किशनलाल गोदारा, घमाराम मेघवाल, प्रभुराम मेघवाल, केहराराम, गमनाराम मोदी, अशोक बिश्नोई, नारनाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# डाबली राठौड़ान में सार्वजनिक रास्ता बंद



**20 परिवारों को परेशानी, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल जाने में दिक्कत, एसडीएम को दिया ज्ञापन**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल के गांव डाबली राठौड़ान में सार्वजनिक रास्ते को बंद कर दिए जाने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। खसरा संख्या 1064, जो पहले से रास्ते के रूप में इस्तेमाल होता था, 3 मई की रात को अचानक बंद कर दिया गया। इस मार्ग के आस-पास खसरा संख्या 1060 से 1063 तक की भूमि पर लगभग बीस परिवार रहते हैं। इन परिवारों के लिए यह एकमात्र सार्वजनिक रास्ता था। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बंद करने वाला व्यक्ति उन्हें लगातार धमकी दे रहा है। इससे महिलाएं और बच्चे भयभीत हैं। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। गांव की दो गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पताल पहुंचना विशेष चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रास्ते को तुरंत खुलवाया जाए। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। रास्ता बंद होने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

# पहलगाम हमला: भीनमाल पेंशनर्स का विरोध प्रदर्शन

**पीएम मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** राजस्थान पेंशनर समाज की भीनमाल उपशाखा ने कश्मीर में हुई पर्यटक की हत्या के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कश्मीर में पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने गए हुए थे। वहां पाकिस्तानी आतंकियों ने उससे धर्म पूछकर गोलीबारी कर उसकी हत्या कर दी। पेंशनर समाज के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद बोहरा ने बताया कि यह घटना भारतीय नागरिकों के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने भारतीय प्रदेश में आतंक मचा रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि वे पाकिस्तान को करारा जवाब दें और आतंकियों का सफाया करें। समाज ने लिखा कि पुलवामा की तरह इस बार भी कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर परस राम कंसारा, प्रेमाराम बंजारा सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे।

# 132वें सामूहिक यज्ञ का आयोजन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय खारा कुंआ मोहल्ले में सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा अपने घर घर यज्ञ अभियान के तहत 132 वां सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व समाज ने आहुति दी और व्यसन मुक्ति का संकल्प लिया। यज्ञ में संपतलाल सोनी सपत्नीक मुख्य यजमान बने और उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों और बस्ती के बंधुजनों ने बैठकर यज्ञ में भाग लिया। दर्जनों बंधु, मातृशक्ति और बच्चों ने भी यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ की समाप्ति होने पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीड़ी, गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने हेतु प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण हेतु भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य हेतु ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर बस्ती के कई लोग सनातन संस्कृति जागरण संघ के साथ जुड़े। संगठन के मीडिया प्रभारी माणक जी भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर सनातन संस्कृति जागरण संघ के बहुत से सदस्य व अन्य श्रोता जन उपस्थित थे। यज्ञ का संचालन राव विक्रम सिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

# अवैध खनन: डंपर ड्राइवर समेत 4 लोग गिरफ्तार

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर जिले में पुलिस ने ऑपरेशन चलाकर की कार्रवाई**



**सांचौर।** राजस्थान के जालोर जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन अखरोट के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सरवाना पुलिस ने नाकाबंदी तोड़कर भागने वाले डंपर चालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना 3 मार्च की है, जब सरवाना थानाधिकारी सूरजभान सिंह ने जाब्ते के साथ सरहद वेडिया में नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक ओवरलोड डंपर आया। पुलिस के रोकने पर चालक ने पुलिस टीम पर डंपर चढ़ाने की कोशिश की और फरार हो गया। आरोपी ने वेडिया चौकी और बाड़मेर के बाखासर में भी नाकाबंदी तोड़ी। फिर वह अपने गांव वाधा पहुंचा और खेतों में भाग गया। जब पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची, तो उसके परिजनों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। पुलिस ने डंपर चालक मोहनलाल (20), उसके पिता प्रहलाद राम (45), प्रकाश चंद (28) और मुलीदेवी (25) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी वाधा गांव के रहने वाले हैं। जालोर एसपी ज्ञानचंद यादव के अनुसार, यह कार्रवाई जोधपुर रेंज के आईजी विकास कुमार के निर्देश पर की गई। आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने और एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सूरजभान सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# भीलड़ी से बुधवार को चलेगी सुपरफास्ट ट्रेन

**सप्ताह में 5 दिन का शेड्यूल, पैसेंजर्स की सुविधा को देखकर रेलवे की शुरुआत**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-भगत की कोठी स्टेशनों के बीच भीलड़ी के रास्ते नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन सोमवार से डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से नियमित चलना प्रारंभ होगी। जोधपुर के भगत की कोठी से यह नई ट्रेन बुधवार 7 मई को पहली बार चलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा प्रारंभ की जा रही नई ट्रेन 20625, डॉ। एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-भगत की कोठी सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में पांच दिन (बुधवार और शनिवार को छोड़कर) डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से सोमवार 5 मई से शाम 7.45 बजे रवाना होकर तीसरे दिन दोपहर 12.15 बजे जोधपुर के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि वापसी में ट्रेन 20626,भगत की कोठी-डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में पांच दिन (शनिवार और मंगलवार को छोड़कर) भगत की कोठी से बुधवार 7 मई से सुबह 5.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन रात्रि 11.15 बजे डॉ। एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पहुंच जाएगी।




### ट्रेन का इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के अनुसार डॉ एमजीआर चैन्नई सेंट्रल-भगत की कोठी- डॉ एमजीआर चैन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट ट्रेन आवागमन में सुलूरूपेटा, गुडूर, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा, खम्मम, वारंगल, बल्हारशाह, चंद्रपुर, वर्धा, धमनगांव, बडनेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, भरूच, वडोदरा, साबरमती, मेहसाणा, भीलड़ी, रानीवाड़ा, मारवाड़, भीनमाल, जालोर, समदड़ी व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा हेतु 2 सेकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 4 थर्ड एसी इकोनॉमी, 6 सेकेंड क्लास स्लीपर, 4 जनरल, 1 गार्ड एसएलआर व 1 पावर कार सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

# भारतीय शिक्षा प्रणाली को अपनाएं : रवि शरणानंद

**आदर्श विद्या मंदिर जीवाणा का भवन लोकार्पण समारोह**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता






**जीवाणा।** आदर्श शिक्षण संस्थान जालोर द्वारा संचालित विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर जीवाणा का सोमवार को वार्षिकोत्सव व भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वरजी म।सा। परम पूज्य भांडवपुर तीर्थोद्धारक, सूरीमंत्र आराधक आचार्य देव तथा महामंडलेश्वर पूज्य रविशरणानंद जी लालावाड़ा पालनपुर का पावन सानिध्य रहा। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में स्थानीय ग्रापं प्रशासक उत्तमसिंह धवेचा तथा मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती प्रांत संरक्षक डॉ। श्रवण कुमार मोदी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदे की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। तत्पश्चात आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला सचिव अजय कुमार द्वारा अतिथिओ का परिचय करवाया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत विद्या मंदिर की शिशुवाटिका की बहिनों द्वारा शिशुवाटिका नृत्य पेश किया गया। वहीं बालिकाओं द्वारा बाल विवाह पर नाटक पेश कर भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों सहित अतिथियों की आंखें नम हो गई। शिक्षाप्रद नाटिका ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

# अवैध शराब से भरी कार जब्त

**विशेष ऑपरेशन के तहत सांचौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** पुलिस थाना सांचौर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मदमर्दन के तहत अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब व बीयर के कुल 32 कार्टून तथा एक स्विफ्ट कार जब्त की गई।

जब्त शराब और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 850 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई के पीछे जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मदमर्दन की मुहिम है, जिसका उद्देश्य अवैध मादक पदार्थ, शराब, वांछित अपराधी एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कठोर कदम उठाना है। इस अभियान को जिला पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञानचंद यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचौर आवडदान रतनू, तथा वृताधिकारी सांचौर कार्बले शरण गोपीनाथ (आईपीएस) के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। सोमवार को गश्त के दौरान सउनि पुनमाराम मय जाब्ता द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर भारतमाला मार्ग पर सरहद गरडाली में नाकाबंदी कर स्विफ्ट कार को रोका गया।

वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 32 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। वाहन चला रहा व्यक्ति सुरेश भाई पुत्र वगता भाई, जाति रेबारी, उम्र 25 वर्ष, निवासी मलुपुर, पीएस थराद, जिला बनासकांठा (गुजरात) को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

# शिक्षकों की लंबित मांगों पर की चर्चा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▪ **शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा की बैठक**

**सांचौर।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) उपशाखा सरनाऊ की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सोमवार को पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरनाऊ में नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष पूनमाराम खिलेरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ब्लॉक मंत्री राजूराम गोदारा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी भागीरथ कड़वासरा ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों, विशेषकर पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन विसंगति और स्थाईकरण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि ये सभी मुद्दे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाए जाएंगे। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पूनमाराम मांजू ने वेतन विसंगति के विषय को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि शीघ्र ही ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों से वार्ता कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी के रिक्त पदों पर मनोनयन किया गया तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, पदोन्नति, रिक्त एवं नवसृजित पदों से जुड़ी समस्याओं पर भी व्यापक चर्चा की गई। संगठन, शिक्षक व शिक्षार्थियों से जुड़े विविध मुद्दों पर विचार-विमर्श कर समाधान हेतु प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के अंत में नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष पूनमाराम खिलेरी ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रूगनाथराम जांगू, सोमाराम खिलेरी, जवाराराम पंचाल, पूर्व मंत्री शंकरराम डारा, बाबूलाल खिलेरी, मालाराम, प्रवीण राणा, हनुमान कड़वासरा, दिनेश जागू सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
निविदा सूचना क्रमांक: आरआर/पीआर/एसएनपीडी/300/25-26/01 कार्य का विवरण: ईएमयू पीओएच वर्कशॉप, सानपाडा (पीओएच/एसएनपीडी) में टेरेस स्थानों के आसपास एंटी-क्लाइंब वेड मेश फेंसिंग की आपूर्ति, स्थापना और फिटिंग। अनुमानित लागत: Rs.37,36,504.22/- ई एम डी: Rs.74,700/- निविदा प्रपत्र शुल्क: NIL समापन अवधि: 120 दिन। निविदा जमा करने की तिथि एवं अवधि: 22/05/2025, 15:00 बजे तक बोली शुरू करने की तिथि: 08/05/2025 टेंडर केवल ई-टेंडरिंग वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जाएँगे। टेंडर पंजीका वेबसाइट में उपलब्ध है।
APEX-72 ADEE/POH/SNPD
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

## सुविचार

पवित्रता, धैर्य तथा प्रयत्न द्वारा सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# सुधर जा पाकिस्तान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर है। आतंक के पनाहगार पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। जमीन से लेकर आकाश और पानी तक चारों ओर भारत ने अपना सुरक्षा घेरा मजबूत कर लिया है। भारत ने पाकिस्तान पर कई प्रतिबंध भी लगा दिए हैं। भारत की तैयारी देख पाकिस्तान में डर बढ़ गया है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अगर जंग होती है तो वो ज्यादा दिन भारत के सामने टिक नहीं पाएगा। पाकिस्तान के पास हथियारों की भारी किल्लत है। भारत से बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना इन दिनों एक और संकट से जूझ रही है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी तोपों में इस्तेमाल होने वाले गोला-बारूद की भारी कमी हो गई है। पाकिस्तान के पास अब सिर्फ 96 घंटे यानी चार दिन तक ही किसी बड़े युद्ध में अपनी तोपों और रॉकेट सिस्टम को चलाने के लिए गोला-बारूद बचा है। यह स्थिति उसके लिए खास तौर पर खतरनाक है क्योंकि पाकिस्तान की सैन्य नीति भारत के मुकाबले तेजी से मोर्चा संभालने पर आधारित है। इसके लिए उसे 155 मिमी के गोले और 122 मिमी के रॉकेट की जरूरत होती है, जो अब स्टॉक में नहीं हैं। पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री, जो सेना के लिए गोला-बारूद बनाती है, पुरानी तकनीक और बढ़ती वैश्विक मांग के कारण नई सप्लाई नहीं जुटा पा रही है। गोला-बारूद की कमी का सबसे बड़ा कारण खुद पाकिस्तान ही है। हाल ही में पाकिस्तान ने यूक्रेन को भारी मात्रा में गोला-बारूद बेचा है, जिससे उसके अपने सैन्य भंडार लगभग खाली हो गए हैं। उसकी सेना अब खाली भंडार और कमजोर रक्षा के साथ खड़ी है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं है कि गोला-बारूद बनाया जा सके। वहां महंगाई चरम पर है। कर्ज बढ़ता जा रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घट रहा है। इसका असर सेना पर भी पड़ा है, जहां अब राशन में कटौती की जा रही है, सैन्य अभ्यास रोके जा रहे हैं और ईंधन की कमी के कारण युद्धाभ्यास स्थगित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान के पास भारत के मुकाबले हथियार नहीं हैं। गोला-बारूद का संकट है। इसके बाद भी पाकिस्तान के नेता गीदड़ भभकियां देने से बाज नहीं आ रहे हैं। तनाव बढ़ने के पीछे का सबसे बड़ा कारण यह भी है। एक ओर जहां हथियारों की किल्लत है तो दूसरी ओर पाकिस्तानी राजदूत कहते हैं कि अगर नई दिल्ली हमला करता है तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों सहित अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। हालांकि, वो शायद यह भूल गए कि उनका देश पाई-पाई के लिए दुनियाभर के सामने हाथ फैला रहा है। उनकी खुद की आवाम आटे और पानी के लिए जद्दोजहद कर रही है।

## भारत-पाक तनाव

# संकेत स्ट्राइक के हैं या युद्ध के या...!!



**विजय कपूर**

आतंक सीमा पार कर गया है, इसलिए उसके परिणामों को भी सीमा ही पार करनी होगी। किस प्रकार से? स्पष्ट कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन पंक्तियों के बीच की इबारत पढ़ने से कुछ संकेत अवश्य मिल रहे हैं। पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) लम्बी दूरी की लड़ाकू उड़ानें भर रही हैं और अपने वायु रक्षा नेटवर्क को हाई अलर्ट पर रखे हुए हैं। विशेषकर इसलिए कि पिछले दस दिन से पाकिस्तानी सेना एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर अनेक जगह छोटे हथियारों से अकारण ही फायरिंग कर रही है। पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने के लिए चूंकि भारत ने अपने सभी विकल्प खुले रखें हैं, इसलिए 4 मई 2025 को नई दिल्ली में अपने लोक कल्याण मार्ग निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयर चीफ मार्शल के साथ स्थिति की समीक्षा की।

इमेज

इस बैठक से एक दिन पहले नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने भी प्रधानमंत्री को अरब सागर में ऑपरेशनल स्थिति के बारे में बताया था, जहां प्रतिद्वंदी नौ सेनाएं एक दूसरे के बहुत करीब एकाधिक गोलीबारी व अन्य ड्रिल्स के साथ छाया युद्ध में लगी हुईं हैं। गौरतलब है कि 29 अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री ने देश की सेना को 'पूर्ण ऑपरेशनल आज़ादी' प्रदान कर दी थी कि वह आतंकवाद के विरुद्ध अपनी प्रतिक्रिया का 'तरीका, निशाने व समय' स्वयं तय करे। यहां यह बताना आवश्यक है कि नियंत्रण रेखा पर अनेक क्षेत्रों जैसे कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पूंछ, राजौरी, मेंधार, नौशेरा, सुंदरबंद व अखनूर में पाकिस्तानी सेना सीज़फायर का अकारण ही उल्लंघन करते हुए राइफल्स, लाइट व मीडियम मशीन गनों से फायरिंग कर रही है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को मद्देनज़र रखते हुए आईएएफ निरंतर कॉम्बैट एयर पैट्रॉल (सीएपी) कर रही है और उसने पश्चिमी सीमा के एयरबेसों पर ऑपरेशनल रेडीनेस प्लेटफॉर्म्स (ओआरपी) की संख्या में भी वृद्धि कर दी है। आमतौर से एक ओआरपी में दो से तीन पूर्णतः सशस्त्र फाइटर्स एयरबेस के रनवे के निकट ब्लास्ट पेंस में 24 घंटे तैयार खड़े रहते हैं कि अलार्म बजते ही वह तुरंत टेक-ऑफ कर जाएं। अब आईएएफ के पास 4.5 जनरेशन के राफेल भी है, जो बालाकोट एरिएल स्ट्राइक (फ़रवरी 2019) के समय उसके पास नहीं थे। ओमनी-रोल राफेल में लम्बी दूरी के हथियार होते हैं, जैसे 300-किमी से अधिक की रेंज के 'स्कैल्प' (हवा से ज़मीन पर वार करने वाले क्रूज मिसाइल) और उच्चकोटि के मीटीअर (हवा से हवा में वार करने वाले मिसाइल, जिनकी मारक दूरी 120 से 150 किमी है, दुश्मन के जेट्स को नेस्तनाबूद करने के लिए)। इससे यह संकेत मिल रहे हैं कि आईएएफ पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने की तैयारी में है, लेकिन अगर पाकिस्तान कोई दुस्साहस करने की हिमाकत करता है, तो भारतीय थल सेना, वायु सेना व नौ सेना युद्ध के लिए भी पूरी तैयारी से है। क्या युद्ध होगा? इस संदर्भ में नई दिल्ली की तरफ से कोई स्पष्ट बयान तो नहीं आया है, लेकिन कुछ संकेतों को समझना आवश्यक हो जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जो लोग पहलगाम आतंक के दोषी हैं, उन्हें 'मुंहतोड़ जवाब' दिया जायेगा और 'मोदी के नेतृत्व में आपकी जो इच्छा है वो होकर रहेगी'। इससे जाहिर होता है कि पाकिस्तान के विरुद्ध सभी सैन्य विकल्प खुले हुए हैं ताकि जो लोग पर्दे के पीछे रहकर हरकतें करा रहे हैं, उन्हें सबक सिखाया जा सके। सिंह के अनुसार, "देश का रक्षा मंत्री होने के कारण यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपने सैनिकों के साथ कार्य करते हुए सुनिश्चित करूं कि देश की सीमाएं सुरक्षित रहें। सशस्त्र बलों के साथ काम करते हुए यह मेरी जिम्मेदारी है कि जो लोग हमारे देश पर बुरी नजर रखते हैं, उन्हें मुंहतोड़ जवाब दूं।" इसी सिलसिले में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को समझना भी आवश्यक है। यूरोप, जो खुद युद्ध में फंसा हुआ है (रूस बनाम यूक्रेन), भारत को संयम के उपदेश दे रहा है। इस पर जयशंकर का कहना है, "जब हम दुनिया की ओर देखते हैं तो हम पार्टनर्स की तलाश करते हैं, उपदेशकों की नहीं... जो अपने घर (यूरोप) को तो देखते नहीं, लेकिन बाहर उपदेश देते हैं। अगर हमें पार्टनरशिप बनानी है तो कुछ समझ, संवेदनशीलता, साझा हित और यह एहसास कि दुनिया किस तरह से काम करती है होने चाहिए।" जयशंकर कह रहे हैं कि हमें बर्दाश्त करने के उपदेश मत दो बल्कि आतंक के विरुद्ध जंग में हमारे साथी बनो, हमसे सहयोग करो। बयानों से अलग जो कदम उठाये जा रहे हैं, वह भी अर्थहीन नहीं हैं। मुनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) ने अपनी देशव्यापी 12 आर्डिनेंस फैक्ट्रियों में से अधिकतर में अपने कर्मचारियों की लम्बी छुट्टियों को रद्द कर दिया है। अगले दो माह तक एक कर्मचारी अधिकतम दो दिन की ही छुट्टी ले सकता है। हालांकि अधिकारियों ने कहा है कि इस निर्णय का संबंध पहलगाम से नहीं है बल्कि टारगेट्स को पूरा करने से है, लेकिन इस फैसले के समय से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह इसलिए लिया गया ताकि आशंकित युद्ध के समय गोला-बारूद की किसी भी सूरत में कमी न पड़ जाए। आजकल वैसे भी युद्ध लंबे खींच रहे हैं, रूस-यूक्रेन और मध्य पूर्व एशिया में युद्धों को चलते हुए कई साल हो गए हैं। गौरतलब है कि फिरोजपुर कैंट में 30 मिनट के ब्लैकआउट ड्रिल का आयोजन कराया गया। यह युद्ध का संकेत नहीं है तो और क्या है? अगर एरियल स्ट्राइक या युद्ध की सैन्य तैयारी के अतिरिक्त पाकिस्तान को सबक सिखाने के अन्य कदमों को देखें तो भारत ने अपने पश्चिमी पड़ोसी के साथ सभी व्यापार, शिप्स व मेल पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह भारत का पाकिस्तान पर आर्थिक हमला है। पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने वीज़ा पाबंदियां लगायी थीं। इसलिए यह उसके खिलाफ दूसरा प्रमुख गैर-सैन्य हमला है। यह ज़रूरी था। पाकिस्तान की सबसे कमजोर व दुखती हुई रग-आर्थिक नस पर वार होना ही चाहिए था। किसी भी आतंकी नेटवर्क की रीढ़ की हड्डी पैसा ही होती है और पाकिस्तान भी इसका अपवाद नहीं है। पाकिस्तान संरचनात्मक दृष्टि से धीमी-विकास अर्थव्यवस्था है, जो कर्ज के बोझ तले डूबता जा रहा है। उस पर 130 बिलियन डॉलर से अधिक का विदेशी कर्ज है, जिसमें से ज्यादातर को उसे अगले दो वर्षों में अदा करना है। वह आईएमएफ बेलआउट और महंगे चीनी जीसीसी ऋण पर निर्भर है ताकि आवश्यक गुड्स का आयात कर सके और कर्ज सर्विस कर सके। लम्बे समय से पाकिस्तान में निजी निवेश भी नहीं हो रहा है, जिससे वहां पूंजी व प्रतिभा की ज़बरदस्त कमी होती जा रही है। हालांकि पाकिस्तान ने भारत को उकसाते हुए सरफेस-से-सरफेस अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया है व अकारण नियंत्रण रेखा पर फायरिंग भी कर रहा है, लेकिन उसकी आर्थिक व सैन्य क्षमता युद्ध करने लायक नहीं है। वह गीदड़ भपकी दे रहा है कि भारत उसके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद न करे।

## तारीख विशेष

# राष्ट्रीय नर्स दिवस

राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 6 मई को मनाया जाता है। इस दिन हम सभी नर्सों के योगदान और प्रतिबद्धताओं के बारे में जागरुकता बढ़ाते हैं और समाज में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं। यह दिन राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का पहला दिन भी है और इसे कभी-कभी राष्ट्रीय आरएन मान्यता दिवस के रूप में भी जाना जाता है। राष्ट्रीय नर्स सप्ताह 6 मई से शुरू होकर 12 मई को समाप्त होता है, जो फ्लोरेंस नाइटिंगेल (12 मई 1820-13 अगस्त 1910) का जन्मदिन है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक प्रसिद्ध अंग्रेज, समाज सुधारक, सांख्यिकीविद् और नर्स थीं। आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक। क्रीमिया युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की देखभाल करते हुए वह प्रसिद्ध हो गईं। नाइटिंगेल को रात में चक्कर लगाने की आदत के कारण 'द लेडी विद द लैंप' कहा जाता था। हर जगह नर्सों को पहचानें। अपने मरीजों और अपने पेशे के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता का जश्न मनाएं। किसी को बताएं कि आपको नर्स से कितनी अच्छी देखभाल मिली है। जब आप डाक्टर के पास जाएं या सर्जरी करवाएं तो उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें, खास तौर पर अनुवर्ती देखभाल के लिए। सवाल पूछें, ताकि उन्हें पता चले कि आपको कब ज्यादा जानकारी की जरूरत है। वे आपके मन की बात नहीं पढ़ सकते। जिन नर्सों को आप जानते हैं, उनका आभार व्यक्त करें और उनकी कड़ी मेहनत के लिए उन्हें धन्यवाद दें, विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण समय में। राष्ट्रीय नर्स दिवस नर्सों को उनके रोगियों के प्रति उनके अटूट समर्पण और हर दिन उनके द्वारा किए जाने वाले आवश्यक कार्य के लिए पहचानने और धन्यवाद देने का अवसर है। नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, जो रोगियों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण देखभाल, सहायता और शिक्षा प्रदान करती हैं। वे अक्सर रोगियों के लिए संपर्क का पहला बिंदु होती हैं और उनकी देखभाल योजना के समन्वय और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हाल के वर्षों में कोविड-19 महामारी ने हमारे समाज में नर्सों की अपरिहार्य भूमिका को और उजागर किया है। वे अग्रिम मोर्चे पर रहे हैं, मरीजों की देखभाल के लिए अथक परिश्रम किया है। जिसे भूला नहीं जा सकता।

## स्वास्थ्य/फिटनेस

# स्टैचिंग क्यों है एक कम्पलीट एक्सरसाइज

**डा. माजिद अलीम**

स्टैचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कम्पलीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। लचीलापन बढ़ना अपने आप में एक स्वास्थ्य लाभ है, जो चोटों से बचाव करता है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है। जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

इमेज

स्टैचिंग सिर्फ यह नहीं है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्टैचिंग वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है। जी हां, आपने बिलकुल सही सुना स्टैचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कम्पलीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। लचीलापन बढ़ना अपने आप में एक स्वास्थ्य लाभ है, जो चोटों से बचाव करता है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

**बेहतर होता ब्लड सर्कुलेशन**

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

**मांसपेशियां होती मजबूत**

नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्टैचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और जिस्म लचीला, तरोताजा और सतर्क रहता है।

**किसे स्टैच करना चाहिए?**

स्टैचिंग सभी के लिए अच्छी है। इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि आप एथलीट हैं या सारे दिन डेस्क पर बैठे रहते हैं या घर के कामकाज करते हैं। स्टैचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्टैचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्टैचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्टैचिंग को भी शामिल किया है।

**धावकों के लिए भी लाभदायक**

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्टैचिंग न सिर्फ लचीला लाती है बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है। कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे काम करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्टैचिंग से स्पाईन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्टैचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्टैचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्टैक्चर रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है।

**अधिकतम फायदे वाले ख़ास स्ट्रैच**

वर्कआउट के बाद भी स्टैचिंग करें क्योंकि इससे वर्क्ड मांसपेशियों का तनाव दूर होता है। स्टैच आहिस्ता से करें, कभी कूदें न। सांस आहिस्ता, गहरी और प्राकृतिक लें,उसे आपको रिलैक्स करने दीजिए। रिलैक्स रहें और स्टैच को महसूस करें। हर स्टैच 10 से 20 सैकेंड का होना चाहिए। कॉफ स्टैच-सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ायें। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा-सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लायें, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रूकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं। जांघ का पिछला हिस्सा-एक टांग को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रूकें और फिर दूसरी टांग से दोहराएं। वेस्ट स्टैच-टांगों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बैंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। ऊपरी कमर का स्टैचिंग-आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्टैचिंग महसूस हो।

## बोले तो...



भारत में जो लोग जमीनी हकीकत को समझे बिना अमन की आशा का उपदेश देते रहते हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए-पाकिस्तान में भारत के साथ शांति की बात करना अपराध माना जाता है। भारत की आजादी का आनंद लेते हुए पाकिस्तान के बारे में प्यार भरी बातें करना आदर्शवाद नहीं है।

**- हिमंत बिस्व सरमा**



हमें अपने दम पर लड़ाई लड़नी होगी। जब आप आगे बढ़ते हैं, तो आपको सबसे खराब स्थिति के लिए भी तैयार रहना होगा। आप पूर्ण पैमाने पर युद्ध भी लड़ सकते हैं। ऐसा करने में सक्षम होने के लिए आपके पास क्षमता, इरादा, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

**- अजय बिसारिया**




हमें भारत को दुनिया का फूड बास्केट यानी खाद्यान्न भंडार बनाना है। भारत सालाना 48,000 करोड़ रुपए का बासमती चावल विदेशों में बेचता है, जो हमारे किसानों की मेहनत का नतीजा है। अब जरूरत है कि हम सोयाबीन, अरहर, मसूर, उड़द, तिलहन और दूसरी दालों का उत्पादन भी तेजी से बढ़ाएं।

**- शिवराज सिंह चौहान**

## कुछ अलग | अजब गजब

# अंग्रेजी के पेपर में बच्चे का कमाल, ओरिजनल का ऐसा विलोम लिखा, मास्टर पड़े सोच में

हम सभी के दिल में स्कूल-कॉलेज के ज़माने की यादें ताज़ा होंगी। हम जहां पढ़ने के लिए साथ-साथ ढेर सारी मस्ती भी करते थे। कई बार तो हमारी पकड़ किसी सब्जेक्ट पर अच्छी होती है लेकिन कुछ छात्र ऐसे भी होते थे, जो पेपर को भी किसी मस्ती से कम नहीं मानते थे। सवाल कुछ भी हो, उनका जवाब कुछ अलग ही होता था। एक ऐसे ही छात्र की आंसर शीट इस वक्त वायरल हो रही है। कई छात्र सिर्फ और सिर्फ परीक्षा के दौरान ही अपने ज्ञान का प्रदर्शन करते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक छात्र ने इंग्लिश के पर्चे में गजब का जवाब लिख दिया, जो मास्टर साहब से हजम नहीं हुआ। ऐसी इंग्लिश आपने शायद ही इससे पहले कभी-कहीं पर पढ़ी होगी। खास तौर पर अपज़िट यानि विलोम शब्दों की लिस्ट में आपने कभी ये शब्द नहीं देखा होगा, जो इस छात्र ने अपनी कॉपी पर लिखा है। वायरल हो रही आंसर शीट में इंग्लिश का पेपर दिख रहा है। इसमें बच्चे को कुछ शब्द दिए गए हैं, जिनके विलोम उसे लिखने हैं। ये तीन शब्द हैं-'Good', 'Black', 'Original'। इसमें बच्चे ने 'Good' का विलोम 'Bad' और 'Black' का 'White' लिखा। यहां तक सब ठीक था, लेकिन जब 'Original' का




अपोजिट वर्ड लिखने की बात आई, तब बच्चे ने अपने क्रिएटिव माइंड का पूरा इस्तेमाल किया और वो लिख दिया, जिसके बारे में आप और हम सोच भी नहीं सकते। दरअसल, बच्चे ने 'Original' के विलोम के तौर पर 'China' लिखा। ये पढ़ने के बाद टीचर को या तो हंसी आई होगी या फिर उन्होंने अपना सिर पीट लिया होगा। हालांकि उन्होंने बच्चे की इस गलती को सुधारते हुए 'Artificial' लिख दिया। दरअसल बच्चे ने 'Original' के विलोम के तौर पर 'China' इसलिए लिखा है क्योंकि चीन किसी भी महंगे सामान की सस्ती कॉपी झट से तैयार कर देता है, जो सस्ती भी होती है। इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर lklogic_math नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है, जिसे बहुत से लोगों ने देखा और पसंद किया है। इस पर कमेंट करते हुए कई यूज़र्स ने लिखा कि 'Original' का विलोम duplicate होगा।

## पंचांग

मंगलवार, 6 मई 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2082 |
| शक संवत् | - 1947 |
| ऋतु | - ग्रीष्म |
| माह | - वैशाख |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - नवमी 08.39 तक |
| वार | - मंगलवार |
| नक्षत्र | - मघा 15.52 तक |
| योग | - ध्रुव 24.30 तक |
| करण | - तैतिल 21.25 तक |
| सूर्योदय | - 06.09 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 07.00 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.02 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.13 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - सिंह |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.09 से 13.01 |
| राहु काल | - 15.48 से 17.25 |
| व्रत, त्यौहार | - रवियोग अहोरात्र, बुध मेष में 28.09 |
| दिशा शूल | - उत्तर |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

# मामा के पैर क्यों नहीं छूते भांजे, 90% लोगों को नहीं जानकारी

उत्तर भारत के ज्यादातर घरों में आपने देखा होगा कि भांजा, मामा या मामी के पैर नहीं छूता है, हालांकि मामा, भांजे या भांजी के पैर छू सकता है। आखिर पैर छूकर आशीर्वाद लेना भारतीय समाज की परंपरा है तो भांजा मामा के पैर क्यों नहीं छू सकता। ज्यादातर लोग इस प्रथा के बारे में जानते हैं और बहुत से घरों में यह परंपरा आज भी निभाई जाती है लेकिन इसके पीछे की वजह कोई नहीं बताता। आज हम आपको इसके पीछे की वजह बताएंगे कि आखिर मामा भांजे के पैर क्यों नहीं छू सकता। दरअसल इसके पीछे की वजह के लिए कई मान्यताएं और द्वापर युग से जुड़ी एक कथा भी है, इसी वजह से भांजा, मामा के पैर नहीं छू सकता है।

**मामा के लिए मानदान हैं भांजा-भांजी**

मामा भांजे के पैर छू सकते हैं लेकिन भांजे मामा के पैर नहीं छू सकते। भगवत कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य बताते हैं कि भांजे, मामा के मान दान होते हैं। बहन के बेटे या बेटी और सभी सदस्य मान दान अर्थात पूजनीय होते हैं और उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए और अपने से ऊपर स्थान देना चाहिए। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि पिता अपनी बेटी के पैर छूकर कन्या दान करता है, उस प्रथा को 'पांव पूजना' कहा जाता है।

**इसलिए नहीं छुए जाते पैर**

जिस स्त्री के पैर पिता ने छुए हों तो उस स्त्री के बेटे या बेटी को सम्मान देने का अधिकार उस पिता के लड़कों यानी मामा का है। यही वजह के मामा भांजे के पैर छू सकता है लेकिन भांजा, मामा के पैर नहीं छू सकता। अगर भांजे मामा के पैर छूते हैं तो यह पाप के भागी बनते हैं। इसलिए ननद कभी भाभी के पैर नहीं छूती हैं। यह परंपरा सम्मान और आदर की भावना को दर्शाती है। भांजा और भांजी मामा-मामी के लिए पूजनीय होते हैं, इसलिए उन्हें पैर छूने की आवश्यकता नहीं होती। भांजे मामा के पैर नहीं छू सकते हैं, इसके पीछे की वजह द्वापर युग से भी जुड़ी हुई है। मान्यता है कि जब भगवान कृष्ण ने कंस का उद्धार किया था, तब से यही नियम चला आ रहा है। इसी नियम के आधार पर आज भी चल रहे हैं और परंपराओं को निभाया जा रहा है। कई जगह तो यह भी मान्यता है कि मामा और भांजे को एक साथ नाव में नहीं बैठना चाहिए अन्यथा नाव पलटने का डर बना रहता है। इसके पीछे भी एक कहानी है। उधर से आते समय दोनों नाव में बैठकर यमुना नदी को पार कर रहे थे, तभी बीच नदी में शेषनाग प्रकट हो गए और नाव पलट गई।



## गीता सार

**सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।**
**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः ॥ (२९)**

**भावार्थ :**

योग में स्थित मनुष्य सभी प्राणियों मे एक ही आत्मा का प्रसार देखता है और सभी प्राणियों को उस एक ही परमात्मा में स्थित देखता है, ऐसा योगी सभी को एक समान भाव से देखने वाला होता है। (२९)

## पाठक पाती

# धर्म का अर्थ निष्पक्ष और न्यायपूर्ण दृष्टि का सृजन

व्यक्ति के सम्पूर्ण चरित्र का निर्माण उसकी दृष्टि पर आधारित होता है। जीवन दृष्टि का निर्माण संस्कार वातावरण और परिस्थिति के अनुसार होता है। आज व्यक्ति चरित्र इसलिए विकृत है कि व्यक्ति की जीवन दृष्टि स्पष्ट और निर्दोष नहीं है। सदाचरण या सच्चरित्र का निर्माण व्यक्ति के अपने दृष्टिकोण से ही होंगे। आज हिन्दू और हिन्दू धर्म के बारे में टिप्पणियों से पूरा हिन्दू समाज आहत है। भगवान राम को काल्पनिक बताकर हिन्दू आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है। राम राम ही थे। उनके जैसा कोई महापुरुष नहीं हुआ। भारत की महान संस्कृति आस्था और विश्वास पर आधारित है। विदेश में प्रतिपादित हुई भोगवादी संस्कृति आज भारतीय संस्कृति के उचच मानदंडों को खंडित करने को तत्पर है। शील, नैतिकता और सामाजिक सभ्यता के मूल्य निरन्तर टूटते जा रहे हैं। आज पुरानी महान संस्कृति और भगवान राम को काल्पनिक बता कर हिन्दू आस्था पर कुठाराघात करने वाली कांग्रेस को लाज नहीं आती है।

**- कांतिलाल मांडोत, सूरत**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल के 75 कैडेट्स का एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** निकटवर्ती कस्बा बहल में बी आर सी एम ज्ञानकुंज स्कूल में सोमवार को एनसीसी की आर्मी विंग (जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग) में सत्र 2025-27 के लिए कैडेट्स के चयन की प्रक्रिया अत्यंत गरिमामयी एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुई। यह चयन शिविर 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी, भिवानी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश दहिया के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार झाझडिया एवं उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने संयुक्त रूप से की। चयन प्रक्रिया में विद्यालय के 195 से अधिक विद्यार्थियों ने पूर्ण जोश, अनुशासन और समर्पण भाव के साथ भाग लिया चयन कार्य सूबेदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार मोहम्मद आरिफ तथा विद्यालय के एनसीसी प्रभारी जोगेंद्र सिंह व रेनू गाढ़ा की देखरेख में अत्यंत पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न किया गया। प्रक्रिया की शुरुआत में छात्रों की शारीरिक क्षमता, मानसिक सजगता और व्यक्तित्व कौशल का परीक्षण किया गया।

इसके उपरांत लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम और एनसीसी से जुड़े बुनियादी विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए अंतिम चरण में दौड़, लंबी कूद, पुश-अप्स जैसी गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई इन सभी परीक्षणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 75 विद्यार्थियों का एनसीसी कैडेट्स के रूप में चयन किया गया, जबकि 15 प्रतिभागियों को रिजर्व सूची में रखा गया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के एनसीसी प्रभारी जोगेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल अनुशासन की पाठशाला नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहां से युवाओं में नेतृत्व, सेवा, आत्मनिष्ठा, साहस एवं राष्ट्रभक्ति जैसे गुणों का विकास होता है विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थियों ने जोश, परिश्रम और अनुशासन से यह उपलब्धि अर्जित की है एनसीसी एक ऐसा मंच है, जो छात्रों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रशिक्षित करता है यह जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व की भावना विकसित करता है, चाहे वह सेना हो, प्रशासन हो या सामाजिक सेवा मेरा विश्वास है कि आप सभी कैडेट्स आने वाले वर्षों में देश के कर्णधार बनकर उभरेंगे बी आर सी एम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस.के. सिन्हा ने भी सभी चयनित कैडेट्स को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी युवा हमारे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। आपकी प्रतिबद्धता, ऊर्जा और निष्ठा ही देश के भविष्य की नींव है एनसीसी का यह आरंभिक अनुभव आपके व्यक्तित्व को न केवल निखारेगा, बल्कि आपको राष्ट्रसेवा के उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर भी करेगा।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सभी पूर्ण समर्पण के साथ सहभागी बनें : आर्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास विकास समिति श्रीडूंगरगढ़ की बैठक एडवोकेट श्याम सुन्दर आर्य की अध्यक्षता में छात्रावास में आयोजित की गई। बैठक में मंत्री सुशील सेरडिया ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसकी समीक्षा की गई। बालिका छात्रावास में 5.51 लाख की लागत से स्वर्गीय लिछमा देवी तरड़ एवं स्वर्गीय ताजुराम तरड़ आड़सर की स्मृति में उनके पुत्र नेमाराम तरड़ द्वारा रसोईघर निर्माण एवं 5.01 लाख की लागत से स्वर्गीय ऊमी देवी तरड़ एवं स्वर्गीय गणपतराम जी तरड़ आड़सर की स्मृति में उनके पुत्र मोडाराम तरड़ द्वारा बड़ा कमरा निर्माण की घोषणा की गई। फूसाराम पुत्र स्वर्गीय लाखुराम जी कुलड़िया माणकरासर के 101वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके पुत्रों रेवंतराम (पूर्व पंचायत समिति सदस्य) जैसाराम, मोहनलाल द्वारा आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई। बैठक में एडवोकेट श्याम सुन्दर आर्य ने दानदाता परिवारों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज एवं युवा कर्मा बाई जैसी संत से पूर्ण समर्पण के साथ कर्म की सीख ले। आज समाज की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु जरूरत है कि सभी पूर्ण समर्पण के साथ सहभागी बने ।आज हमारी टीम पूर्ण समर्पण के साथ अल्प समय में शिक्षा व्यवस्था एवं सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रयत्नशील है, जिसमें दानदाताओं की बड़ी भूमिका है। बैठक में छात्रावास में अध्ययनरत छात्रों को सामाजिक सरोकार के कार्यों में समय समय पर भागीदारी हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में तुलछीराम गोदारा, लक्ष्मणराम खिलेरी, सोहन गोदारा, मोहनलाल कुलड़िया ने भी अपने विचार रखे। बैठक में मोडाराम तरड़, नेमाराम तरड़, पूनम नेण, रेवंतराम कुलड़िया, हरिराम सारण, गोपाल खिलेरी, तिलोकाराम तरड़, जयलाल नेण, जैसाराम कुलड़िया, रेवंतराम सहू, गोपाल तरड़, कुशाल तरड़, श्रवण तरड़ आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को हैल्प व हाईजिन के बारे में बताया



**चूरू।** ढांढ़ण में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के कैम्प कमांडेंट लेफ्टि कर्नल सुनील कुमार के नेतृत्व में चल रहे दूसरे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटस को सम्बोधित करते हुए लेफ्टिनेंट (डॉ.) अरूण कुमार ने अपने व्याख्यान में एनसीसी कैडेट को हैल्प व हाईजिन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सबसे पहले हाथ की सफाई के साथ-साथ हमारे रसोई, स्नानागार, टॉयलेट व भोजन कक्ष की स्वच्छता का महत्व बताया और छात्राओं से मानसिक तनाव, स्वास्थ्य व मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। साथ ही साथ सिरदर्द व माइग्रेन के कारण प्रकार एवं उनके रोकथाम पर चर्चा की। कैडेटों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए व एनीमिया से बचने के लिए संतुलित आहार, फल, हरी सब्जियों का भरपूर उपयोग, पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन पर जोर दिया और जंकफूड से दूर रहते हुए प्रतिदिन योग व प्राणायाम करने को कहा। इस अवसर पर इंजिनियर परमेश्वरी देवी ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में सुबेदार मेजर प्रेम तमांग, हवलदार ओमप्रकाश, हवलदार अशोक, हवलदार संदीप, शांतीलाल रक्षक, किशनलाल व मुस्ताक आदि मौजूद रहे।

# सूरदास जयंती पर पक्षियों हेतु परिण्डा वितरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विद्यालय में सक्षम इकाई द्वारा संत सूरदास जयंती एवं पक्षियों हेतु परिण्डा वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सक्षम इकाई के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार चंदेल जिला संघ चालक ओमप्रकाश सैनी प्रांत प्रतिनिधि निरंजन चोटिया द्वारा दीप प्रज्वलित कार प्रारंभ किया गया। निरंजन चोटिया ने सक्षम इकाई की कार्य शैली एवं इसके कार्य पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही सूरदास जयंती पर सूरदास जी का जीवन परिचय दियाद्य संस्थान के जिला संस्कार केंद्र प्रमुख ओमप्रकाश मील द्वारा दुपट्टा पहना कर सभी का स्वागत किया गया इस अवसर पर भैया बहनों ने भी प्रेरक प्रसंग वह दोहे सुनाएं। जिला संघ चालक ओमप्रकाश सैनी ने सनातन संस्कृति में महापुरुषों के योगदान के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार चंदेल द्वारा सक्षम इकाई की ओर से सभी को धन्यवाद दिया जिला अध्यक्ष आदर्श शिक्षण संस्थान चूरु के मदन लाल प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवरला ने किया।

# शिविर में 221 युवाओं ने किया रक्तदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजकीय डीबी अस्पताल के ब्लड बैंक में फौजी चुन्नीलाल सहारण की तृतीय पुण्यस्मृति में फौजी ब्लड ग्रुप की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि रक्तदान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होने कहा कि आपके की ओर से किए गए रक्तदान से किसी दूसरे के जीवन को बचाया जा सकता है। हर युवाओं को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से स्वास्थ्य भी सही रहता है। फौजी ब्लड ग्रुप के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में 221 युवाओं ने रक्तदान किया। उन्होने बताया कि पिछले तीन वर्ष से शिविर व लाईव डोनर की ओर से लगभग 07 हजार यूनिट का रक्तदान करवाया जा चूका है। फौजी सहारण की स्मृति में हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में सर्वसमाज के युवाओं ने बढ चढकर भाग लिया।

# जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति तथा अन्य जनसमस्याओं के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख भगवान देवी ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आपस में पूर्ण सहयोग एवं समन्वय से काम करें, जिससे आमजन को बिजली, पानी एवं सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं में कोई समस्या न हो। इस मौके पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनें तथा उनका जनहित में त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करें। उन्होंने जिले के विभिन्न इलाकों में बिजली, पेयजल एवं सड़क इत्यादि से संबंधित व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में विधायकों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति, हैंडपंप की मरम्मत के कार्य, पेयजल आपूर्ति का बेहतर प्रबन्धन, सड़कों के मरम्मत संबंधी कार्यां के मामले प्रस्तुत किये जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को पूर्ण समन्वय के साथ विभिन्न समस्याओं के निस्तारण कर आमजन के हितार्थ में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने विकास योजना की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं उन्होंने गत बैठक में दिए निर्देशों की अनुपालन पर विस्तृत जानकारी दी।

# भारतीय किसान यूनियन ने टिकैत पर हमले की कड़ी कारवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** आपणी योजना स्थित भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में किसानों ने आक्रोश प्रकट करते हुए जबर्दस्त नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत पर धार्मिक उन्माद फैलाने वालों ने कायराना हमला किया उन आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की तथा जिला कलेक्टर चुरू के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन चूरू के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ मुजफ्फरनगर नगर टाऊन हॉल में जन आक्रोश यात्रा में किसान नेता चौधरी राकेश टीकैत पर धार्मिक उन्माद फैलाने वाले असामाजिक तत्वों ने हमला किया जिस पर उनकी पगड़ी गिर गई ,देश का किसान इस अपमान को सहन नहीं कर पायेगा जिसके विरोध में आज पूरे देश के किसानों में आक्रोश की लहर है हमले के विरोध में किसान, मजदूर सम्मान महापंचायतों का आयोजन, धरने और प्रदर्शन सड़क से संसद तक हो रहें हैं। जिलाध्यक्ष सिहाग ने बताया कि हमले करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने और राष्ट्रीय किसान नेता चौधरी राकेश टीकैत की जान को खतरा है इस हेतु राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जैड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की ज्ञापन में मांग की है। किसानों के प्रदर्शन और ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन के शिशपालदास स्वामी, मंगनाराम मेघवाल, बालुराम प्रजापत, एच आर इसराण, सांवरमल बुडानिया, अमरसिंह दनेवा, शिवभगवान नायक, जाट महासभा के हरफूलसिंह भाम्बू, रणवीर सिंह कस्वां, धर्मपाल सहारण, रामनिवास भाम्बू, कीर्ति संस्थान के रामावतारसिंह भाम्बू, स्वराज इंडिया के राजेश चौधरी, राजेन्द्र बलारा,शेर खान, शीशराम, शिवदान, राजेन्द्र रणवा, शमशेर गांधी, राजेन्द्र मील, हरचन्दराम, सत्यनारायण व कृष्ण खिचड़ सहित भारतीय किसान यूनियन के सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जसवंतपुरा के सार्वजनिक स्थलों में लगाए परिंडे



**सादुलपुर।** शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में कार्यरत शिक्षक सुनिल बैरासर की पहल व अगुवाई में गांव के मुख्य चौक स्थित बालाजी मंदिर, माता मंदिर, अटल सेवा केन्द्र के पास स्थित बालाजी मंदिर के साथ उपस्वास्थ्य केन्द्र जसवंतपुरा में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए अध्यापक देवेन्द्र काजला, युवा शुक्रमपाल ढाका, राहुल राठौड़, अजय राठौड़, रजनीश भोमसिंह के सहयोग से दर्जनों परिंडे गांव के सार्वजनिक स्थलों में पेड़ो पर बांधे गए हैं। इस अवसर पर शिक्षक सुनिल बैरासर ने बताया कि पक्षी बचाओ परिंडा लगाओ अभियान के तहत प्रकृति में संगीत का स्वर भरने वाले पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना नेक कार्य है। इस मुहिम में गर्मी के मौसम में दाना पानी की व्यवस्था कर सेवा के लिए आगे आना चाहिए, सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए परिंडो में नियमित पानी डालने की जिम्मेदारी भी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### धौलपुर नगर परिषद के रिक्त वार्ड संख्या 53 में उप चुनाव घोषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने बताया कि जिले की नगर परिषद धौलपुर के वार्ड संख्या 53 के सदस्य के रिक्त पर पर उप चुनाव कराया जाएगा। जिसके साथ ही सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान तुरन्त प्रभाव से लागू हो गए हैं जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि सदस्य पद के निर्वाचन के लिए लोक सूचना जारी करने की तिथि 12 मई सोमवार, नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 16 मई शुक्रवार प्रातः 10.30 बजे से सायं 3 बजे तक, नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 17 मई शनिवार प्रातः 10.30 बजे से, अभ्यर्थना वापिस लेने की तिथि 19 मई सोमवार सायं 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन 20 मई मंगलवार, मतदान 26 मई सोमवार प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक तथा मतगणना 27 मई मंगलवार प्रातः 9 बजे से की जाएगी।

### पंचायत समिति बाड़ी एवं सैंपऊ की ग्राम पंचायतों में रिक्त वार्ड पंच के उप चुनाव घोषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव घोषित किए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने बताया कि जिले की पंचायत समिति बाड़ी के ग्राम पंचायत मत्सूरा के वार्ड संख्या 9 एवं पंचायत समिति सैपऊ के ग्राम पंचायत मढ़ाकांकोली के वार्ड संख्या 8 में वार्ड पंच के रिक्त पदों पर चुनाव कराया जाएगा। जिसके साथ ही सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि सरपंच एवं पंच के उप चुनाव के लिए लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसूचना जारी करने की तिथि 9 मई शुक्रवार, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 14 मई बुधवार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय 15 मई गुरूवार प्रातः 10 बजे से, नाम वापसी की अन्तिम तिथि एवं समय 15 मई गुरूवार सायं 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 15 मई गुरूवार को नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात, मतदान 26 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक तथा मतगणना पंचायत मुख्यालय पर मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात की जाएगी।

### पंचायत समिति बाड़ी की ग्राम पंचायत मत्सूरा में उपसरपंच के उप चुनाव घोषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव घोषित किए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने बताया कि जिले की पंचायत समिति बाड़ी के ग्राम पंचायत मत्सूरा में उपसरपंच के रिक्त पद पर उप चुनाव कराया जाएगा। जिसके साथ ही सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि उपसरपंच पद पर मतदान आवश्यक होने की स्थिति में 27 मई को किया जाएगा। मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात मतगणना की जाएगी।

### जिला परिषद धौलपुर के वार्ड संख्या 9 के सदस्य के रिक्त पद पर उप चुनाव कार्यक्रम घोषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव घोषित किए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने बताया कि जिला परिषद धौलपुर के वार्ड संख्या 9 के सदस्य के रिक्त पद पर उप चुनाव कराया जाएगा। जिसके साथ ही सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी करने की तिथि 9 मई शुक्रवार, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय 14 मई बुधवार प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक रविवार को छोड़कर, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय 15 मई गुरूवार प्रातः 11 बजे से, नाम वापसी की तिथि एवं समय 16 मई शुक्रवार सायं 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 16 मई शुक्रवार नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात, मतदान 26 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक तथा मतगणना जिला मुख्यालय पर 27 मई मंगलवार प्रातः 9 बजे से की जाएगी।

### खेलो इंडिया में तारानगर की चार बेटियों का शानदार प्रदर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के मंत्री इंदु कुमार गोस्वामी ने बताया कि सादुलपुर के निकटवर्ती तारानगर ब्लॉक की चार बेटियों ने पटना बिहार में हो रहे राष्ट्रीय यूथ खेलों इंडिया में राजस्थान की वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और आज तक के अपने सभी मुकाबले जीते हैं। टीम में शहीद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा पूजा स्वामी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरथल की मोनिका गुर्जर और जिगसाना की आईना और प्रियंका ने शानदार प्रदर्शन किया है। ये चारों बेटियां राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करती हैं और इनको शहीद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हडियाल के शारीरिक शिक्षक संजय ने प्रशिक्षण दिया है। इस प्रतियोगिता हेतु चयन की ट्रायल सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में हुई थी। जिसमे इनका चयन हुआ था। ये चारों बेटियां ब्लॉक तारानगर जिला चूरू के साथ साथ अपने राज्य राजस्थान का नाम रोशन कर रही हैं। इन सभी छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर डॉक्टर सुमन जाखड़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर और गोविंद सिंह राठौड़ जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा चूरू ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### घर-घर शिक्षा का महत्व बताया

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में शिक्षा विभाग की ओर से प्रवेशोत्सव प्रारंभ हो गया है। इसके तहत तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरु बड़ी के प्रधानाचार्य संजय श्योराण के नेतृत्व एवं विद्यालय स्टाफ की अगुवाई में खैरु बड़ी गांव में घर-घर जनसंपर्क किया गया तथा अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया। इस दौरान गांव में हाउस होल्ड सर्वे किया गया।

# बेजुबानों की प्यास बुझाने आगे आए युवा, लगाए परिंडे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** जब धरती तप रही है और चिलचिलाती धूप हर जीव-जंतु की परीक्षा ले रही है, ऐसे समय में माधव यूनिवर्सिटी ने मानवता और करुणा की अनूठी मिसाल पेश की है। यूनिवर्सिटी के स्काउट और गाइड रोवर-रेंजर ग्रुप द्वारा शुरू की गई मुहिम 'पानी का एक बर्तन, जीवन की एक उम्मीद' न सिर्फ बेजुबानों के लिए राहत बनी है, बल्कि समाज को एक बड़ा संदेश भी दे रही है। इस अभियान के तहत छात्रों और कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि वे अपने घरों, छतों, गार्डनों और खुले स्थानों में पक्षियों और जानवरों के लिए पानी के बर्तन रखें। इस छोटे से प्रयास ने जीवदया और सामाजिक जिम्मेदारी के नए मानक गढ़ दिए। इस अभियान की आत्मा बने विशेष शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राएं, जिन्होंने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर न सिर्फ भागीदारी निभाई बल्कि अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुशवाहा और शिक्षक मयंक अवस्थी, श्रेय खटक व अजय कश्यप ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर इस पहल को गहराई दी। इस पूरे अभियान का संयोजन रोवर लीडर पठान तोफीक खान ने किया, जिन्होंने इसे योजना से क्रियान्वयन तक सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सहयोगी रोवर लीडर्स निरभान सिंह और मनोज नगर ने भी इस सामाजिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ▸▸ कई जगहों पर लगाए परिंडे




### ओम श्री गजानंद सेवा समिति की पहल

पालड़ी एम में ओम श्री गजानंद सेवा समिति द्वारा गर्मियों के मध्य नजर धोनारी वीर मामाजी बावसी मंदिर प्रांगण में पक्षियों हेतु परिंडा लगाकर अभियान का शुभारंभ कियाई। इस मौके पर संत श्री रामनाथ महाराज मठाधीश खंदरा एवं पालड़ी एम थानाधिकारी फगलू राम, मोहन दास ओम श्री गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार मीणा ने साधु संतों के साथ थाना अधिकारी का सत्कार कियाई। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर भेंट की और 250 परिंडा लगाने का लक्ष्य रखाई। मंदिर प्रांगण में कबूतर चबूतरे के वहां परिंडा लगाएई। मीणा ने बताया विभिन्न गांवों के सार्वजनिक जगहों पर परिंडे लगाए जाएंगे ताकि पक्षियों को पानी से राहत मिलेई। इस दौरान रमेश माली मनीष रावल, वागा राम कुम्हार, हरीश देवासी,रामलाल गहलोत मानक लाल सिपा, लक्ष्मण गहलोत आदि मौजूद थे।

# आदर्श आचरण संहिता प्रभावी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सिरोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उपचुनाव मई 2025 के अंतर्गत जिले में पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उपचुनाव करवाए जाएंगे। उप चुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षे त्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने बताया कि रिक्त पद जिला परिषद सिरोही के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 18 में पंचायत समिति पिंडवाडा की ग्राम पंचायत-पेशुआ, नांदिया, तेलपुर, लोटाना, आपरीखेडा, मांडवाडा खालसा, केर ईसरा व कोजरा का संपूर्ण क्षेत्र समाविष्टहै। पंचायत उपचुनाव मई 2025 की घोषणा के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अंतर्गत निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने की तिथिः 9 मई रहेगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 मई को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक(11 मई को रविवार को छोडकर) रहेंगी। .नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 15 मई को प्रातः 11 बजे स रहेगी नाम वापसी की तिथि 16 मई को अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा। इसी दिन नाम वापसी के समय समाप्त होने के तुरन्त बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 26 मई को प्रातः 7 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान होगा एवं 27 मई को प्रातः 9 बजे से मतगणना होगी।

# 9 टोली चारा गौशाला में रखा

**सिरोही।** श्री आशापुरा माताजी टेकरी ट्रस्ट पर तीन दिवसीय प्रांत प्रतिष्ठा महोत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर ट्रस्ट की ओर से विभिन्न गौशालाओं में 9 टोली हरा चारा और सूखा चारा रखा गया। श्री आशापुरा माताजी टेकरी ट्रस्ट के सह सचिव प्रकाश बी माली ने बताया कि आशापुरा माताजी प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर निर्माण के निमित्त भूल वंश पाप हुआ हो तो उसके निमित्त पुण्य के लिए पीपल फॉर एनिमल मैं 1 टोली हरा चारा और एक ट्राली सूखा चारा अर्बुदा गौशाला मैं दो टोली हरा चारा और दो ट्रोली सूखा चारा और बाल गोपाल गौशाला 1 टोली हरा चारा और 2 ट्राली सूखा चारा गौ माता के लिए विभिन्न गौशाला में डाला गया।

श्री आशापुरा माता टेकरी ट्रस्ट के अध्यक्ष छोगाराम माली ने बताया कि गौ माता को चारा डालना बहुत ही पुण्य का कार्य माना गया है और इसका गहरा महत्व है। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका पर्यावरण और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण है आशापुरा माताजी टेकरी ट्रस्ट के मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष रघुनाथ माली ने कमेटी के पदाधिकारी के साथ गौ माता को हाथ जोड़कर तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गौ माता के आशीर्वाद से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर गौ माता का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर आशापुरा टेकरी ट्रस्ट के अध्यक्ष छोगाराम माली , मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रघुनाथ माली, सरक्षक ताराराम माली पूर्व सभापति नगर परिषद सिरोही, व्यवस्थापक भूपत भाई देसाई , सचिव चंद्रप्रकाश दवे , प्रकाश माली, उपाध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान, प्रकाश प्रजापति, अशोक माली व दुदाराम पुरोहित साहित टेकरी ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

## ▸▸ श्री आशापुरा माता टेकरी ट्रस्ट ने की मदद



# राजकीय प्राथमिक विद्यालय को वाटर कूलर मशीन भेंट



**शिवगंज।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय डिग्गी नाडी केसरपुरा बाबाजी सेवा समिति किकाओ क्षेत्र शिवगंज के अध्यक्ष हितेश बिन्दत सचिव जसवन्तसिंह. सदस्य महेन्द्र बिन्दुल, राकेश अग्रवाल, गौख गुप्ता आदि के द्वारा छात्र छात्राओं हेतु लगभग बाईस हजार रूपए का वोटर कुलर भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भिकाज अशोक कुमार परमार व रा.उ.प्रा. दि. काम्बेश्वर कॉलोनी के जाई देवराम श्रेण और स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान रतीलाल मीणा द्वारा बालाजी सेवा समिति के समस्त कार्यकारिणी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर मोनिका मीणा , पूजा बागडी अच्या विका क आगनवाड़ी सहायिका सुगना देवी भी उपस्थित रहे व बालाजी सेवा समिति के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को चॉकलेट वितरण कर कुटे मीठा करवाया गया। इस मौके पर सभी भामाशाह का सम्मान किया।

# वार्डों के पुनर्गठन को लेकर दिया ज्ञापन

## ◂◂ म्यूटेशन प्रक्रिया शुरू करने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** नगर पालिका मंडार के वार्डों के पुनर्गठन गलत परिसीमन को लेकर ग्रामीणों ने उप जिला कलेक्टर रेवदर को ज्ञापन दिया। पूर्व ग्राम पंचायत के बने निर्धारित वार्डों के अनुसार वार्डों की यथा स्थिति रखते हुए 21 ही वार्डों का गठन करने की मांग कर जमाबंदी के ऑनलाइन पोर्टल को चालू कर म्यूटेशन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई। जिस पर उप जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीण इब्राहिम खान भाटी, शिवराज सिंह देवड़ा, मफत लाल बुनकर, सकुर खान भाटी, करसन भाई पंचाल, आसुराम लुनिया, मफत लाल भील, जीतू सिंह, रतन सिंह देवड़ा, मोटाराम पटेल, सुरताराम मेघवाल, मुनीर खान, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



# लक्ष्मीनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 18 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सिरोही में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के प्रांगण में नवनिर्मित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 18 मई को होगी। इस अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री आबूराज संत सेवा मंडल और महंत लेहर भारती महाराज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को कंकू पत्रिका के पूजन से हुई। परंपरा के अनुसार प्रथम निमंत्रण भगवान गणेश को दिया गया। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी संजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। 16 से 18 मई तक चलने वाले इस महोत्सव में कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इनमें प्रायश्चित कर्म, पंचांग कर्म, मंडप प्रवेश और जल यात्रा शामिल हैं। साथ ही गणपति पूजन, अग्नि स्थापना, महाविष्णु यज्ञ, मूर्ति न्यास और अघोर होम भी किए जाएंगे। महंत लेहर भारती ने बताया कि इस अवसर पर जालोर, बाड़मेर, सांचौर, गुजरात, बनास षट्दर्शन और गोढवाड़ मंडल के संत पधारेंगे। कई मठाधीश, नागा बाबा और धर्माचार्य भी शामिल होंगे। शहरवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां ली हैं। श्री आबूराज संत सेवा मंडल कमेटी के सचिव मंहत तीर्थगिरी महाराज ने बताया कि सोमवार को कंकू पत्रिका पूजन के बाद संत समाज, शहरवासियों, भाविकों, भक्तजनों को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमंत्रण कार्ड के वितरण का कार्यक्रम निमंत्रण कमेटी द्वारा शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया 44 पृष्ठ की निमंत्रण पत्रिका में 16 मई से 18 मई तक के कार्यक्रमों का समयवार पूरा ब्योरा और आयोजन स्थल का विवरण दिया गया है। वर्मा ने बताया कि महोत्सव को लेकर रामझरोखा मंदिर के बाहर विशाल पंडाल बनाया जा रहा है, जिसमें संत सम्मेलन, भजन संध्या व अन्य कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर आबूराज संत सेवा मंडल के अध्यक्ष महन्त लेहरभारती महाराज, सरंक्षक महन्त धर्मराज भारती महाराज, सचिव महन्त तीर्थ गिरीजी महाराज, उपाध्यक्ष महन्त प्रेम भारती महाराज, कोषाध्यक्ष महन्त करण गिरी महाराज, कोतवाल महन्त श्रवण पुरी महाराज, थानापती कारबारी मंहत कमला भारती महाराज, महन्त पुरण भारती महाराज, पागल गिरी महाराज,संतोष गिरीजी महाराज पंडित महेन्द्र व्यास, जितेन्द्र सिंह बारड, वीराराम चौधरी, धनराम देवासी, किशन प्रजापत, कुशल प्रजापत, बाबूलाल कुम्हार, शिवलाल जीनगर, चिराग रावल, रामलाल परिहार, सूर्यवीर सिंह चारण, बाबूसिंह माकरोडा, इंदर सिंह मकवाना प्रकाश सैन, गौरव प्रजापत, मुकेश प्रजापत, दिनेश सगरवंशी, खीमाराम कुम्हार, लालदास वैष्णव, विजय कुमार प्रजापत,वीराराम कलबी मोजूद थे।



■ तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन
■ कई संत-महंत होंगे शामिल

# स्कूल में खाना-खजाना प्रतियोगिता आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य के तहत पाठ्य सहगामी गतिविधियों के साप्ताहिक कार्यक्रम के तृतीय दिन खाना-खजाना प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनी बेसेन्ट सदन में (समूह1) से गुडिया कुमारी, पायल कुवंर, (समूह2) से दीप्ति बैरवा, मनीषा गोमलाडु, कल्पना चावला सदन में (समूह1) से प्रियंका बाई, जशोदा (समूह2) से पूनम कंवर, पूनम, मदर टेरेसा सदन में (समूह1) से सोनल बैरवा, कृतिका सुथार, (समूह2)से गुन्जा झा, भाविका, सरोजनी नायडू सदन में (समूह1) से चंचल कुंवर, देवी कुमारी, (समूह2) से प्रियंका वैष्णव, सोनिया, (समूह3) से नेहा सांखला, सृष्टि कंवर, (समूह4) से प्रियांशी, सुथार रमीला ने भाग लिया। सरोजनी नायडू सदन से प्रियांशी एवं सुथार रमिला प्रथम स्थान पर,मदर टेरेसा सदन से गुंजा झा एवं भाविका द्वितीय स्थान पर तथा सरोजनी नायडू सदन से चंचल कुवर एवं देवी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। डी.एल.एड. प्रथम वर्ष में (समूह1) से दीपिका, निकिता, (समूह2) से निर्मला, सपी, (समूह3) से सपना मीणा, कल्पना मीणा ने भाग लिया। सपना मीणा एवं कल्पना मीणा प्रथम स्थान पर, निर्मला एवं सपी द्वितीय स्थान पर रही। सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनो का लुत्फ लिया।मुख्य ट्रस्टी हरीश गुप्ता, प्राचार्या डॉ. अलका जैन समेत स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# रात्रि चौपालों में समस्याओं को निपटाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## ▸▸ जिला कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक



**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चैधरी की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पोर्टल्स और जनसुनवाईयों व रात्रि चौपालों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि उन्हें राहत मिल सके । उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के निस्तारण में तत्परता दिखाते हुए उन्हें राहत दिलवांए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली पानी से सम्बन्धित विभागों में दर्ज होने वाली समस्याओं का भी त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने हीटवेव से बचाव के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर कोई भी प्रकरण 30 दिन से ज्यादा समय लंबित न हो यह सुनिश्चित किया जाए साथ ही संतुष्टि प्रतिशत बढाते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिला कलेक्टर चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी जिले के महिला अधिकारिता कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए शी बॉक्स से सम्बन्धित सभी कार्रवाई पूर्ण कर सूचनांए पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित आवेदनों को भी त्वरित जिला स्तर पर भिजवाने के निर्देश दिये। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रकाश चंद अग्रवाल, संयुक्त निदेश डीओआईटी गोविंद चैधरी, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता अंकिता राजपुरोहित सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। वहीं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे।

# आबू पर्वत का नाम बदलने पर विरोध



## ▸▸ 22 संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**माउंट आबू।** माउंट आबू में आबू पर्वत का नाम आबूराज करने के प्रस्ताव का आबू बचाओ और आबू का रोजगार बचाओ सदस्यों और 22 संगठनों ने विरोध किया है। समूह के सदस्यों ने सोमवार को एसडीएम डॉ. अंशु प्रिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन में शामिल सदस्य चौराहों पर एकत्रित हुए। जहां से सदस्यों ने मुख्य बाजार से उपखंड कार्यालय तक रैली निकाली। प्रदर्शन में सौरभ गांगड़िया, सुरेश थिंगर, राजेश लालवानी, आनंद पंवार, मंजू गुरबानी, तस्लीम बानो, अलका कालमा और सुनील मेहरा समेत कई लोग शामिल हुए। इस आंदोलन को लघु व्यापार संघ, सिंधी सेवा समाज, कन्नौजिया धोबी समाज, वाल्मीकि समाज, कांग्रेस सेवा दल, श्रीअतिशय क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर व धर्मशाला, मुस्लिम वक्फ कमेटी, नक्की लेक व्यापार संस्थान, अर्बुदा फोटोग्राफर सोसाइटी, टाऊन वेंडिंग कमेटी, स्ट्रीट वेंडर्स समिति, श्री राजपूत करणी सेना इकाई आबू पर्वत, तिब्बतन मार्केट, अचलेश्वर व्यापार मंडल, आबू खेल समिति, सरगरा समाज, एससी एसटी संघर्ष समिति, जैसवार समाज, डॉ अंबेडकर सेवा समिति, माहा होटल एसोसिएशन, वाल्मीकि समाज कल्याणकारी संस्थान, हामा होटल एसोसिएशन संगठन इसमें शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि नाम बदलने से आबू को तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जा सकता है। इससे कई धार्मिक और सामाजिक पाबंदियां लग सकती हैं। इन पाबंदियों से पर्यटकों की संख्या घटेगी और राजस्व को नुकसान होगा। सात प्रदेशों के बीच स्थित यह सबसे ऊंचा पर्यटन स्थल है। नाम बदलने से नियमित पर्यटक दूसरे स्थानों की ओर रुख कर सकते हैं।

# संस्कृति संरक्षण को लेकर मीडिया को गंभीर होने की जरूरत : सांसद शर्मा

**माउंट आबू।** देश के विभिन्न प्रांतों से आए मीडियाकर्मियों के लिए ब्रह्माकुमारी संगठन के ज्ञान सरोवर अकादमी परिसर में चार दिन तक चला राष्ट्रीय सम्मेलन अलग-अलग विषयों पर की गई चर्चा के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। वैश्विक शांति और सद्भाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका विषय के अंतर्गत विभिन्न सत्रों में मीडियाकर्मियों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन के समापन सत्र को लोकसभा सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ चरित्र व आचरण भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विरासत हैं। जिनके संरक्षण को लेकर मीडिया को गंभीर होने की जरूरत है। जीवन के हर क्षेत्र में मूल्यों में गिरावट अनुभव की जा रही है, उसे देखते हुए मीडियाकर्मियों को आत्मा की आवाज सुनकर समाज को सही दिशा देने के अभियान में ईमानदारी से सहयोग करना चाहिए। ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से पुरातन भारतीय सनातन संस्कृति की खुशबू समूचे विश्व में पहुंचाई जा रही है। संगठन की महिला शक्ति ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सनातन संस्कृति के जो बीज बोए थे उससे समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। ज्ञान सरोवर निदेशिका राजयोगिनी प्रभा दीदी ने कहा कि धन तिजोरी में रखने से नहीं बढ़ता बल्कि उसे प्रयोग करने से ही उसका लाभ मिलता है। मीडियाकर्मियों ने सम्मेलन के दौरान जो भी ज्ञान धन अर्जित किया है उसे अपने कार्यक्षेत्र में बांटने का कार्य करेंगे । स्वर्णिम समाज की स्थापना शीघ्र ही दृष्टिगोचर होने लगेगी। कुशाभाऊ ठाकरे यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. मान सिंह परमार ने कहा कि सम्मेलन के दौरान मीडियाकर्मियों की ओर से किए गए मंथन से निकले अमृत को धारण करने की आवश्यकता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आत्मसम्मान के साथ मूल्यों को अमल में लाने के लिए हर मीडियाकर्मी को राजयोग का अभ्यास करना चाहिए। सत्र में समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके अवतार, मीडिया प्रभाग राष्ट्रीय संयोजक बीके शांतनू, बीके सरला बहन, मीडिया प्रशिक्षिका बीके सारिका, दिल्ली जोन की क्षेत्रीय संयोजिका बीके सुनीता, मुख्यालय संयोजक बीके चंदा बहन ने भी विचार व्यक्त किए।



### इन विषयों पर विस्तृत चर्चा

चार दिन तक चले मीडिया सम्मेलन में विभिन्न गोष्ठियों के दौरान तनावमुक्त जीवनशैली, सर्वोच्च सता की पहचान, मीडिया में बदलाव की चुनौतियों का सामना करना, आध्यात्मिक सशक्तिकरण समय की पुकार, सोशल मीडिया में कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग से लाभ और खतरे, पेशेवरों को सशक्त बनाने में मीडिया की भूमिका, राजयोग ध्यान की तकनीक, शांति व सदभाव के लिए आध्यात्मिक प्रज्ञा की कार्ययोजना, आदि विषयों पर चर्चा हुई।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ दूसरा बाइक सवार घायल

**आबूरोड।** फोरलेन पर ओर गांव की पुलिया के नीचे रविवार देर रात को दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से आकराभटटा राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। एनएच 27 पर ओर गांव की पुलिया के नीचे बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें उपलाडेरना निवासी करीब 21 वर्षीय लालाराम गरासिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार खड़ात के भीलवाड़ा निवासी 20 वर्षीय उकारामम घायल हो गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। उसका प्राथमिक उपचार किया।

# बाण माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन



## ▸▸ युवाओं, मातृ शक्तियों ने गाए मंगल गीत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर के सारनेश्वरजी रोड़ स्थित बाण माता मंदिर मे तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। महोत्सव के अंतर्गत तीनो दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ढ़ोल ढमाको के साथ शोभायात्रा निकाली गई।कार्यक्रम गहलोत घांची समाज विकास समिति की ओर से किया गया। युवाओं ओर मातृ शक्तियों ने मंगल गीत गाए। भोजन प्रसादी, भजन संध्या एवं चढ़ावे की बोलिया भी बोली गई. कलाकारों की ओर से एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुतिया दी गई।

# कोबरा ने 5 साल के बच्चे को डसा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कृषि कुएं पर खेल रहे 5 साल के मासूम को कोबरा ने डंस लिया। सिरोही ट्रॉमा सेंटर में भर्ती। कृषि कुएं पर खेल रहे 5 साल के मासूम को कोबरा सांप ने डंस लिया। बच्चे की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक इलाज के बाद सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना सिरोही के स्वरूपगंज थाना क्षेत्र के नानरवाड़ा गांव की है। जानकारी के अनुसार नानरवाड़ा गांव में कृषि कुएं पर बने कमरे के बाहर उदयपुर जिले के मांडवा साड़ी निवासी दिलीप (5) पुत्र शांताराम खेल रहा था। इसी दौरान अचानक से झाड़ियों से निकलकर एक कोबरा सांप ने उसके डंस लिया। डसने के बाद कोबरा तुरंत वहां से वापस झाड़ियों के बीच खो गया। बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके माता-पिता उसके पास आए तो उसने कोबरा के डंसने की बात बताई। परिजन उसे इलाज के लिए स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने इलाज शुरू किया,



## ▸▸ सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर

लेकिन हालात लगातार बिगड़ती देखकर प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। एम्बुलेंस 108 में प्राथमिक इलाज देते हुए उसे सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। यहां मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने उसका इलाज शुरू किया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जलप्रदाय और सीवरेज योजना के प्रति शहरवासियों को किया जागरूक

## मीटरयुक्त पेयजल कनेक्शन और घरेलू सीवर कनेक्शन की दी जा रही जानकारी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा कुचामन सिटी में क्रियान्वित की जा रही जलप्रदाय और सीवरेज योजना के प्रति शहरवासियों को जागरूक करने के लिये नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का सन्देश दिया गया, मीटरयुक्त पेयजल कनेक्शन व घरेलू सीवर कनेक्शन की जानकारी दी गयी और कनेक्शन लेने के लिये प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहरवासियों को जलप्रदाय और सीवरेज योजना की जानकारी, पेयजल और सीवरेंज कनेक्शन की प्रक्रिया, जलमीटर के लाभ, जल संरक्षण, सीवरेज प्रणाली के उपयोग, रख-रखाव, सीवर कनेक्शन के लाभ, स्वच्छता, ठोस कचरा निस्तारण और परियोजना विषयों के बारे में जानकारी दी गयी और परियोजना के अंतर्गत मीटर युक्त पेयजल कनेक्शन तेने के फायदे बताये गए। नुक्कड़ नाटकों का आयोजन आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम (कैप) के द्वारा स्पेशल अवेयरनेस कैंपेन फॉर वॉटर एंड सीवर कनेक्शन के तहत किया जा रहा है। मीटर युक्त जल कनेक्शन होने पर उपभोक्ता को सिर्फ उपयोग किये पानी का ही मूल्य चुकाना होगा और उपभोक्ता राज्य सरकार की 15 हजार लीटर तक मुफ्त पेयजल योजना का लाभ उठा सकेंगे। आरयूआईडीपी के द्वारा किये जा रहे मीटर युक्त जल कनेक्शन से उपभोक्ता को लगातार पेयजल की आपूर्ति समुचित प्रेशर से की जाएगी। समुचित दबाव होने के कारण घर की छत पर रखी टंकियों में पानी चढ़ाने के लिए मोटर पर खर्च होने वाले बिजली के बिल में कमी आएगी। आरयूआईडीपी द्वारा घरों को सीवर कनेक्शन द्वारा जोड़ा जायेगा। सीवर परियोजना के क्रियान्वयन के बाद शहर की आबादी सीवर नेटवर्क से जुड़ जायेगी और गंदे पानी की निकासी सीवर सिस्टम से की जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत नए मीटर युक्त पेयजल कनेक्शन और घरेलू सीवर कनेक्शन का कार्य पूर्णतया निशुल्क है जिसके लिए उपभोक्ता को आवेदन राशि के अलावा कोई चार्ज नहीं देना होगा। इससे रोड कटिंग चार्ज, पाइप का मूल्य, पाइप फिटिंग चार्ज, कारीगर की मजदूरी इत्यादि की बचत होगी। कुचामन सिटी में 5 मई से 7 मई 2025 तक अजमेर के अपना थियेटर के कलाकारों द्वारा शहर में 12 भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर के क्षेत्र में हास्य प्रधान नुक्कड़ नाटक का मंचन तक किया जायेगा। इसी क्रम में शहर के पुराना बस स्टेण्ड, अहिंसा सर्कल, आथूना दरवाजा, पुरानी धान मंडी के क्षेत्र में हास्य प्रधान नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें नागरिकों को गीत गाने, हास्य डायलॉग व नृत्य कर नागरिकों को मीटर युक्त पेयजल कनेक्शन और घरेलू सीवर कनेक्शन के फायदे बताए। साथ ही लोगों को गीतों के माध्यम से जल संरक्षण के उपाय बताये और साफ सफाई एवं ठोस कचरा निस्तारण के तरीके के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में शहरवासियों से अपील की गयी कि वे वैध पेयजल कनेक्शन और घरेलू सीवर कनेक्यान लेकर शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि अपना शहर स्वच्छ व सुंदर बने। कार्यक्रम में कैप आरयूआईडीपी के देवेंद्र सिंह ने कॉलोनी वासियों को जल संरक्षण व स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# कुचामन नगर परिषद की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई



## मॉल कॉम्प्लेक्सों को दिया नोटिस

**कुचामन सिटी।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को बड़े स्तर पर कार्रवाई की। नगर परिषद आयुक्त देवीलाल चौधरी के निर्देश में यह अभियान चलाया गया, जिसमें शहर के कई प्रमुख इलाकों से अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई का नेतृत्व नगर परिषद एएसआई राजेन्द्र प्रसाद ने किया। टीम ने शॉपिंग मॉल के बाहर खड़ी गाड़ियों और दुकानों के सामने फैले सामान को हटाया, जो राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहे थे। यह अभियान शहर के आथुरणा दरवाजा, बालाजी बाजार, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार, और पार्क के पीछे जैसे प्रमुख इलाकों में चलाया गया। नगर परिषद टीम ने स्टार सिटी मॉल और शिव हॉस्पिटल के संचालकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से अंजाम देने के लिए पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही। इस अभियान में नगर परिषद एएसआई राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एईएन ललित गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज नवाब खान, हेड कांस्टेबल गोपाल राम मीणा, भंवर लाल चौधरी, श्रवण राम और महेश वर्मा समेत अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कुचामन में साक्षरता कार्यक्रम को लेकर बैठक

30 जून तक उल्लास एप पर ऑनलाइन एंट्री करनी होगी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** केंद्र सरकार के उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक सोमवार को कुचामन सीबीईओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सेवानिवृत्त ब्लॉक साक्षरता समन्वयक चम्पालाल कुमावत ने कार्यक्रम की जानकारी दी। कुमावत ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के असाक्षरों का सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे को 30 जून तक उल्लास एप पर ऑनलाइन दर्ज करना होगा। उन्होंने सर्वे प्रक्रिया, एप और पोर्टल से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के तहत असाक्षरों को अक्षर और संख्या ज्ञान के साथ जीवन कौशल सिखाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए सभी स्तर पर प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। शिक्षण सामग्री पीईईओ स्तर तक पहुंचा दी गई है। शिक्षार्थियों के लिए प्रवेशिका और स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए मार्गदर्शिका का वितरण शीघ्र किया जाएगा। ब्लॉक समन्वयक अमित रुलानियां के अनुसार, ब्लॉक को 10,200 असाक्षरों का सर्वे करना है। साक्षरता सन्दर्भ व्यक्ति डॉ. ईश्वर राम बेड़ा 19 मार्च और 24 सितम्बर 2023 को हुई बुनियादी साक्षरता परीक्षा के प्रमाण-पत्र वितरण की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने की अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों व चौराहों के सड़क भाग में किए गए अस्थाई अतिक्रमण को मौके पर ही हटाने की कार्रवाई की गई एवं आमजन से पुनः अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश की गई। नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा नंगली सर्किल से बिजलीघर चौराहा होते हुए भगतसिंह चौराहा, भगतसिंह से अम्बेडकर चौराहा एवं काशीराम चौराहे पर स्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान न्यास के कनिष्ठ अभियन्ता एवं नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।

### गिव अप अभियान के तहत 31 मई तक अपात्र व्यक्ति हटवा सकते हैं खाद्य सुरक्षा योजना से नाम

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 मई तक अपना नाम हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्रा व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र व्यक्तियों की सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से वसूली की जाएगी।

### पक्षियों के लिए 251 परिंडे बांटे




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच जयपुर कैपिटल ने सोमवार को गोविंद बेजुबान पक्षियों के लिए जलपात्र परिंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर मंच ने कुल 251 परिंडे निःशुल्क वितरित किए गए। मंच के अध्यक्ष विशेष ने बताया कि यह सेवा कार्य पक्षियों की प्यास बुझाने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि मंच सदैव सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। इस मौके परमंच के पूर्व अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल निखिल तथा संस्था के सदस्य अंकित अभिषेक एवं शरद की विशेष उपस्थिति रही। मारवाड़ी युवा मंच ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों एवं आस-पास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करें जिससे इस भीषण गर्मी में बेजुबान जीवों को राहत मिल सके।

### लोन दिलाने का झांसा देकर की थी 20.65 लाख रुपयों की साईबर ठगी

**जयपुर।** बारां साइबर थाना पुलिस की टीम ने फतेहपुर निवासी एक व्यक्ति को कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का झांसा देकर विभिन्न तरीकों से 20.65 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में आरोपी युवती सोनी खातून उर्फ टिया खान पुत्री नाबाबुल हुसैन (29) निवासी बलिया जिला सिवान बिहार हाल गाजियाबाद एवं देवांश सक्सेना पुत्र संजीव (22) निवासी आदित्य वर्ल्ड सिटी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राज कुमार चौधरी ने बताया कि परिवादी देवीशंकर नागर निवासी फतेहपुर जिला बारां ने साईबर पुलिस थाना बारां पर ठगी के सम्बंध में एक शिकायत दी थी। जिसके अनुसार जून 2022 में उसे आदित्य बिरला कैपिटल की महिला कर्मचारी ने कॉल कर अन्य बैकों की तुलना में कम ब्याज दर पर लोन स्वीकृत कराने का ऑफर देकर सभी पर्सनल दस्तावेज प्राप्त कर ईमेल के द्वारा लोन अप्रूवल लेटर भिजवाया था। शुरूआत में उससे फाईल चार्ज के नाम पर कुछ रूपये डलवाये गये। इसके बाद 10.70 लाख रूपये का लोन पास होने की कह लोन क्लियरेन्स व अन्य चार्ज के नाम पर 02 लाख 50 रूपये की रकम और डलवाई। इसके बाद कई अन्य चार्ज के नाम पर अलग अलग युपीआई नम्बरो पर रकम ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद अन्य बैक अधिकारी पुनित, विकास व अन्य ने फाईल केन्सिल कराने व धनराषि वापस लौटाने के बहाने अलग-अलग चार्ज बताकर लगभग 12 लाख 50 हजार रूपये किश्तों में डलवा लिये।

# अवैध रूप से खुल रही शराब की दुकानों को तुरंत बंद करें : जाटव



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बख्तपुरा ग्राम पंचायत में तीन दिन में 6 मौत के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी पहल गई अब भाजपा के पूर्व विधायक जयराम जाटव भी मृतकों के घर पहुंचे और उनके परिजनों से बातचीत की। इस दौरान बालकृष्ण ने साफ कहा कि मृतक शराब पीकर आया उसको उल्टी हुई। अस्पताल लेकर गए। निजी अस्पताल में उसको भर्ती कराया उसके बाद उसे जयपुर रैफर कर दिया जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजन में यह भी आरोप लगाया है कि शराब जो पवे में बाकी बची थी। उसको पुलिस वालों ने नष्ट कर दिया और कहा यह जहर है। उधर पूर्व विधायक जयराम जाटव ने बताया जहां क्षेत्र में 6 मृत्यु हुई है। मृतकों घर पहुंच कर परिजनों से बातचीत की तथा सरकार से आर्थिक सहयोग योजना के मुताबिक दिलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा अकबरपुर में एक ठेका है। उसका गोदाम भरतरी पर खोल दिया। वहीं अन्य जगह ब्रांच खोल दिए हैं। जो गैरकानूनी है। प्रशासन को और आबकारी विभाग को यह बंद कर देनी चाहिए। लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। पूर्व विधायक जयराम जाटव के साथ सरपंच रविंद्र पटेल, सहित धारा सिंह, स्वराज गुर्जर व अन्य लोग मौजूद रहे।


## डॉ. गर्ग ने भरतपुर के ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा

# खैमरा से समसपुर और चिकसाना से ठेई तक स्वीकृत सड़कों के निर्माण कराने के दिये निर्देश



**भरतपुर।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर विधान सभा के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर खैमरा से समसपुर और चिकसाना से ठेई गांव तक स्वीकृत सडकों का बरसात से पूर्व शीघ्र ही निर्माण कराने के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये साथ ही बांसी बिरहना, नगला पूंठिया व नगला जट्टा गांव के लिये स्वीकृत ट्यूबैल को लगवाने तथा पाइप लाइन डलवाकर पेयजल सप्लाई करने के जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन सोमवार को विधान सभा क्षेत्र के बहनेरा, सुनारी, नगला पूंठिया, इकरन, दौलतपुर, चिकसाना, पिडयानी, खैमरा सहित कई गांव का दौरा कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना। इस दौरान डॉ. गर्ग ने खैमरा से समसपुर और चिकसाना से ठेई तक स्वीकृत हुई सड़क का निरीक्षण किया और मौके से ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बरसात से पूर्व इन दोनों ही सडकों का निर्माण कराने के निर्देश दिये ताकि क्षेत्र के लोगों की राह आसान हो सके। डॉ. गर्ग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी दूरभाष पर निर्देश दिये कि बांसी-बिरहना, नगला पूंठिया और नगला जट्टा में स्वीकृत ट्यूबैल को शीघ्र लगवाये और पाइप लाइन डलवाकर पेयजल की सप्लाई शुरू कराये ताकि गर्मी के मौसम में परेशान हो रहे ग्रामीणों को पेयजल की आ रही समस्या से निजात मिल सके। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान विभिन्न सामाजिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की और रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र ही समाधान करने के निर्देश दिये।

# कलेक्टर के निर्देश पर सामान्य चिकित्सालय में लगाए गए छायादार ग्रीनशेड पर्दे



**अलवर।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा विगत दिनों किए गए राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय एवं शिशु चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालना में आज महिला चिकित्सालय एवं शिशु चिकित्सालय में मरीजों एवं आमजन को हीटवेव से बचाव छायादार ग्रीन शेड (ग्रीन पर्दे) लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य चिकित्सालय में दो दिन में छायादार ग्रीन ग्रीन पर्दे लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि छायादार परदे लगने से मरीजों को गर्मी से बचाव हेतु काफी राहत मिलेगी।

# साहित्य कला चेतना परिवार द्वारा काव्य पाठ का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** साहित्य कला चेतना परिवार नोहर द्वारा आयोजित साप्ताहिक एकल काव्य पाठ श्रृंखला की तीसरी कड़ी में एक भव्य ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट प्लेटफॉर्म पर किया गया। इस विशेष अवसर पर नोहर क्षेत्र के मूर्धन्य राजस्थानी कवि परमेश्वर प्रजापत ने अपना एकल काव्य पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार कुलदीप पारीक द्वारा किया गया। काव्य पाठ की शुरुआत ईश्वर आराधना से हुई, तत्पश्चात मातृभाषा, मातृत्व, प्रकृति, समसामयिक समस्याओं और राष्ट्रवाद जैसे विविध विषयों पर आधारित कुल आठ छंदबद्ध काव्य रचनाओं की प्रस्तुतियां दी गईं। प्रजापत की रचनाओं में दोहा, पद, छंद और कुण्डली शैलियों का अद्भुत समन्वय देखा गया। विशेष रूप से राजस्थानी भाषा की पीड़ा, भ्रूण हत्या, महिलाओं की मृत्यु दर, नशे की समस्या, तथा पाकिस्तान पर तीखा व्यंग्य करती रचना श्रोताओं को झकझोर गई। उनकी कविताओं की अलंकारिक भाषा, गूढ़ बिम्ब और प्रतीकों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। काव्य पाठ में साहित्य कला चेतना परिवार के प्रमुख सदस्य थानेश्वर शर्मा, इंद्रजीत सिहाग , सुरेंद्र सुथार, राजमोहन शर्मा, योगेंद्र कुमार पुरोहित एवं संस्थान के निदेशक कमल अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य साहित्यप्रेमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के पश्चात समन्वयक कुलदीप पारीक ने श्रोताओं से कवि के प्रति अपने विचार आमंत्रित किए। सभी ने सर्वसम्मति से परमेश्वर प्रजापत को राजस्थानी काव्य परंपरा के अग्रदूतों कन्हैयालाल सेठिया और चंद्र सिंह बिरकाली के समकक्ष माना। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रजापत की रचनाएं राजस्थानी साहित्य का भूत, वर्तमान और भविष्य अपने आप में समेटे हुए हैं। उन्होंने रचनाधर्मिता को जीवन का उद्देश्य बनाकर मातृभाषा के संवर्धन और संरक्षण का उत्कृष्ट कार्य किया है। साहित्य कला चेतना परिवार इस सफल आयोजन के लिए राजस्थानी कवि परमेश्वर प्रजापत , संचालक कुलदीप पारीक एवं सभी सहभागियों का आभार प्रकट करता है और आगे भी ऐसे सृजनात्मक आयोजनों के लिए प्रतिबद्ध है।

## अनौपचारिक कार्यबल को सशक्त बनाने के लिए निःशुल्क शिविर

# 6 से 8 मई तक श्रमिकों का पंजीयन कर ई-श्रम कार्ड जारी किए जाएंगे



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर एक सप्ताह 1 मई से 7 मई 2025 तक असंगठित कामगारों के हित में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला एवं श्रम विभाग के समन्वय से दिनांक 6 मई 2025 को हीरापुरा चौराहा चौखटी पर 7 मई 2025 को सीकर रोड व रोड नं 14 चौखटी पर तथा 8 मई 2025 को इंडिया गेटए सीतापुरा चौखटी पर ई.श्रम कार्ड बनवाए जाने एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा श्रमिकों के कल्याण के संबंध में संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु निःशुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि शिविर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने पर श्रमिक का ई.श्रम कार्ड जारी किया जाएगा। ई.श्रम कार्ड से श्रमिक को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा जिसमें से प्रमुख योजनाएं क्रमशः श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति राशि व प्रोत्साहन राशि, बच्चों के जन्म पर सहायता राशि, दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की स्थिति में वित्तीय सहायता, विभिन्न गंभीर बीमारियों के पीड़ितों हेतु सहायता, बच्चियों के विवाह के दौरान प्रोत्साहन राशि, विभिन्न बीमा योजना का लाभ, व्यावसायिक ऋण पर ब्याज के पुनर्भरण, श्रमिकों के बच्चों का उच्च शिक्षा में प्रवेश पर ट्यूशन फीसकी पुनर्भरण योजना का लाभए श्रमिकों के बच्चों का खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर वित्तीय लाभए आदि है।

ई.श्रम कार्ड के पंजीयन के लिए 18 से 60 वर्ष तक की आयु के श्रमिक पात्र हैं। उक्त शिविर में आधार कार्डए बैंक पासबुक तथा मोबाइल साथ लेकर आने पर मौके पर ही श्रमिकों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा तथा ई.श्रम कार्ड जारी किया जाएगा। इस कार्य में एक्शन एड स्वयंसेवी संस्थानए ट्रेड यूनियन और सीएससी द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

# मोटरसाईकिल चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** चित्तोड़गढ़ जिले की बेगूं थाना पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों देवकरण उर्फ देवराज उर्फ शानू उर्फ सानिया पुत्र कैलाश चंद्र गर्ग एवं रोहित मेवाड़ा पुत्र राजकुमार निवासी खुर्रा बाजार थाना बेंगू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सात मोटरसाईकिलें बरामद की है। आरोपियों से आधा दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा हुआ है। कस्बा बेगूं से तीन, चित्तौड़गढ़ हॉस्पिटल से दो, भीलवाड़ा हॉस्पिटल से एक व नीमच के रतनगढ़ से एक बाईक चोरी की थी। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि 29 अप्रैल को भीलवाड़ा जिले के आम्बा थाना बड़लियास निवासी रमेशचन्द्र लौहार की मोटरसाईकिल नया बस स्टेण्ड बेगूं से अज्ञात बदमाश चुराकर ले जाने के मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई रामदयाल के जिम्मे किया गया। इस पर पुलिस टीम द्वारा नया बस स्टेण्ड पहुच कोर्ट परिसर के सामने नाकाबन्दी करते हुए आरोपियों को चोरी की हुई मोटरसाईकिल सहित धरदबोचा।

# खिंवाड़ा : 320 किलो डोडा पोस्त बरामद



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। स्थानीय पुलिस ने रविवार देर रात को नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे तस्करों का पीछा किया तो अणेवा गांव सरहद की में डोडा पोस्त से भरी लग्जरी कार को छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान पुलिस को कार से भारी मात्रा में नशोले पदार्थ मिले। पुलिस ने कार से 17 कट्टों में भरा 220 किलोग्राम डोडा पोस्तबरामद किया। बाली सीओ राजेश यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार रात को देसूरी पुलिस ने देसूरी स्थित हरिओम आश्रम के पास नाकाबंदी की गई। इसी दौरान रात करीबन ग्यारह बजे चारभुजा से देसूरी की तरफ आ रही कार को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन तस्कर कार लेकर भाग निकले। इस पर देसूरी पुलिस ने जब पीछा किया तो तस्करों ने पुलिस पर हवाई फायर किए। पुलिस द्वारा टायर बस्ट करने के बावजूद कार भगाते रहे। इस बीच तस्कर खिंवाड़ा थाना क्षेत्र के अणेवा गांव की सरहद में डोडा पोस्त से भरी कार को छोड़कर भाग गए। खिंवाड़ा पुलिस ने कार जब्त करने के पश्चात उसमें 17 कट्टो में भरे 320 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। डोडा पोस्त में उपयोग की जा रही कार से दो जिंदा कारतूस व अलग-अलग नंबर प्लेट भी बरामद हुए। खिंवाड़ा ने मामला दर्ज कर तस्करों की तलाश में जुटी हुई हैं।

▪ पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर फरार हुए तस्कर

# मोहनदास मालवीय बने अध्यक्ष

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** श्री रांकावत बोर्डिंग आम समाज संस्था और श्री रांकावत समाज न्याति भवन संस्था रोहट की आम बैठक समाज भवन रोहट में हुई। बैठक में 4 मई को सर्व सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोहनदास मालवीय खाराबेरा को बनाया गया उपाध्यक्ष दाऊदास मंत्री लूनदास कोषाध्यक्ष गणपतदास उप मंत्री ढगलदास रेन्दडी सदस्य हरिदास सांडा मदनदास गोयल लादुदास बोराणा मदनदास उदेशा अर्जुन दास चांदोरा बालकदास रामिणा एकेक्षक भंवरदास उदेशा को बनाया गया। श्री रांकावत बोर्डिंग नवयुवक समाज संस्था रामदेव रोड पाली (लूणी पट्टी) में अध्यक्ष कालूदास माधवत उपाध्यक्ष श्रवणदास चान्दोरा मंत्री मदनदास मोगरा कोषाध्यक्ष सोहनदास माघावत जगदीश गोयल ऊंकार दास मालवीय नेनदास रामिणा हरिदास सरपरिया माधुदास माधावत सन्तोष टांक खुशाल टांक को बनाया गया सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए एवं संरक्षक मंडल का पुनर्गठन किया गया।

## घाणेराव गरासिया कॉलोनी राजस्व गांव घोषित

# लक्ष्मणनगर से मिलेगी नई पहचान

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

घाणेराव। घाणेराव पंचायत के अधीन गरासिया कॉलोनी राज्य सरकार की ओर राजस्व गांव घोषित किया गया है। जिसकी लक्ष्मणनगर के रूप में नई पहचान होगी। वहीं राजस्व गांव बनने के बाद विकास कार्य की गतिविधियों में तो बढोत्तरी होगी। वही राजस्व गांव के खसरा,जमाबन्दी,नक्शे आदि अभिलेखों को पृथक कर उनके संधारण के लिए राज्य सरकार ने जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार ने छोटी छोटी ढाणियों को विकसित करने के लिए पंचायतों से नये राजस्व गांवों को लेकर प्रस्ताव मांगे थे। जिसके तहत घाणेराव पंचायत 24 फरवरी को ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें प्रशासक समिति सदस्य व वार्डपंच दिनेश आदिवाल ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत घाणेराव दूर दूर ढाणियों में बसा



हुआ है जबकि क्षेत्रफल ओर आबादी से घाणेराव गांव बहुत बड़ा है। जिससे लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए एक नया राजस्व गांव बनाया जाये,जिसका नाम लक्ष्मणनगर रखा जाये। ग्राम सभा में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। वही बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत ने भी लक्ष्मणनगर को लेकर स्वीकृति दी। जिसके बाद देसूरी तहसीलदार ने लक्ष्मणनगर को राजस्व गांव घोषित करने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया। जिसके तहत शासन उप सचिव ने दिनांक 3 अप्रैल को नवीन राजस्व गांव लक्ष्मणनगर को घोषित किया। जिसके बाद घाणेराव पंचायत के अधीन दो राजस्व गांव हो गये है। वहीं गरासिया कॉलोनी के राजस्व गांव बनने पर क्षेत्र के लोगो ने बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत का आभार प्रकट किया।

# सत्य प्रकाश चोटिया व मदनलाल बालोटिया ने संभाला पदभार

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बाली के पद पर सत्य प्रकाश चोटिया व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर मदनलाल बालोटिया ने पद भार ग्रहण किया। न्यायिक अधिकारियों के नवीन पद भार ग्रहण करने पर वकील मंडल भवन बाली में अध्यक्ष दुदाराम चौधरी की अध्यक्षता में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महासचिव शरीफ खान ने कार्यक्रम का संचालन किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार बाकोलिया व अध्यक्ष तथा मनोनीत सदस्य मनोहर सिंह शेखा, भंवरलाल वैष्णव, नरेश शर्मा व विजयराज चौधरी स्वागत सत्कार किया। एडीजे चोटिया ने कहा कि बिना किसी पक्षपात के न्याय प्रदान किया जाएगा। बार व बैंच में सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। एसीजेएम बालोटिया ने कहा कि बार व बैंच में कभी मतभेद या टकराव होने पर मिलकर समाधान का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में मनोनीत सदस्य कैलाश पारंगी ने सहयोग प्रदान किया तथा कार्यकारिणी के सदस्य सोहन सिंह सोलंकी, जयेश जानी, विक्रम सिंह सोलंकी, राहुल भंडारी सहित बार एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

# कोलीवाड़ा में पौधारोपण किया, पक्षियों को लगाए परिंडे

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। ग्राम कोलीवाड़ा में पर्यावरण प्रेमी लोकेश माधव के जन्म दिवस के उपलक्ष पर रविवार को शिव मंदिर में पौधारोपण एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर नियमित रूप से परिंडा में चुग्गा पानी की व्यवस्था और पेड़ पौधों की सार संभाल की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभीजन और मित्र मंडली ने लोकेश माधव



को बधाई दी। साथ ही मित्र मंडली के सभी युवाओं ने संकल्प लिया कि वह अपने-अपने जन्म दिवस पर पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा, जीव दया, भूमि संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करेंगे। ग्राम विकास खंड संयोजक मनोहर सिंह ने वन पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा कर युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ युवा भारत के प्रांत संयोजक नरेंद्र आस्था, ग्राम पंचायत सदस्य दिनेश माली, छगनलाल, प्रवीण लुखावत, करण राठौड़, योगेश, राहुल, जितेन्द्र, उदयराज, भरत, तरूण, नरेश सहित मित्र मंडली उपस्थित रहीं।

# आरक्षण की मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री से चर्चा

## संयुक्त संगठन ने मांग पत्र सौंपा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन की आरक्षण से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर संगठन की उच्च स्तरीय समिति ने प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से उनके जयपुर स्थित निवास स्थान पर वार्ता आयोजित की। संगठन के प्रदेश संगठन सचिव प्रकाश मेवाडा मुंडारा , प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा सुमेरपुर, पाली जिलाध्यक्ष लक्ष्मण मीणा पोमावा ने बताया कि वार्ता में संगठन के मांगपत्र जिसमें मुख्य मांगे शामिल रहीं। सभी विभागों मे लंबित बैकलॉग को एक विशेष भर्ती अभियान चलाकर निश्चित समय सीमा में भरना, प्रदेश की सभी निजी एवं सरकारी संस्थाओं में की जा रही संविदा /ठेका व्यवस्था भर्ती में पूरा आरक्षण दिया जाए, आरक्षित वर्गो



के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृति वर्तमान महंगाई सूचकांक के अनुसार बढ़ाकर समय पर दें ,नई भर्तियों और पदोन्नति में हो रहे नुकसान को दूर कर पूरा आरक्षण लाभ देते हुए संशोधित विज्ञापन जारी कराने एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को पदोन्नति में आरक्षण लाभ दिलाने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल मांगपत्र पर उपमुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे जल्दी ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा करेंगे और मांगपत्र में वर्णित मांगों से संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक समिति बनाकर संगठन की उच्च अधिकार समिति से वार्ता की जाएगी। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान मे सरकार से जो हमारी सकारात्मक वार्ता चल रही है, उससे पूरे आरक्षित वर्ग का भला होने के आसार लग रहे है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष के साथ उच्च अधिकार समिति के सदस्य डॉ कुसुमलता मीणा, कल्याण सहाय मीणा, सूरज मल पालीवाल, डॉ चंद्रशेखर मीणा, श्रीराम मीणा, मोहन लाल मीणा, कैलाश चंद मीणा, कैलाश चंद मीणा, सहायक आचार्य विजेंद्र कुमार मीणा एवं सुरेश कुमार जीनागल, रामरतन मीणा, कमलेश बैरवा, झाला जी एवं ओमप्रकाश बैरवा उपस्थिति रहे।

## खीमेल के मंदिर में वार्षिक पाटोत्सव

# बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, खुशहाली की कामना

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानी। रानी के पास खीमेल गांव के श्रीमाली पोल स्थित सती माता मंदिर में वार्षिक पाटोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर माता के दर्शन किए और पावाधोक नमन कर खुशहाली की कामना की। दिनेश दुर्गाशंकर दवे परिवार ने माता की प्रतिमा का श्रृंगार किया। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ पाटोत्सव का शुभारंभ हुआ।

श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। माता को लापसी का बाल भोग लगाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सुरेशकुमार जे. दवे, डॉक्टर किशनलाल दवे, जगदीश दवे, कैलाश दवे, मिलाप दवे, राजेश दवे, राकेश दवे, कीर्ति ओझा, जयदीप कुलदीप, रणछोड़ लाल त्रिवेदी



और श्यामदास वैष्णव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली उपखंड के नाना थाना क्षेत्र के हिरोला गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। मालनू निवासी रमेश कुमार मीना अपनी बहन के घर टिन शेड का काम कर रहे थे। इस दौरान वे 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही एएसआई आशुराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक के पिता का नाम तुलसाराम था। मालनु सरपंच रमेश मीणा ने बताया कि यह घटना परिवार के लिए बड़ा आघात है। दो साल पहले रमेश के बड़े भाई की भी मौत हो चुकी थी। रमेश अपनी विधवा मां और दो भाइयों का पालन-पोषण कर रहे थे। उन्होंने 6 महीने पहले ही एक ट्रैक्टर खरीदा था। इस घटना से परिजन बेहद दुखी हैं।

## रानी में बदला मौसम का मिजाज

# तेज हवा के साथ 45 मिनट तक बारिश, निचले इलाकों में जलभराव

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** रानी नगर और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह मौसम ने करवट बदली। सवा छह बजे से शुरू हुई तेज बारिश और तूफानी हवाओं ने क्षेत्र में अंधेरा कर दिया। यह लगातार दूसरे दिन की बारिश है। बारिश और तेज हवाओं के कारण दुकानों और घरों के बाहर लगे तिरपाल, टेंट और होर्डिंग बोर्ड उड़ गए। निचले इलाकों की गलियों में पानी भर गया। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण क्षेत्र में लू और गर्मी का प्रकोप कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में और बारिश की संभावना है।



# बेकाबू स्कॉर्पियो पलटी, दूल्हा-दुल्हन समेत 10 घायल

## शादी के बाद मंदिर में जात देने जा रहे थे; सभी की हालत खतरे से बाहर

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में सोमवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो हाईवे पर पलट गई। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर है। 30 अप्रैल को शादी हुई थी और दूल्हा दुल्हन परिजनों के साथ मंदिर जात देने के लिए जा रहे थे। इस दौरान ये हादसा हो गया। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर है।



### बेकाबू होकर पलटी स्कॉर्पियो

सदर थाने के ASI राजेंद्र चौधरी ने बताया कि जोधपुर के एयरफोर्स निवासी अर्जुन पुत्र बंशीलाल की शादी 30 अप्रैल को हुई थी। सोजत के निकट मंदिर में दर्शन (जात) देने दूल्हा दुल्हन सहित परिवार के 10 लोग स्कॉर्पियो से जा रहे थे। इस दौरान जाडन टोल नाके के पास स्कॉर्पियो असंतुलित होकर पलट गई।

### ये हुए घायल

इस हादसे में जोधपुर निवासी बसंती (40) पत्नी नंदकिशोर, रजनी (35) पत्नी सुमित, संजना (34) पत्नी अर्जुन, खुशबू (21) पुत्री नंदकिशोर, अर्जुन (36) पुत्र बंशीलाल, हेमंत (26) पुत्र रतनलाल, हिमांशु () पुत्र राधेश्याम, पूजा (35) पत्नी राधेश्याम, रामेश्वरी (40) पत्नी रतनलाल, सृष्टि (5) पुत्री दीपक घायल हो गए।

## 29 मई को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की 506वीं जयंती

# वाहन रैली निकालने का लिया निर्णय

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** नाडोल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 506वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया 29 मई को आशापुरा माताजी मंदिर प्रांगण में यह कार्यक्रम होगा।

महावीर सिंह कुंपावत गुड़ा भीम सिंह ने बताया कि रविवार को मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया गया।



राजस्थान के इतिहास में महाराणा प्रताप का विशेष स्थान है। उनका जीवन साहस, बलिदान और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनकी विरासत न्याय और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वालों के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में राजपूत समाज सहित सभी समाज के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बैठक में हनवंत सिंह सोलंकी, सुगन सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह राठौड़, देवी सिंह राठौड़, हुकम सिंह राणावत, नार सिंह खींची, विक्रम सिंह राठौड़, रवींद्र सिंह राठौड़, रघुवीर सिंह राठौड़, टपसा सोलंकी और अर्जुन सिंह सोनीगरा उपस्थित थे।

# जेल में फेंके बीड़ी-सिगरेट के पैकेट, आरोपी गिरफ्तार

पाली। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिला कारागृह में पीछे की दीवार के पास खड़े होकर जेल के अंदर बीड़ी-सिगरेट फेंकने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसका मेडिकल करवाने सोमवार को उसे बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। पुलिस के अनुसार पाली शहर के मंडिया रोड कालूजी की बगेची क्षेत्र में रहने वाला 26 वर्षीय करण पुत्र अनिल कुमार ने 13 अप्रेल को जेल के पीछे की दीवार नवलखा रोड की तरफ से खड़े होकर जेल में बीड़ी-सिगरेट के बंडल फेंके थे।

# पाली जार कार्यकारिणी का विस्तार

**पाली।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ( जार ) प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री व प्रदेश संयोजक व चुनाव प्रभारी ओम चतुर्वेदी की सहमति से पाली जिलाध्यक्ष रविन्द्र सोनी ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिला कार्यकारिणी में अमृतलाल कुमावत को संरक्षक बनाये गए, वे पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके है। साथ कार्यकारणी विस्तार में तोषचंद्र चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल को उपाध्यक्ष, मुकेश राजा को सचिव बनाएं गए है। वही गिरादड़ा के दिनेश कुमार शर्मा व फालना के सुजाराम चौधरी को जिला संगठन मंत्री बनाये गए है। पाली जिला कार्यकारिणी में जितेन्द्र कच्छवाह, ओम नारायण पराशर (सोजत), अजयसिंह तोमर (मारवाड़ जंक्शन), मुकेश सोनी, गोपाल भाटी, धर्मेंद्र वैष्णव व हिमांशु पलोड (रानी) को कार्यकारणी सदस्य बनाए गए है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल सायन, मुंबई 400022
क्र. एलटीएच/एसडी/52/एम दि. 05.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

यह ई-निविदा सूचना है। आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका की ओर से निम्नानुसार तीन लिफाफा पद्धति में ई-निविदा आमंत्रित है। ई-निविदा की प्रतिलिपी ई-अधिप्राप्ति सेक्शन अंतर्गत महाटेंडर्स पोर्टल (http://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड कर सकते है।

कार्य का नामः स्टैपलर एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल एक कार्ट्रीज नीले एवं हरे सहित 56-60एमएम टायटेनियम लाइनर कटर।

| क्र. | विवरण | ई-निविदा शुल्क(रु.) | ईएमडी (रु.) | बोली प्रारंभ की दिनांक व समय | बोली जमा करने की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टैपलर एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल एक कार्ट्रीज नीले एवं हरे सहित 56-60एमएम टायटेनियम लाइनर कटर। 110 नग। बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1176797) | रु. 1452/- + 18% जीएसटी | रु. 20,000/- | 03.05.2025 शाम 4.00 बजे (1400 बजे) | 08.05.2025 शाम 4.00 बजे (1400 बजे) |

निविदा की अधिक जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार महाटेंडर्स पोर्टल वेबसाइट http://mahatenders.gov.in देखें।
निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./-
डीन
एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल, सायन

PRO/321/ADV/2025-26

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

के.ई.एम. हॉस्पिटल, परेल, मुंबई 400012

**ई-निविदा सूचना**

नं. केईएम/788/एईएमई दिनांक 05.05.2025

यह ई-निविदा सूचना है। महापालिका आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा मद दर आधार पर निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित हैः

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ईएमडी तथा जांच शुल्क (एस.एफ) रु. | बोली प्रारंभ की दिनांक व समय | बोली समापन की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | के.ई.एम. हॉस्पिटल में सीवीटीसी ओटी में अन्य सहायक कार्य सहित लेमिनर फलो हेतु सीमलेस सीलिंग का प्रावधान एवं फिक्सींग। **बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1177186-1** | 21000/- @1 % | 06.05.2025 (17.00 बजे) | 13.05.2025 (17.00 बजे) |
| 2 | के.ई.एम. हॉस्पिटल में एम.एस. बिल्डींग में सहायक कार्यों सहित विविध इलेक्ट्रिक सर्विस केबिनों की परिचालन दशाओं का उन्नतिकरण। **बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1177190-1** | 13000/- @1 % | 06.05.2025 (17.00 बजे) | 13.05.2025 (17.00 बजे) |
| 3 | के.ई.एम. हॉस्पिटल में विभिन्न विभागों में विभिन्न सुरक्षा सेवा प्रदान करना। **बोली क्र. 2024-एमसीजीएम-1177188-1** | 10000/- @1 % | 06.05.2025 (17.00 बजे) | 13.05.2025 (17.00 बजे) |
| 4 | पात्रता मापदंड (लिफाफा ए) | 14.05.2025 17.30 बजे | | |
| 5 | तकनीकी बोली (लिफाफा बी) | 14.05.2025 17.30 बजे | | |
| 6 | कमर्शियल बोली (लिफाफा सी) | निर्धारित कार्यक्रम अनुसार | | |

निविदा की अधिक जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार https:mahatenders.gov.in पोर्टल देखें। निविदाकार नोट करें कि इस निविदा संबंधित कोई भी शुद्धि पत्र केवल एमसीजीएम पोर्टल पर ही जारी किया जाएगा। स्थानिय समाचार पत्रों में शुद्धि पत्र प्रकाशित नहीं होगा।

**निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।**

हस्ता./-
डीन (केईएम हॉस्पिटल)

PRO/329/ADV/2025-26

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# प्लेऑफ की दावेदारी

## मुंबई को दो मैच जीतना जरूरी, गुजरात से आज होगी टक्कर





नई दिल्ली। प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिये बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा।

### गुजरात के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहतरीन

मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिये हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है।

### गुजरात के गेंदबाज रबाडा पर लगा प्रतिबंध

हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेलटन (334 रन) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। वहीं कैगिसो रबाडा की गैर मौजूदगी में भी गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रबाडा मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पायेंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिये हैं।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

**मुंबई इंडियंसः** सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान सरकार ने उठाया कदम

# पाकिस्तान में आईपीएल बैन

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए आईपीएल 2025 की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी है। यह फैसला शुक्रवार देर रात लिया गया और यह उन सभी पाकिस्तानी वेबसाइट और ऐप पर लागू होता है जो पहले से ही आईपीएल मैच दिखा रहे थे।

### पीएसएल पर प्रतिबंध लगाने के बाद फैसला

- दरअसल यह कदम भारत द्वारा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 का प्रसारण रोक दिए जाने के बाद उठाया गया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीएसएल का प्रसारण रोकने का फैसला किया था। 24 अप्रैल को, भारतीय स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म फैनकोड, जिसके पास पीएसएल मैचों के आधिकारिक स्ट्रीमिंग अधिकार हैं, ने घोषणा की कि वह तत्काल प्रभाव से पीएसएल का प्रसारण रोक रहा है।

### कश्मीर में मारे गए थे 26 पर्यटक

- कश्मीर में छुट्टियां मनाने गए 26 से अधिक निर्दोष भारतीय पर्यटकों की पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान चली गई थी। इसके बाद भारत ने न केवल पीएसएल का प्रसारण रोक दिया बल्कि शोएब अख्तर और शाहिद अफरीदी समेत कई प्रमुख पाकिस्तानी क्रिकेटरों के सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लॉक कर दिए। इसी को ध्यान में रखते हुए अब पाकिस्तान ने भी अपने देश में आईपीएल स्ट्रीमिंग पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।

# टेस्ट सीरीज में बुमराह नहीं होंगे उपकप्तान

20 जून से शुरू होगी भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज



नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को देखते हुए भारतीय टीम मैनेजमेंट एक बड़ा फैसला कर सकती है। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उपकप्तान की भूमिका नहीं दी जाएगी। यह सीरीज भारत के अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत होगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से शुरू होना है। ऑस्ट्रेलिया में भारत के उप-कप्तान और स्टैंड-इन कप्तान रहे बुमराह को इस सीरीज में बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी जाने की बात सामने आई है।

### अलग-अलग डिप्टी होंगे नियुक्त

- रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता एक ऐसे खिलाड़ी को कप्तान और उप-कप्तान के रूप में रखना चाहते थे जो सभी 5 टेस्ट मैचों में हिस्सा ले। बुमराह सभी 5 मैच नहीं खेलेंगे। "हम एक ऐसा खिलाड़ी चाहते हैं जो सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहे और उसे उप-कप्तान की भूमिका दी जानी चाहिए। बुमराह सभी पांच मैच नहीं खेलेंगे, इसलिए हम अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग डिप्टी नियुक्त नहीं करना चाहते। बेहतर होगा कि कप्तान और उप-कप्तान सुनिश्चित हों और सभी पांच टेस्ट खेलें।" बता दें कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पीठ की चोट से जूझने वाले बुमराह ने करीब 3 महीने मैदान से बाहर रहने के बाद आईपीएल में वापसी की। पिछले कैलेंडर साल में वह भारत की ओर से ज्यादा क्रिकेट खेलने वाले क्रिकेटर रहे थे। चयनकर्ताओं ने फैसला किया है कि वह इंग्लैंड में सभी 5 टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। चोट के कारण बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल 2025 के लगभग पहले हाफ से चूक गए थे।

# प्रभसिमरन के जज्बे को सलाम

**नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने लखनऊ के खिलाफ खेले गए मैच में बल्ले स शानदार प्रदर्शन कर महफिल लूट ली। मात्र 48 गेंद में 7 छक्कों और 6 चौकों के साथ प्रभसिमरन ने 91 रन कूटे, जिससे पंजाब ने लखनऊ के खिलाफ 237 रन का विशाल लक्ष्य रखा। इसके जवाब में लखनऊ की टीम 37 रन से हार गई। मैच में प्रभसिमरन सिंह के जज्बे की तारीफ हो रही है। मैच के बाद प्रभसिमरन के चाचा ने बताया कि उनके पिता बीमारी से जूझ रहे हैं। किडनी फेल होने के चलते उन्हें हफ्ते में तीन बार डायलिसिस से गुजरना पड़ रहा हैं।**

## पिता लड़ रहे जिंदगी और मौत की लड़ाई, बेटे ने बरसाए रन



### हर किसी का दिल जीत रहे प्रभसिमरन

प्रभसिमरन सिंह ने आईपीएल 2025 में 11 मैच खेलते हुए 170 की स्ट्राइक रेट से अब तक 437 रन बना लिए हैं। एक इंटरव्यू में उनके चाचा सतविंदर सिंह ने बताया कि उनके भाई की तबीयत खराब है। प्रभसिमरन के पिता 3 बार हफ्ते में डायलिसिस से गुजर रहे हैं। ऐसे में टूर्नामेंट छोड़कर घर जाने की बजाय प्रभसिमरन टीम के लिए जीत की नींव रखकर दिल जीत रहे हैं।

### प्रभसिमरन ने किया वीडियो कॉल

पंजाब किंग्स की जीत के बाद सोमवार को प्रभसिमरन सिंह ने अपने पिता को फोन लगाया। सतविंदरपाल ने बताया कि सिम्मू ने सोमवार सुबह को पिता की हाल चाल पूछी। इस दौरान भी मेरा भाई ने ये कहा कि क्यों उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया, वो भी शतक के करीब पहुंचकर। जब वह सिम्मू पर चिल्ला रहे थे तो वह लंबी-लंबी सांसें ले रहे थे और मैं हमेशा उन्हें कहता हूं कि बच्चे की तारीफ करो, वह शानदार खेल रहा है।

# एलएसजी को प्लेऑफ में एंट्री की उम्मीद?



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ जीत के लिए 237 रन का विशाल लक्ष्य रखा। लेकिन लखनऊ की टीम ने 199 रन ही बना सकी और उसे 37 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ लखनऊ के लिए प्लेऑफ में पहुंचना काफी मुश्किल हो गया है। लखनऊ के 11 मैचों में 10 ही अंक हैं और अब उसके केवल तीन मैच ही शेष हैं। दरअसल, लखनऊ की टीम को अगर अभी प्लेऑफ में पहुंचना है तो उसे अपने बाकी बचे तीनों ही मुकाबले जीतने होंगे और इसके साथ ही रनरेट भी बेहतर करना होगा। अपने सारे मैच जीतकर भी टीम 16 अंक पर ही पहुंच पाएगी अगर ऐसा होता है तो भी उसका प्लेऑफ में पहुंचना तय नहीं होगा क्योंकि उसे अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

# श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 54वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 37 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही प्वाइंट्स टेबल में पंजाब किंग्स की टीम दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब इस समय 15 प्वाइंट्स और +0.376 के रन रेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 25 गेंद पर 45 रन की पारी खेलकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर आईपीएल में बतौर कप्तान आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 400 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज के तौर पर संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। यह चौथी बार है जब बतौर कप्तान अय्यर ने एक आईपीएल सीजन में 400 से ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है। बता दें कि आईपीएल सीज़न में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 400+ रन बनाने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है।

# मनोरंजन

## स्ट्रैपलेस ब्लाउज में छाईं निधि भानुशाली

हाल ही में निधि भानुशाली ने ग्लैमरस फोटोशूट शेयर किया है। इसमें उनके लुक से नजरें हटा पाना पॉसिबल नहीं है। वो बहुत गॉर्जियस लग रही हैं। हाल ही में निधि भानुशाली ने ग्लैमरस फोटोशूट शेयर किया है। इसमें उनके लुक से नजरें हटा पाना पॉसिबल नहीं है। वो बहुत गॉर्जियस लग रही हैं। उन्होंने ब्लैक साड़ी के साथ स्ट्रैपलेस ब्लाउज कैरी किया है। निधि ने व्हाइट कलर की चूड़ियां पहनी हैं। वो कमर फ्लॉन्ट करती नजर आईं। उन्होंने ब्लैक साड़ी के साथ स्ट्रैपलेस ब्लाउज कैरी किया है। निधि ने व्हाइट कलर की चूड़ियां पहनी हैं। वो कमर फ्लॉन्ट करती नजर आईं। निधि ने टैटू भी फ्लॉन्ट किए। उन्होंने लॉन्ग झुमके और कमरबंद भी पहना था। जो उनके लुक को निखार रहा था।

निधि ने टैटू भी फ्लॉन्ट किए। उन्होंने लॉन्ग झुमके और कमरबंद भी पहना था। जो उनके लुक को निखार रहा था। निधि ने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए स्मोकी आईमेकअप लिया। कर्ली हेयरस्टाइल लुक में चार चांद लगा रहे हैं। निधि की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। निधि ने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए स्मोकी आईमेकअप लिया। कर्ली हेयरस्टाइल लुक में चार चांद लगा रहे हैं। निधि की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। फैंस निधि के लुक को पसंद कर रहे हैं। लोग उन्हें हॉट बोल रहे हैं। एक यूजर ने तारक मेहता की बबीता जी (मुनमुन दत्ता) से कंपेयर कर दिया। यूजर ने लिखा- सोनू के सामने बबीता जी हुईं फेल। कुछ लोगों को निधि का लुक करीना कपूर की फिल्म अशोका से इंस्पायर लगा। करीना ने भी फिल्म में ऐसा ही लुक कैरी किया था। निधि ने शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में सालों काम किया। वो सोनू आत्माराम भिड़े के रोल में दिखीं।






## 'सितारे जमीन पर' का फर्स्ट लुक आउट

आमिर खान की मोस्ट अवेटेड स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म सितारे जमीन पर का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है। आमिर खान अपनी इस फिल्म पर कई बार बोल चुके हैं और इसलिए उनके फैंस इस फिल्म के इंतजार में बैठे हैं। ऐसे में आमिर ने अपने फैंस को ज्यादा इंतजार ना कराते हुए फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज डेट का आधिकारिक तौर पर एलान कर दिया है। आमिर खान प्रोडक्शन के सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज डेट और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। आमिर खान प्रोड्क्शन ने 5 मई को अपने इंस्टाग्राम पेज पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है, वो फिल्म जो प्यार, हंसी और खुशियों को सेलिब्रेट करती है, सितारे जमीन पर, सबका अपना-अपना नॉर्मल 20 जून 2025 को थिएटर में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज डेट के साथ फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें आमिर खान अपनी बास्केट बॉल टीम के साथ बैठे हैं और पीछे उनकी टीम के खिलाड़ी अलग-अलग अंदाज में खड़े हैं। वहीं, पोस्टर में एक तस्वीर आमिर खान की ऊपर भी दिख रही है। फिल्म को आर एस प्रसन्ना ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव है। यह फिल्म साल 2018 में आई स्पेनिश फिल्म चैंपियंस से ली गई है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जी श्रीनिवस रेड्डी ने की है। फिल्म में शंकर-एहसान-लॉय का म्यूजिक है। फिल्म की भाषा हिंदी है। सितारे जमीन पर की मुख्य स्टारकास्ट आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा हैं। बता दें, सितारे जमीन पर का एलान अक्टूबर 2023 में हुआ था। वहीं, अप्रैल 2025 में फिल्म की प्रिंसिपल फोटोग्राफी हुई थी। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हुई थी। इसके बाद दिल्ली और वडोदरा में फिल्म की शूटिंग हुई थी। जून 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हुई थी।

## उर्फी जावेद पहुंचीं मंदिर



उर्फी जावेद अपने कुछ इंटरव्यूज में इस्लाम के खिलाफ बोल चुकी हैं। अब उन्होंने घुटनों के बाल बाबा सोम बाबुलनाथ की सीढ़ियों की चढ़ाई की और मंदिर पहुंचीं। उर्फी ने अपनी एक वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। वह सिर पर कैप और दुपट्टा लगाए दिख रही हैं। क्लिप में उर्फी मंदिर के लिए चढ़ाई करते वक्त काफी खुश दिख रही हैं। उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप लगाई है। इसमें वह मुंबई के सोम बाबुलनाध मंदिर में हैं। उर्फी घुटनों के बल सीढ़ियां चढ़ रही हैं और इस तरह के गेटअप में हैं कि कोई उन्हें पहचान न सके। उर्फी ने जींस-टीशर्ट पहनी है। सिर पर कैप लगाकर दुपट्टा भी ओढ़े हैं। उर्फी ने लिखा है कि उन्हें घुटनों के बल चढ़ाई करने में सिर्फ एक दिक्कत हुई वो थी उनका दुपट्टा। दुपट्टा बार-बार आगे गिर रहा था जिसे उर्फी को पीछे करना पड़ रहा था। उर्फी पहले भी मंदिरों में दर्शन करने जाती रही हैं। जनवरी में वह राजस्थान के कंबेश्वर महाराज मंदिर जा चुकी हैं। वहां 400 सीढ़ियों की चढ़ाई की थी। उर्फी बोल चुकी हैं कि वह इस्लाम को नहीं मानती हैं न ही मुस्लिम लड़के से शादी करना चाहती हैं। 'मैं मुस्लिम हूं और सबसे ज्यादा नफरत मुसलमानों से मिलती है।'

## एजाज खान पर रेप का आरोप



हाउस अरेस्ट फेम एक्टर एजाज खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाउस अरेस्ट मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद अब एजाज खान के खिलाफ मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में रेप का मामला दर्ज हुआ है। एक्ट्रेस की शिकायत पर चारकोप पुलिस ने एजाज के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया। पीड़ित एक्ट्रेस के अनुसार एजाज खान ने अपने हाउस अरेस्ट शो में उन्हें होस्ट का रोल देने के लिए बुलाया था। जब शूट चल रहा था तभी एजाज खान ने पीड़ित को पहले प्रपोज किया और बाद में धर्म बदलकर शादी करने का वादा किया। एक्ट्रेस के घर जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। जिसके बाद रविवार शाम पीड़ित एक्ट्रेस ने चारकोप पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया। एजाज खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 64, 64(2 एम), 69, 74 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एजाज खान के खिलाफ रेप का मामला दर्ज होने के बाद से एजाज खान पुलिस के संपर्क में नहीं हैं।

## जब भीड़ में ही करीना को देख हैरान हुए जुरासिक पार्क के डायरेक्टर



यूं तो करीना कपूर ने फिल्म थ्री इडियट्स में काम किया। हाल ही में करीना वेव्स समिट में जब शिरकत करने पहुंची तो उन्होंने इस फिल्म के जरिए विदेशों में हुई पहचान का जिक्र किया। करीना कपूर से हॉलीवुड फिल्मों को लेकर सवाल किया गया।

करीना कपूर ने जुरासिक पार्क के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर स्टीवन स्पिलबर्ग से हुई मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा कि हॉलीवुड डायरेक्टर ने इस फिल्म को देखा था और उन्हें मैं याद थी।

करीना ने कहा कि स्टीवन स्पिलबर्ग ने थ्री इडियट्स में मेरे काम पर गौर किया था। करीना ने कहा कि वो एक बार एक रेस्टोरेंट में गई थी। वहां स्टीवन स्पिलबर्ग भी मौजूद थे। वो खुद करीना कपूर के पास चलकर आए और कहा कि तुम वही लड़की हो ना जो थ्री इडियट में थी। करीना कपूर ने कहा कि जी हां, वही हूं। इस पर स्टीफन ने कहा कि माय गॉड, मुझे वो फिल्म बहुत ही पसंद है।

मुख्यमंत्री का गुजरात दौरा

# प्रवासी राजस्थानियों ने प्रदेश को किया गौरवान्वित : शर्मा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वडोदरा/जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि विश्वभर में राजस्थान के प्रवासी प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। वे अपनी कर्मभूमि के साथ-साथ मातृभूमि से भी जुड़े रहते हैं। राजस्थान के प्रवासी विश्वभर में चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल सहित विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को पूरा करने में योगदान दें। मुख्यमंत्री श्री शर्मा गुजरात के वडोदरा में राजस्थानी समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।



- 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्प सिद्धि में प्रवासी निभाएं अपनी भूमिका
- अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही राजस्थान सरकार

### 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान में को प्रतिसाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार के 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के तहत भामाशाहों और प्रवासी भाई-बहनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसके तहत राज्य में लगभग 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा।

### 37 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

- उन्होंने कहा कि दिसंबर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट किया गया। इसमें लगभग 37 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 3 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की जा चुकी है।

### हमारी सरकार में एक भी पेपरलीक नहीं

- शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक की कई घटनाएं हुईं। हमारी सरकार भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवा रही है। हमारी सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है।

### गुजरात तथा राजस्थान एक सिक्के के दो पहलू

शर्मा ने कहा कि प्रदेश की पानी की जरूरत को प्राथमिकता देते हुए रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना सहित अन्य जल परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि गुजरात तथा राजस्थान दोनों राज्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

मुख्यमंत्री ने की जनसुनवाई

## मौके पर परिवेदनाएं निपटाकर आमजन को दी राहत



- अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश
- ब्रेन ट्यूमर पीड़ित मरीज का अब होगा शीघ्र इलाज

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की प्रत्येक समस्या को सुना और अधिकारियों को इनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जवाबदेहिता सुनिश्चित करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आए प्रत्येक फरियादी को उसकी समस्या के समाधान के लिए चल रही प्रक्रिया के बारे में नियमित रूप से अवगत करवाया जाए, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो तथा आमजन को राहत मिले।

# तूफान ने मचाया गदर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान के मौसम में आए बदलाव ने अब कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। मौसम के बदलाव के इस दौर में पाली जिले में सोमवार सुबह-सुबह इतना तेज तूफान आया कि यहां पटरियों पर दौड़ रही मालगाड़ी में रखे कंटेनर तक हवा के तेज झोंके सह नहीं पाए और नीचे गिर गए।

## पटरियों पर दौड़ती मालगाड़ी से गिरे कंटेनर

हालांकि ये कंटेनर खाली थे और एक के ऊपर एक रखे हुए थे। लेकिन चलती गाड़ी से कंटेनर गिरने के कारण ट्रैक किनारे लगे बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बाद में ट्रेन को रोका गया। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी वहां पहुंचे। जानकारी के अनुसार राजस्थान के अन्य हिस्सों की तरह की पाली में भी रविवार रात से ही मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ था। आंधी बारिश का दौर चल रहा था। लेकिन सोमवार सवेरे पाली जिले के बर इलाके में जोरदार तूफान आया। इसके कारण सुबह करीब साढ़े सात बजे वहां रेलवे ट्रैक से एक मालगाड़ी दिल्ली से अहमदाबाद जा रही थी। मालगाड़ी में खाली कंटेनर रखे हुए थे। हवा की स्पीड इतनी तेज थी कि भारी भरकम लोहे के कंटेनर उनका मुकाबला नहीं कर सके।

### दीपावास गांव के पास तीन कंटेनर नीचे गिरे

दीपावास गांव के पास मालगाड़ी में रखे तीन कंटेनर तेज हवा के झोंके के साथ एक बाद एक करके नीचे गिर गए। कंटेनरों के गिरने की आवाज आते ही ट्रेन का स्टाफ सहम गया। उनको जैसे ही कंटेनर गिरने का पता चला तो उन्होंने ट्रेन के ब्रेक लगा दिए। बाद में नीचे उतरकर हालात देखे। फिर रेलवे प्रबंधन को सूचना दी। मूविंग ट्रेन से कंटेनर गिरने से ट्रैक किनारे लगे बिजली के पोल को खासा नुकसान पहुंचा। वहीं बिजली की लाइन भी गड़बड़ा गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी तकनीकी कर्मचारियों को लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने बिजली की लाइन तत्काल दुरुस्त करवाकर ट्रेन को वहां से रवाना किया। उसके बाद वहां गिरे कंटेनर को उठाने के लिए आगे की कार्रवाई शुरू की। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात के बाद रविवार को सुबह भी राजस्थान के कई इलाकों में तेज अंधड़ के बाद बारिश शुरू हो गई। अजमेर समेत कई अन्य इलाकों में भी तेज अंधड़ के कारण नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं।

## राज्यपाल से मिले केंद्रीय राज्य मंत्री मेघवाल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से नई दिल्ली स्थित जोधपुर हाउस में सोमवार को विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों और राजस्थान के विकास पर चर्चा की। राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री मेघवाल की यह शिष्टाचार भेंट थी।

पंचायतीराज उप चुनाव

## 26 मई को मतदान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाड़मेर जिले की पंचायती राज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव 26 मई को होंगे। इसके लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि उप चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान लागू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 9 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी। पंचायत समिति सदस्य के लिए बुधवार 14 मई तक रविवार को छोड़कर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जबकि गुरुवार 15 मई को सुबह 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन करते हुए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोमवार 26 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात संबंधित पंचायत मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी। सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए 9 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से नियम 23 सपठित 56 के अन्तर्गत निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी। बुधवार 14 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

## आवासन मंडल करेगा आमजन के आवास का सपना साकार

50% तक की छूट पर मिलेंगे निर्मित आवास और फ्लैट




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अपने आवास का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। राजस्थान आवासन मण्डल मंगलवार से 28 मई तक जयपुर, कोटा, बाड़मेर, जोधपुर, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा में कैंप लगाकर निर्मित आवास और फ्लैट का बेचान करेगा। आवासन आयुक्त डा. रश्मि शर्मा ने बताया कि कैम्प में उपलब्ध संपत्तियों की खरीद पर 50% तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जयपुर में जोबनेर रोड स्थित महला आवासीय योजना में 6 और 7 मई को कैम्प लगाकर विभिन्न आय वर्ग के लिए फ्लैट्स उपलब्ध करवाए जा रहे हैं जिनकी शुरुआती कीमत 4 लाख 70 हज़ार 500 रुपए है। डॉ. शर्मा ने बताया कि जयपुर में महला आवासीय योजना के अलावा बाड़मेर में मगरा आवासीय योजना तथा कोटा में चोमहेला आवासीय योजना के लिए 6 और 7 मई को शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 और 14 मई को जोधपुर की विवेक विहार आवासीय योजना, कूड़ी भगतासनी योजना के साथ ही कोटा की छीपाबड़ौद योजना के लिए, 20 और 21 मई को कोटा की आवासीय योजना छबड़ा और आवासीय योजना मांगरोल तो वहीं भीलवाड़ा के सुवाना आवासीय योजना और प्रतापगढ़ की आवासीय योजना के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। 27 मई और 28 मई को परतापुर आवासीय योजना और आवासीय योजना नैनवा के लिए शिविर का आयोजन होगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट : लखनऊ बेंच का फैसला

## राहुल की नागरिकता का मामला खत्म

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी को बड़ी राहत देते हुए उनकी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका को खत्म कर दिया है। हालांकि



हाईकोर्ट ने इस फैसले के साथ ही याची एस. विग्नेश शिशिर को एक खास छूट दी है। कोर्ट ने कहा है कि वह इस मामले में अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकते हैं। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस ए. आर. मसूदी व जस्टिस राजीव सिंह की बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार याची की शिकायत को निस्तारित करने की कोई समय सीमा नहीं बता पा रही है। ऐसे में इस याचिका को विचाराधीन रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि उसके पास सभी दस्तावेजों के साथ ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल भी हैं।

### मोदी से मिले राहुल गांधी

- कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार शाम पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने पहुंचे। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति को लेकर यह मुलाकात हुई। इस मीटिंग के लिए सीजेआई संजीव खन्ना भी हैं।

जबलपुर गर्ल्स हॉस्टल में एमएमएस कांड

## आईआईआईटीडीएम की छात्रा की शर्मनाक हरकत




- बनाती थी नहाती लड़कियों के वीडियो
- बॉयफ्रेंड को भी भेजे न्यूड वीडियो

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में डुमना एयरपोर्ट रोड पर स्थित आईआईआईटीडीएम (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग) में एक सनसनीखेज एमएमएस कांड सामने आया है। आरोप है कि एक छात्रा ने हॉस्टल में नहाते हुए अन्य लड़कियों के न्यूड वीडियो बनाए और इन्हें दिल्ली स्थित अपने बॉयफ्रेंड को भेजे। जबलपुर के इस संस्थान की गिनती देश के नामचीन ट्रिपल आईटी संस्थानों में होती है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब एक लड़की को शक हुआ और उसने देखा कि बीटीईसीएच, सीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा वीडियो बना रही थी। उसने बताया कि जब वह हॉस्टल में नहा रही थी। उसी दौरान बाथरूम के ऊपर से उसे एक हाथ दिखाई दिया, देखा तो हाथ में एक डिवाइस था। उसने बाहर निकलकर देखा तो एक छात्रा डिवाइस से उसका वीडियो बना रही थी। इसके बाद बाकी हॉस्टल की लड़कियों ने आरोपी छात्रा को पकड़ लिया और उसे कॉलेज प्रबंधन के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी छात्रा ने कबूल किया कि वह पिछले दो साल से यह वीडियो बना रही थी और दिल्ली में मौजूद अपने बॉयफ्रेंड को वीडियो भेजने की बात कबूली है।

## मोहम्मद शमी को हत्या की धमकी

**अमरोहा।** कर्नाटक से लगातार दो दिन आए भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी को मेल में जान से मारने की धमकी दी गई है। मेल में कहा गया है कि एक करोड़ दो, नहीं तो जान से हाथ धो। शमी को ये धमकी एक करोड़ रुपए न देने के लिए मिली है। भारत के इस क्रिकेट खिलाड़ी को ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। यह बात सामने आते ही उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले की क्राइम ब्रांच की टीम जांच में जुट गई है। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने धमकी मिलने पर अमरोहा पुलिस को इस मामले के बारे में जानकारी दी।



- एक करोड़ दो, नहीं तो जान से हाथ धो
- कर्नाटक से लगातार भेजे ईमेल
- जांच में जुटी अमरोहा क्राइम ब्रांच

आरटीओ इंस्पेक्टर मर्डर केस

## आरोपी जंगल से गिरफ्तार, दिनभर चला सर्च ऑपरेशन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कोटा।** कोटा में आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बरवाल को ट्रेलर के नीचे कुचलकर मार डालने के आरोपी भागचंद गुर्जर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर की हत्या के विरोध में रविवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने काम का बहिष्कार कर दिया था। वे हत्या के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और खुद की सुरक्षा की मांग कर रहे थे। उसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश देना शुरू किया। लेकिन आरोपी जंगलों में छिपा हुआ मिला।

### जंगलों में छिप गया था आरोपी

- पुलिस के अनुसार इंस्पेक्टर की हत्या के आरोप में पकड़ा गया आरोपी भागचंद गुर्जर अजमेर के सरवाड़ का रहने वाला है। इंस्पेक्टर को मौत के घाट उतारने के बाद वह जंगलों में जाकर छिप गया था। उसकी तलाश में पुलिस की टीमों ने रविवार को कालियाखेड़ी, दोबला, शिवपुरा और नया गांव सहित कई गांवों के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया था। बाद में उसे जंगल से गिरफ्तार किया गया।

### आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- पुलिस से बचने के लिए भागदौड़ करते समय गिर जाने से आरोपी घायल हो गया था। लिहाजा गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। हत्या के शिकार हुए आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बरवाल (38) कोटा के पार्वतीपुरम इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने इस मामले में ट्रेलर चालक के खिलाफ हत्या और राजकार्य में बाधा सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### आरोपी की सुरक्षा का बंदोबस्त

- आरटीओ कर्मचारियों और लोगों के गुस्से को देखते हुए अस्पताल में सुरक्षा का बंदोबस्त किया गया है। मंडाना थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर नरेश बरवाल ने हाल ही में आरोपी भागचंद गुर्जर के ट्रेलर का चालान काट दिया था। इससे उसे गुस्सा आ गया और उसने शनिवार शाम को नरेश बरवाल को ट्रेलर से कुचलकर मार डाला था।

## बॉर्डर पर किसानों को खास हिदायत!

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान बॉर्डर पर हलचल बढ़ी हुई है। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए बॉर्डर इलाके के किसानों को खास हिदायतें दी जा रहीं है। वहीं श्रीगंगानगर जिले में हाल ही में बॉर्डर इलाके से पकड़े गए पाकिस्तानी रेंजर को पूछताछ के लिए हायर सेंटर ले जाया गया है। इस पाकिस्तानी रेंजर से अब तक हुई पूछताछ में क्या जानकारी सामने आई है, इसको लेकर बीएसएफ की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस पाक रेंजर को पूछताछ के लिए एक दिन पहले रविवार को दूसरे सेंटर ले जाया गया है। बीएसएफ की ओर से पकड़े गए इस पाक रेंजर का नाम ख्वाजा मीर अब्दुला बताया जा रहा है। वह पाकिस्तान के भवालपुर इलाके का रहने वाला है। इससे पहले पाकिस्तानी रेंजर्स ने पंजाब की सीमा के पास बीएसएफ के एक जवान पीके साहू को पकड़ लिया था। उसे अभी तक पाकिस्तान की तरफ से वापस नहीं लौटाया गया है।



### खेतों में जाने से किया मना

बीएसएफ का यह जवान किसानों की सुरक्षा के लिए वहां गया था। लेकिन वहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया था। इसके लिए दोनों देशों के रेंजर्स के बीच कई बार फ्लैग मीटिंग हो चुकी है। खबर के मुताबिक बॉर्डर एरिया में पंजाब सीमा पर हुई इस घटना के बाद अब यहां ऐहतियात के तौर पर इस इलाके के किसानों को कृषि कार्य के लिए सीमा के पास स्थित खेतों में जाने से मना कर दिया गया है। हालांकि इसको लेकर भी बीएसएफ और पुलिस प्रशासनिक हवाले से कोई बयान या आदेश जारी नहीं किया गया है। लेकिन ग्रामीणों से चर्चा में यह बात निकलकर सामने आ रही है।

## घूसखोर विधायक कोर्ट में पेश, दो दिन की रिमांड मंजूर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में रविवार को बड़ी हलचल मच गई, जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भारत आदिवासी पार्टी के बागीदौरा से विधायक जयकृष्ण पटेल को घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह पहली बार है, जब राज्य विधानसभा के किसी मौजूदा विधायक को एसीबी ने ट्रैप करके पकड़ा है। गिरफ्तारी के बाद सोमवार को जयकृष्ण पटेल को कोर्ट में पेश किया गया। जहां एसीबी ने चार दिन की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल दो दिन की रिमांड मंजूर की है। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद पटेल को 7 मई को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस मामले के बाद विधायक की विधानसभा सदस्यता पर भी सवाल उठने लगे हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्पष्ट किया कि सदस्यता पर निर्णय कोर्ट से सजा तय होने के बाद ही लिया जाएगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कर्मचारियों के लिए नियम अलग हैं और उन्हें ट्रैप होते ही 24 घंटे में निलंबित कर दिया जाता है।

### राजस्थान की राजनीति में भूचाल

- विधायक की गिरफ्तारी ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया है। विपक्षी दलों ने इस घटना को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं, जबकि एसीबी का कहना है

## मंदिर की पवित्रता भंग करने पर सियासत तेज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पुणे में एक मंदिर की पवित्रता भंग करने पर जिले में बवाल चरम पर है। इस मामले में सियासत भी तेज है। इधर, भाजपा ने नरम रुख के लिए एनसीपी एसपी सांसद सुप्रिया सुले पर जमकर निशाना साधा है। मामले में पुलिस ने पहले कहा था कि पौड़ गांव में मूर्ति का अपमान करने के आरोप में 44 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और उसके 16 वर्षीय बेटे को हिरासत में लिया गया है। रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में एनसीपी (एसपी) नेता और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने सरकार से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'पौड़ गांव में अन्नपूर्णा देवी मंदिर में एक युवक ने अनुचित कृत्य किया है। यह घटना बेहद घृणित और क्रोध पैदा करने वाली है। कोई भी संवेदनशील व्यक्ति इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं कर सकता।' सुप्रिया सुले ने कहा, 'मैं सरकार से उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करती हूं।

भाजपा ने नरम रुख पर सुप्रिया सुले को खूब सुनाया



### शिवसेना सांसद की कार्रवाई की मांग

मावल से शिवसेना सांसद श्रीरंग बारणे ने भी इस अपवित्रीकरण को हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर किया गया कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा, 'हम अपने धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह सिर्फ एक अस्थिर व्यक्ति का कृत्य नहीं है, बल्कि भड़काने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है।

### भाजपा का सुप्रिया सुले पर निशाना

एमएलसी चित्रा वाघ ने आरोपियों का नाम न बताने के लिए सुप्रिया सुले पर हमला किया। चित्रा वाघ ने सुप्रिया पर तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त होने और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अक्सर दिखाई जाने वाली संवेदनशीलता नहीं दिखाने का आरोप लगाया।

## पाक राष्ट्रपति से मिले चीनी राजदूत



**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच चीन के राजदूत जियांग जेदोंग ने सोमवार को पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान के लिए समर्थन दोहराया। जेदोंग ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए पाकिस्तान का समर्थन करता रहेगा।

### पाक में एक और मिसाइल का परीक्षण

- **इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक और बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने का दावा किया है। गौरतलब है कि हाल ही में पाकिस्तान ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल अब्दाली का भी परीक्षण करने का दावा किया था। पाकिस्तान के दावे के अनुसार उन्होंने सतह से सतह पर मार करने वाली फतह सीरीज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस मिसाइल की रेंज 120 किलोमीटर है।

### हाफिज सईद के बेटे तल्हा का दर्द

पहलगाम में आतंकी घटना के बाद से ही पाकिस्तान के आतंकवादियों में हड़कंप मचा है। इस बीच हाफिज सईद के बेटे तल्हा ने लाहौर में में कहा कि मेरे पिता भारत की रडार पर हैं। भारत की सरकार रोज-रोज उनके खिलाफ अभियान छेड़ती है लेकिन उनका कुछ नहीं हो सकता है। हाफिज सईद अभी सेफ हैं और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। भारत में मेरे पिता को निशाना बनाया जाता है। उन्हें दशहतगर्दी बताया जाता है। उनके खिलाफ झूठे केस लगाए जाते हैं, फिर भी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में जो हमले हुए हैं, उनमें जानबूझकर मेरे पिता का नाम घसीटा जा रहा है।

